CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्विबिन्दु वर्गीकरण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्विबिन्दु वर्गीकरण

['Colon Classification' का अद्यावत्
सुधार के साथ सुलभ विवरण]

लेखक
द० ब० माडीवाले
एम.ए., डिप.लिब्.

भूमिका
पद्मश्री डा० शि० रा० रंगनाथन्

प्रस्तावना
र० श० पारखी

मू. ने.रू. 2001-

1965

आत्माराम एण्ड संस, दिल्ली-6

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

DVIBINDU VARGIKARAN

by

D. B. Madiwale

Hindi elucidation of

Colon Classification

First Edition, 1965

COPYRIGHT © 1965 ATMA RAM & SONS, DELHI-6.

2:51नै3 2:51N3

152मंटे5 152qK5

प्रकाशक

रामलाल पुरी, संचालक

आत्माराम एण्ड संस

कश्मीरी गेट, दिल्ली-6

शाखाएँ

हौज़ खास, नई दिल्ली

विश्वविद्यालय क्षेत्र, चण्डीगढ़

17, अशोक मार्ग, हज़रत गंज, लखनऊ।

चौड़ा रास्ता, जयपुर

ATMARAM & SONS * 17, Ashok Marg, LUCKNOW *

Revised Price Rs. 21.5/-

~~मूल्य~~

SANSKRIT UNIVERSITY

Acc: 29696

मुद्रक :

पुरी प्रिन्टर्स

करोलबाग, नई दिल्ली-5

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मेरे परमपूज्य पिताजी

स्वर्गीय ती० भाऊ

के

चरणों में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Foreword

1 My friend and well-known Indian librarian Shri R. S Parkhi has written to me about the devotion of Shri D. B. Madiwale to library science and service and about his special interest in library classification.

2 This devotion and interest are evidenced by the trouble that Shri Madiwale has taken to give a Hindi version of the *Colon Classification*.

3 Shri Parkhi was himself the first person to give a version of *Colon Classification* in any Indian language. This is his well-known Marathi version. He struck new ground in writing this version. I learn that it has been of immense use to the librarians in Maharashtra.

4 Shri Madiwale is now rendering a similar service to the librarians in the Hindi-speaking area of our Motherland. He has made a good study of the Colon Classification and its working. He has also applied it with great care in a school library and in a college library. He has thus gained considerable experience in the use of the scheme.

5 It is really generous of him to present all his experiences in the Hindi language for the benefit of his colleagues in the profession in the Hindi area.

6 Shri Madiwale informs me that Shri Parkhi has gone through the Hindi version and satisfied himself with the accuracy of the version.

7 In his introduction to this book, Shri Parkhi introduces Shri Madiwale to his audience. I agree with Shri Parkhi that this book will be of considerable use not only to librarians who have to classify books in the libraries but also to the teachers and students of library classification.

S R RANGANATHAN

Documentation Research
and Training Centre,
BANGALORE-3.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Foreword

1 My friend and well-known Indian librarian Shri R. S. Parkhi has written to me about the devotion of Shri D. B. Madiwale to library science and service and about his special interest in library classification.

2 This devotion and interest are evidenced by the trouble that Shri Madiwale has taken to give a Hindi version of the *Colon Classification*.

3 Shri Parkhi was himself the first person to give a version of *Colon Classification* in any Indian language. This is his well-known Marathi version. He struck new ground in writing this version. I learn that it has been of immense use to the librarians in Maharashtra.

4 Shri Madiwale is now rendering a similar service to the librarians in the Hindi-speaking area of our Motherland. He has made a good study of the Colon Classification and its working. He has also applied it with great care in a school library and in a college library. He has thus gained considerable experience in the use of the scheme.

5 It is really generous of him to present all his experiences in the Hindi language for the benefit of his colleagues in the profession in the Hindi area.

6 Shri Madiwale informs me that Shri Parkhi has gone through the Hindi version and satisfied himself with the accuracy of the version.

7 In his introduction to this book, Shri Parkhi introduces Shri Madiwale to his audience. I agree with Shri Parkhi that this book will be of considerable use not only to librarians who have to classify books in the libraries but also to the teachers and students of library classification.

S R RANGANATHAN

Documentation Research
and Training Centre,
BANGALORE-3.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Introduction

1 Trends in library classification

There is a close relation between the trends of the development of the field of knowledge and that of the classification of books in libraries. It is the rapid and constant multi-dimensional development of the field of knowledge that is responsible for the great revolution that has taken place in the method of arrangement of the resources in our libraries. The tradition of the changes in the trends of knowledge and classification is ever going on from century to century. The schemes of classification considered as quite adequate and useful in one century are ultimately found to be definitely inadequate in another century. The growth of literature and the increase in its use necessitates efficient arrangement of books in the shelves and hence librarians are always engaged in finding out ways and means to achieve the same; as they want to make their arrangement more and more effective and satisfactory to their clientele.

2 Interpolation of new subjects in DC

Revisions and expansions in the schedules of classes of different standard schemes of classification have been made and are being made by the authors and editors of these schemes as and when found necessary. In a way, all these efforts contribute to the advancement of the science of classification. The first definite improvement made in the mode of notation was that of adopting decimal fraction notation by Dr. Melvil Dewey for his Scheme of Classification to facilitate interpolation of new subjects as and when required. This facility of interpolation is able to provide helpful place for new subordinate subjects; thus forming a chain of modulated sub-classes of decreasing extention. This process is designated by Dr. Ranganathan as Denudation.

3 Advent of Colon Classification

The problem is how to provide for new coordinate classes; multifaceted classes, multi-phased classes and altogether new main

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

classes. These problems could not be satisfactorily solved by any of the existing standard schemes of clasification in vogue. These schemes being more or less enumerative schemes *i. e.* schemes providing readymade class numbers for the past and currently known subjects, they could not properly provide for any possible development of knowledge and hence whatever new revisions and additions in their schedules have been made so far, are more or less arbitrary *i. e.* they are not backed by any well thought out method having some prescribed rules. It was, therefore, necessary to devise altogether a new scheme of classification which can efficiently cope with the constant development in the field of knowledge. It was with this aim in view that Dr Ranganathan laboured hard and devised his ingenious *Colon Classification* in 1924 and has prepared its frame-work like a Meccano Apparatus for constructing expressive class numbers for subjects of any depth. He has, so to say, devised an analytico-synthetic scheme of classification in which class numbers have to be constructed according to the prescribed formulae and rules with the help of the schedules of fundamental constituent terms. This is altogether a departure from the existing enumerative standard schemes of classification.

4 Epochmaking Contribution of Dr Ranganathan

This Scheme has been acclaimed as an epochmaking contribution of Dr Ranganathan. It is very strong in classifying Indian literature and Indology *i. e.* subjects like Ayurveda, Indian literature, Indian linguistics, Vedic religion, Jainism, Buddhism and Indian Philosophy, Geography, History, Economics and Law. It, therefore, deserves to be acknowledged as the National Scheme of Classification for India; and as such it requires to be translated in all the languages and adopted in all types of libraries in the country. Then and then alone the exceptional qualities with which it is equipped by its author will be easily understood by a number of the members of the library profession in India; and ultimately this will result in its wide use and popularity.

5 Devotion and keenness of Shri Madiwale

Shri D. B. Madiwale has been studying and practising this Scheme with great devotion and keenness since the year 1959 when he obtained his Diploma in Library Science of the Univer-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

sity of Poona. During the year of his training he had the opportunity of studying the Canons of Classification enunciated by Dr Ranganathan and of having a comparative study of the Decimal Classification and the Colon Classification. He has classified according to the Colon Scheme a school library and has been practising it in the Library of Lady Shri Ram College for Women, New Delhi, since the year 1960. He is now convinced about the exceptional qualities of the Scheme and its undoubted suitability for adoption in any library in India.

6 New features of C C included in this book

This book of Shri Madiwale is a simple elucidation in Hindi of this important Scheme. A book of this type was long awaited. Hindi being the national language of Bharat, this book will be found useful by a large number of libraries in India. The author of this book has read the latest books and articles on the Scheme and has incorporated most of the new features introduced in it by its author. He has used the latest conversion table of Devanagari letters for the main classes and in other schedules. The book includes readymade class numbers for about 500 subjects; and adequate technical information for constructing class numbers.

7 Usefulness of this book

This book deserves to be prescribed as a text-book for certificate courses in Library Science of the various library associations in India. The teachers and students of these courses will find it useful for their own purpose. I am sure, it will have a very wide circulation and thus it will serve the purpose of making this outstanding Scheme, popular in the various libraries and the professional circles in India.

—R S PARKHI

759/13 Deccan Gymkhana,
Poona-4

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लेखक की ओर से

आज के युग में ग्रंथपालन एक शास्त्र बन गया है। और वर्गीकरण इस शास्त्र का एक प्रमुख अंग है। प्रचलित वर्गीकरण प्रणालियों से यह स्पष्ट है कि हर प्रणालीकार अपनी प्रणाली अधिकाधिक शास्त्रीय बनाने की चेष्टा कर रहा है।

डा० रंगनाथन् की द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली बहुअंशी शास्त्रशुद्ध विभाजन संयोजनक्षम (Analytico-synthetic) प्रणाली है। उसे और शास्त्रीय बनाने के लिए आप अहर्निश प्रयत्नशील हैं एवं उसमें आवश्यक संशोधन करने से आप हिचकिचाते नहीं। ये यथाकाल होने वाले परिवर्तन देखकर कुछ माने हुए पुस्तकाध्यक्ष भी इस प्रणाली पर आक्षेप करते हैं कि यह नित्य बदलती रहती है।

परन्तु वास्तव में देखा जाय तो आज ज्ञान का विकास इतनी द्रुतगति से हो रहा है कि उसके वर्गीकरण के लिए तथा समस्त ज्ञानशाखोपशाखाओं को वर्गों की क्षमता अपनी प्रणाली में लाने के लिए हर प्रणालीकार को उसमें संशोधन करना पड़ रहा है। इस प्रकार प्रणाली को अधिक से अधिक शास्त्रीय एवं सक्षम नहीं बनाएंगे तो शीघ्र ही वह निरर्थक हो जायगी। बहुत पुरानी दशमलव वर्गीकरण प्रणाली को भी अपना नया १६ वां संस्करण बहुत कुछ सुधार के साथ प्रकाशित करना पड़ा है। अतः यह आक्षेप कि द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली नित्य बदलती रहती है, व्यर्थ है। इससे प्रणाली की अधिक शास्त्रशुद्धता ही स्पष्ट होती है।

एक अन्य आक्षेप यह है कि यह प्रणाली समझने में कठिन है। परिगणनात्मक (Enumerative) प्रणाली से विभाजन संयोजनक्षम वर्गीकरण प्रणाली आज अधिक श्रेष्ठ मानी गयी है। इस प्रकार की प्रणाली में संख्या, वर्ण, संयोगचिन्ह इत्यादि मिश्रित संकेत चिन्ह (notation) होते हैं जिनसे किसी भी ज्ञान विषय को सांकेतिक भाषा में परिवर्तन करना संभव होता है। ज्ञान विषय बहुअंगी (Multiphased) बहुमुखी (Multifaceted), अनेक स्तर (Levels) या आवर्तन (Rounds) का या और किसी भी प्रकार का हो, उसको यथोचित वर्गांक परिगणनात्मक प्रणाली से नहीं बल्कि इस प्रणाली से दे सकते हैं। ज्ञानसमुद्र अथाह है तथा दिन प्रतिदिन वह और विस्तृत हो रहा है। अतः यह स्वाभाविक है कि ऐसे बड़े ज्ञान भंडार की शाखोपशाखाओं का शास्त्रीय वर्गीकरण द्विबिंदु जैसी विभाजन संयोजनक्षम प्रणाली ही कर सकती है। केवल इसके लिए उसका विशेष तकनीकी ज्ञान आवश्यक है जिसका पुस्तकाध्यक्ष को अभ्यस्त होना चाहिए। जो यह ज्ञान प्राप्त करना नहीं चाहते वे ही घबड़ाकर कहते हैं कि प्रणाली समझने में कठिन है और उससे दूर रहते हैं।

मैं तो कहूंगा कि जिस प्रणाली की सर्वाधिक शास्त्रशुद्धता पाश्चात्य विद्वान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुस्तकाध्यक्षों ने भी मानी है, उस भारतीय प्रणाली को—द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली को—अंगीकार करने में हमें गर्व होना चाहिए ।

प्रस्तुत पुस्तक में इस प्रणाली के तकनीकी ज्ञान का विवरण हिन्दी में करने की चेष्टा इसी भावना से की गयी है कि अधिकतर पुस्तकालय प्रेमी पाठक, पुस्तकालय-शास्त्र के छात्र तथा पुस्तकाध्यक्ष इसे सुगमता से समझ सकें ।

यहां एक स्पष्टीकरण आवश्यक है । पुस्तकालयशास्त्र में 'Number' शब्द का हिन्दी अनुवाद सामान्यत: 'संख्या' किया जाता है । इस शास्त्र की अनेक हिन्दी पुस्तकों में इसी शब्द का प्रयोग किया गया है, जैसे कि वर्गसंख्या, पुस्तकसंख्या इत्यादि । परन्तु हमारे मत से 'संख्या' शब्द संभ्रम पैदा करने वाला है । 'पुस्तक संख्या' का अर्थ 'Book Number' होता है उसी प्रकार 'Number of books' भी हो सकता है । अत: प्रस्तुत पुस्तक में 'Number' के लिए सर्वत्र तकनीकी शब्द 'अंक' का प्रयोग किया गया है, जैसे कि वर्गांक, ग्रंथांक इत्यादि । माननीय श्री र. श. पारखीजी ने अपनी मराठी पुस्तक में इसी शब्द का प्रयोग किया है क्योंकि वह सांकेतिक चिन्ह का सूचक है ।

डा. रंगनाथन ने हमारी विनती पर इस पुस्तक के लिए सहर्ष Foreword लिखकर भेजने की महती कृपा की है । साथ ही कई बहुमूल्य सुझाव देकर आपने हमारा मार्गदर्शन किया है । मैं आपका सदैव ऋणी रहूंगा ।

इसी प्रकार श्री पारखीजी ने मेरी चिट्ठी मिलते ही अपनी मराठी पुस्तक पर आधारित यह पुस्तक लिखने की अनुमति बड़ी प्रसन्नता से दी । इतना ही नहीं अपितु पाण्डुलिपि पूरी होते ही मुझे पूना बुलाया और रोज आठ-आठ, दस-दस घंटे बैठकर संपूर्ण पाण्डुलिपि पढ़ी तथा इसमें आवश्यक सुधार किये । लगातार आठ दिन तक यह कार्य करते रहे । साथ ही पुस्तक के लिए प्रस्तावना (Introduction) भी लिखकर दी । इस आयु में आपका यह उत्साह देखकर हम शर्मिन्दा हो जाते हैं । आपकी प्रेरणा हमें नित्य मार्ग दिखाती रही है । आपका ऋण मैं कभी नहीं चुका सकूंगा ।

पुस्तक में जिन तकनीकी शब्दों का प्रयोग किया गया है वे सब शब्द श्री उमेश दत्त जी शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय, के साथ बैठकर निश्चित किये गये हैं । डा. रंगनाथन् के 'Elements of Library Classification' के हिन्दी अनुवाद में आपने इन्हीं तकनीकी शब्दों का प्रयोग किया है । आपका यह अनुवाद कार्य अभी तक चालू है । आपकी सहायता के लिए मैं आपका अत्यन्त आभारी हूं । इसकी भाषा शुद्धता में नेशनल इन्स्टिट्यूट आफ साइंसेस के श्री एन. सी. वशिष्ठ जी ने हमारी सहायता की है । अपना स्वास्थ्य ठीक न होते हुए भी आपने यह कार्य बहुत शीघ्र पूरा किया । आपका मैं बहुत ऋणी हूं । अपने मित्र श्री ओमप्रकाश जी का भी आभारी हूं जिन्होंने पुस्तक की वर्णानुक्रम सूची बनाने का कार्य किया है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसी प्रकार पुस्तक के प्रकाशन के लिए मैसर्स आत्माराम एण्ड संस के श्री रामलाल जी पुरी का मैं आभारी हूं।

मैं यह आशा करता हूं कि मेरा यह प्रयत्न पाठकों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा और अन्त में उनसे मैं प्रार्थना करता हूं कि वे इस पुस्तक के सुधार के लिए अपने सुझाव भेजने की कृपा करें।

जुलाई, 1965
लेडी श्रीराम कालेज फार विमेन
नई दिल्ली-14

—द. ब. माडीवाले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषय-सूची

Foreword—*Dr. S.R. Ranganathan* vii
Introduction—*Shri R. S. Parkhi* ix
लेखक की ओर से xiii
विषय सूची xvii
शुद्धि पत्र xxiii
अ डा० रंगनाथन् का अल्प परिचय 1—5
1 भारतीयों का गर्वस्थान 1
2 संक्षिप्त पूर्ववृत्त 1
3 अध्यापन कार्य 2
4 वर्गीकरण प्रणालियों का सूक्ष्म अध्ययन 2
5 पुस्तकालय क्षेत्र में कार्य 4
6 सम्मान 5
इ प्रचलित विविध वर्गीकरण प्रणालियाँ 6—12
(Current Schemes of Classification)
1 ग्रंथों का वर्गीकरण शास्त्रीय पद्धति से करना आवश्यक 6
2 ग्रथों का वर्गीकरण वास्तव में ज्ञान के वर्गीकरण पर आधारित 6
3 प्रमुख चार वर्गीकरण प्रणालियों का संक्षिप्त विवरण 7
31 डा० ड्युई की दशमलव वर्गीकरण प्रणाली 7
32 यूनिवर्सल दशमलव वर्गीकरण प्रणाली 9
33 द्विबिंदु वर्गीकरण प्रणाली 10
34 ग्रंथविवरणात्मक वर्गीकरण प्रणाली 10
4 दिन ब दिन सूक्ष्म वर्गीकरण की आवश्यकता 11
41 सूक्ष्म वर्गीकरण की दृष्टि से द्विबिन्दु वर्गीकरण श्रेष्ठ 12
उ द्विबिंदु वर्गीकरण प्रणाली की विशेषताएँ 13—18
1 परिगणनात्मक वर्गीकरण प्रणालियों से ग्रंथों का वर्गीकरण करने में कठिनाई 13
2 द्विबिंदु वर्गीकरण प्रणाली की बच्चों के खिलौना उपकरण संग्रह से तुलना 13
3 विभाजन संयोजनक्षम वर्गीकरण पद्धति 13
4 पृथक्करण क्रिया (Act of Dissection) 14

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

5 छेदन क्रिया (Act of Denudation) 14
6 स्तरण क्रिया (Act of Lamination) 15
7 स्फुट विषय संघात क्रिया (Act of Loose Assemblage) 16
8 सूक्ष्मत्वशीलता 16
81 विषय केन्द्रबिंदु तथा उन्हें सूक्ष्म करने की व्यवस्था 16
82 सूक्ष्म वर्गीकरण पर ग्रंथ 16
9 भारतीयता 17

क प्राप्ति अंक (Call Number) 19—20
1 पाठकों को किताबों की प्राप्ति अविलंब होना आवश्यक 19
11 प्राप्ति अंक की योजना 19
2 प्राप्ति अंक से किताब का स्थान क्रम निश्चित 19
3 प्रत्येक ग्रंथ का स्थान क्रम अलग 19
4 प्राप्ति अंक के भाग 20
5 प्राप्ति अंक लिखने की पद्धति 20
51 किताब के ऊपर तथा नामपृष्ठ के पीछे 20
52 सूचीपत्रादि अन्य स्थान पर 20

कि वर्गांक (Call Number) 21—25
1 वर्गांक और वर्गीकरण की भाषा 21
2 ग्रथों के वर्गीकरण का भावार्थ 21
3 वर्गीकरण में क्रमदर्शक अंकों का प्रयोग 22
4 द्विबिंदु वर्गीकरण प्रणाली में समाविष्ट कुल बोधांक (Digits) 24
5 वर्गांक बनाने की पंचपदी 25

कु ग्रंथांक (Book Number) 26
1 ग्रथांक की आवश्यकता 26
2 दशमलव वर्गीकरण प्रणाली में ग्रंथांक की व्यवस्था 26
3 ग्रंथांक के लिए बाह्यांग की दृष्टि से एक मुख परिसूत्र 26
4 ग्रंथांक के मुखों का क्रमशः विवेचन 28
41 भाषा मुख (Language Facet) 29
42 विवरण प्रकार मुख (Form Facet) 32
43 वर्ष मुख (Year Facet) 32
44 ग्रन्थ समावेश क्रम (Accession Part of Book Number)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

45 खण्डमुख (Volume Facet)	
46 परिशिष्ट मुख (Supplement Facet)	36
47 मूल्यांकन मुख (Evaluation Facet)	36
48 मूल्यांकन ग्रंथ समावेश क्रम (Accession part of the Evaluation Number Facet)	37
491 संस्करण मुख (Edition Facet)	37
के संग्रहांक (Collection Number)	39—41
1 संग्रह विशेष दिखाने की आवश्यकता	39
2 संग्रह विशेष चिह्न	39
च मुख्य वर्ग (Main Classes)	42—49
1 मुख्य वर्गों के चार प्रमुख मंडल (Zones)	42
11 प्रथम मंडल (First Zones)	43
111 प्रकीर्ण उपगम मुख्य वर्ग (Generalia Approach Main Classes)	43
112 प्रकीर्ण मुख्य वर्ग (Generalia Main Classes)	44
12 द्वितीय मंडल (Second Zone)	45
13 तृतीय मंडल (Third Zone)—यथार्थ मुख्य वर्ग	
14 चतुर्थ मंडल (Fourth Zone)	49
ट पांच मूलभूत प्रकार के मुख	50—58
(Facets of Five Fundamental Categories)	
11 व्यक्तित्व मुख	51
12 पदार्थ या वस्तु मुख (Matter and Material Facet)	53
13 ऊर्जा या क्रिया मुख (Energy Facet)	54
14 स्थान मुख (Space Facet)	55
15 काल मुख (Time Facet)	55
2 पांचों मुखों का संयोग चिह्नों के साथ क्रम	56
3 विषय अभिव्यक्ति के आवर्तन तथा स्तर	59
(Rounds and Levels of Manifestation)	
त सामान्य पृथक् संज्ञाएं (Common Isolates)	59—81
01 व्याख्या	59
1 आवश्यकता	60

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

2 प्रयोजन
3 प्रकार 60
4 'पूर्ववर्ती' तथा 'परवर्ती' का भावार्थ 61
5 सामान्य पृथक् संज्ञाओं के प्रकारों का क्रमशः विवेचन 61
ति कालपृथक् संज्ञाएं (Time Isolates) 82—90
1 पांच मुख में से एक मुख 82
2 प्रकार 82
21 सर्व सामान्य कालपृथक् संज्ञाएं (Public Time Isolates) 82
22 विशिष्ट कालपृथक् संज्ञाएं (Featured Time Isolates) 86
3 वर्गांक में भूत और भविष्यत् का निर्देश 87
तु स्थानपृथक् संज्ञाएं (Space Isolates) 91—114
1 कुछ मुख्य वर्गों में व्यक्तित्व मुख के लिए स्थान पृथक् संज्ञाएं 91
2 अन्यथा स्थान पृथक् संज्ञाओं का प्रयोग स्थान मुख के नियमानुसार 92
3 स्थान पृथक् संज्ञाओं के मंडल (Zones) 92
31 राजकीय भूमिखंड (Political Divisions) 93
32 जनसंख्यानुसार भूमिखंड (Population Clusters) 111
33 दिशामानानुसार भूमिखंड (Orientation Divisions) 112
34 प्राकृतिक भूमिखंड (Physiographical Features) 113
न भाषापृथक् संज्ञाएं (Language Isolates) 115—119
1 आवश्यकता 115
2 तीन प्रमुख भाषाकुल 115
3 शेष भाषाएं 116
31 कृत्रिम भाषाएं 116
4 भाषा पृथक् संज्ञाओं का वर्गांक में प्रयोग 116
5 भाषा पृथक् संज्ञाओं की तालिका 117
प स्मृति सहायक (Mnemonics) 120—136
1 वर्गकार को योजना विधियों का ज्ञान आवश्यक 120

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

2 प्रमुख योजना विधियां (Devices) तथा तत्त्व (Principles) 120

21 विकासक्रम योजना तत्त्व (Later-in-Evolution Principle) 121

22 अंगीकृत श्रेणी योजना तत्त्व (Favoured Category Principle) 123

23 भूमिखण्ड योजना विधि (Geographical Device) 123

24 कालक्रम योजना विधि (Chronological Device) 124

25 विषय योजना विधि (Subject Device) 124

26 स्मृति सहायक योजना विधि (Mnemonic Device) 126

27 अध्यारोपण योजना विधि (Superimposition Device) 131

28 वर्णक्रम योजना विधि (Alphabetical Device) 132

291 खण्ड योजना विधि (Sector Device) 132

2911 उपान्त्य खंड (Penaltimate Sector) 134

2912 अन्त्य खंड (Last Sector) 136

3 योजना विधियों का अध्ययन एवं मनन आवश्यक 136

य विषयांग सम्बन्ध (Phase Relations) 137—149

1 आवश्यकता 137

2 विषयांग सम्बन्धों के प्रकार 138

21 अन्तर् वर्ग विषयांग सम्बन्ध (Inter Class Phase Relation) 139

211 सामान्य (General) 139

212 दृष्टिकोण (Bias) 140

213 तुलना (Comparison) 140

214 भेद (Difference) 141

215 प्रभाव (Influence) 141

22 अन्तर् मुख विषयांग सम्बन्ध (Intra Facet Phase Relation) 142

221 से 225 उपरोक्त पांच प्रकार 142—144

23 अन्तर् पंक्ति विषयांग संबंध (Inter Array Phase Relation) 145

231 से 235 उपरोक्त पांच प्रकार 145—48

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

3 विषयांग संबंधों की तालिका 149

र आद्य ग्रंथ (Classic) 150

01 व्याख्या 150

1 स्वरूप 150

2 प्रतिभास वर्ग (Quasi Class) 150

3 आद्य ग्रंथकार (Classic Author) 151

4 आद्य ग्रंथ व्यवस्था विधि (Classic Device) 151

5 आद्य ग्रंथों के एक समूह का उदाहरण 152

ल प्रकीर्ण ग्रंथ (Generalia) 155—165

1 प्रकीर्ण ग्रंथों के प्रकार 155

11 प्रकीर्ण उपगम मुख्य मुख्य वर्गों के वर्गांक 155

111 प्रकीर्ण ग्रंथ सूची (Generalia Bibliography) 155

112 प्रकीर्ण ज्ञानकोश (General Encyclopaedia) 159

113 प्रकीर्ण नियतकालिक पत्र-पत्रिकाएँ (General) Periodical) 161

114 प्रकीर्ण अब्दकोष (General Year Book) 161

115 प्रकीर्ण चरित्र (General Biographies) 162

1151 प्रकीर्ण व्यक्तिगत चरित्र (General Individual Biographies) 163

1152 प्रकीर्ण आत्मचरित्र (General Autobiographies) 163

116 प्रकीर्ण लेख या ग्रंथ संग्रह (General Collections) 164

1161 प्रकीर्ण व्यक्तिगत लेख या ग्रंथ संग्रह (General Collections of Individual Works or Articles) 164

12 प्रकीर्ण मुख्य वर्गों के वर्गांक 165

व तैयार वर्गांक (मुख्य परिसूत्रों तथा नियमों के साथ) 166

परिशिष्ट—पारिभाषिक कोश 239

संदर्भ ग्रंथ सूची 242

वर्णानुक्रम सूची 243

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुद्धिपत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
2	10	लेने वाली	लेने वाले
5	6	1952	1962
5	12	अनके	अनेक
5	26	गत वर्ष	1962 में
5	28	किया है।	करने को सोचा है।
7	19	1859	1851
9	11	1956-57 में	1958 में
10	20	330 (41) "196"	330 (42) "1960"
20	22	लेंटे 7	लेंटे 2
24	30	O←—→)···	)←—→O···
24	31	Z के पश्चात् (समाविष्ट है	
25	1	O←—→)···	)←—→O···
25	1	तें	लें
29	6	जरूरर	जरूरत
29	15	पि16,2क40,1:चं	पि15,2क40,1:चं
37	4	मल्यांकन	मूल्यांकन
41	10	पितुंतु93	पि—तुंतु93
43	16	तु	तुं
55	10	T.2.73	T:2.73
56	22	,	‘
62	23	लं	लिं
63	10	लें (स्था),	लें[स्था],[का]
63	10	x[S],	x[S],[T]
63	13	[का]तथा[T] छोड़कर पढ़ना	
68	27	163 चारत्रकोश	5163 चरित्रकोश
71	24	पु	पुं
79	13	T2:3f2.2	T2:3f2.2
79	18	M:143f3.2	M143:f3.2
79	27	पु1:रुं2	पु1:रुं.2

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
80	30	रु8.2,कु	रु8.2,कुं
81	1	X8(J):2.2.*f*3	X8(J):2.2*f*3
81	6	त2,वि	त.2,विं
87	16	नेG	ने60
111	30	2.225.ब 2.225.B	2.252.ब 2.252.B
112	4	3.56.L	2.56.L
112	27	ले.29.मु X.29S	ले.2.9मु X.2.9S
117	1	(अधोरेखित अंक) छोड़कर पढ़ना	
148	10	X.5160*w*7	X:5160*w*7
148	28	रि	ल
148	31	रे	ले
150	24	प्रतियाँ	प्रतियों
155	4	अध्याय च	अध्याय च में
157	28	*a*12-3155	*a*12-315,5
160	28	टॅ 73,ने2	टॅ73,ने22
208	7	पुर 1	पुरु 1
208	10	पुर 3	पुरु 3
208	13	पुर 6	पुरु 6
224	2	ल2च,टि1	ल2च,टि2

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अ

डा० रंगनाथन् का अल्प परिचय

1 भारतीयों का गर्वस्थान

पुस्तकालय क्षेत्र में डा. रंगनाथन् का कार्य अखिल विश्व में ख्यातिपूर्ण है। संसार में इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी व्यक्ति आपको भली प्रकार जानते हैं। संसार के लिए तो आप सम्मानपात्र हैं ही, किन्तु आप भारतीय हैं, भारत में पैदा हुए हैं, इससे हम भारतवासियों को विशेष आनन्द तथा गर्व होता है। आपकी सौजन्यशील कृश मूर्ति देखते ही आपका बौद्धिक तेज परिलक्षित होता है।

11 भारतीय पुस्तकालय आन्दोलन के जनक

भारत आपका सम्मान करता है और करता रहेगा, इसका एक और भी कारण है। भारत में तेजी से पुस्तकालय आन्दोलन शुरू करने का महान् कार्य आपने ही प्रथम हाथ में लिया और आज तक आप उसे सफलता से करते आ रहे हैं। इसीलिए आप 'भारतीय पुस्तकालय आन्दोलन के जनक' (Father of Library Movement in India) कहलाते हैं। 1925 से आज तक किया हुआ आपका महान् कार्य देखकर प्रत्येक भारतीय व्यवसाय वन्धु आपका सम्मान करता है।

2 संक्षिप्त पूर्ववृत्त

आपका जन्म मद्रास राज्य के तंजौर जिले के शियाली नामक गाँव में दिनांक 9 अगस्त 1892 को हुआ। 1908 तक शियाली के हिंदू हाई स्कूल में आप की माध्यमिक शिक्षा पूर्ण हुई। उच्च महाविद्यालय की शिक्षा के लिए आप 1909 में मद्रास आये और क्रिश्चियन कालिज में दाखिल हुए। बी. ए. में 'अंग्रेजी साहित्य' विषय लेकर आप प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आपका संस्कृत साहित्य का अध्ययन भी असाधारण था। संस्कृत में आप उत्कृष्ट निबन्ध भी लिखते थे। एम. ए. में आपने गणित विषय लेकर 1916 में उच्च श्रेणी प्राप्त की। गणित, संस्कृत तथा अंग्रेजी इन तीन विषयों में आपका अधिकार वस्तुतः अतुलनीय है। तदुपरान्त 1917 में आपने अध्यापन शास्त्र की एल. टी. परीक्षा भी पास की।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

3 अध्यापन कार्य

तत्पश्चात् आपने मद्रास सरकार के शिक्षा विभाग में गणित में प्राध्यापक की हैसियत से अध्यापन कार्य शुरू किया और मद्रास के गवर्नमेंट कालेज में 1920 तक आप अध्यापन कार्य करते रहे।

31 कुशल प्राध्यापक

डा. रंगनाथन् एक आदर्श प्राध्यापक थे। आप जव गणित पढ़ाते थे, तव छात्रों में गणित विषय के प्रति बड़ी अरुचि थी। छात्र उस विषय पर ध्यान भी नहीं देते थे। इसीलिए आप ने गणित विषय की अनेक किताबें मँगवायीं। छात्रों को गणित विषय का महत्त्व भी आपने कुशलता से समझाया। आखिर परिणाम यह हुआ की महाविद्यालय में गणित विषय लेनेवाली छात्रों की संख्या वढ़ने लगी। कई एक छात्रों को इस विषय में उच्च श्रेणी भी प्राप्त हुई। यह देखकर शिक्षा विभाग प्रमुख ने आपको वड़ी खुशी से वधाई दी।

32 पुस्तकालय शास्त्र का अध्यापन

पुस्तकालय शास्त्र का अध्यापन भी आप इसी आदर्श पद्धति से करते थे। इंग्लैंड में आपने देखा था कि पुस्तकालय शास्त्र की शिक्षा कम दर्जे की मानी जाती थी। क्योंकि अध्यापक स्वयं विषयों का सूक्ष्म अध्ययन नहीं करते थे और छात्रों को वे विषय अच्छी तरह समझ में नहीं आते थे। आप कहते हैं कि पुस्तकाध्यक्ष पुस्तकालय में पाठकों को स्वतन्त्रतापूर्वक ज्ञानार्जन करने के लिए तथा उसे वढ़ाने के लिये अनेक प्रकार के संदर्भ साधनों का प्रयोग करता है, ग्रन्थों की व्यवस्था शास्त्रीय पद्धति से करता है, तथा हमेशा पाठकों को विविध प्रकार की सहायता देने के लिए तत्पर रहता है। पुस्तकाध्यक्ष का यह कार्य वर्ग में किए हुए अध्ययन से कई गुणा मूल्यवान है। वर्ग में पढ़ा हुआ ज्ञान परावलम्वी होता है और पुस्तकालय में ग्रन्थों के साथ प्राप्त हुआ ज्ञान अधिक स्वावलम्वी तथा लाभप्रद रहता है। इसी कारण आपका दृढ़ मत वन गया कि पुस्तकालय शास्त्र पढ़ाने के लिये एक अध्यापक वर्ग लेना आवश्यक है जिससे लायक अध्यापक प्राप्त हो सकें। इस सम्वन्ध में आपने 'भारतीय पुस्तकालय संघ' के मुखपत्र ['ABGILA' Vol. 3, Nos. 1 and 2, 1953] में एक लेखमाला भी प्रकाशित की थी। आज भी आप अध्यापन कार्य कर रहे हैं। 'पुस्तकालय शास्त्र का अध्यापन' का छः सप्ताह का कोर्स आप 1961 से चला रहे हैं।

4 वर्गीकरण प्रणालियों का सूक्ष्म अध्ययन

1924 में आप मद्रास विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में प्रथम पुस्तकाध्यक्ष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नियुक्त हुए। इसी निमित्त आपको ब्रिटिश म्यूजियम की ग्रंथालय कार्य-पद्धति का ज्ञान प्राप्त करने के लिए लंदन जाने का सुयोग प्राप्त हुआ। वहाँ ब्रिटिश म्यूजियम के डायरेक्टर ने सुझांव दिया कि आपको लंदन विद्यापीठ के 'स्कूल ऑफ लायब्रेरियनशिप' में पुस्तकालयशास्त्र की शिक्षा लेना अनेक दृष्टिकोणों से लाभप्रद रहेगा। आपने तुरन्त उक्त संस्था में प्रवेश ले लिया। परन्तु वहाँ आपने देखा कि लैटिन, अंग्रेजी तथा योरोपीय और एशियाई साहित्य पर अधिक बल दिया जाता है और वर्गीकरण, सूचीकरण तथा पुस्तकालय व्यवस्था को कम महत्त्व दिया जाता है। विविध प्रकार के साहित्य के अध्ययन की डा० रंगनाथन् को कोई आवश्यकता नहीं थी। इस बात पर आपने अपने गुरु डब्ल्यू० सी० बेर्विक सेयर्स साहब की भी राय ली। और उनके परामर्श के अनुसार आपने उस संस्था में केवल पुस्तकालयशास्त्र के विषयों का अध्ययन करने और बाकी समय में लंदन के विविध पुस्तकालयों के कामकाज का सूक्ष्म ज्ञान प्राप्त करने का निश्चय किया। इसी कारण आपने क्रायडन के सार्वजनिक पुस्तकालय में क्रियात्मक अभ्यास करना शुरु किया। इस एक वर्ष में आपने दशमलव वर्गीकरण, विषय वर्गीकरण, विस्तारशील वर्गीकरण तथा अमरीका की लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस की वर्गीकरण प्रणाली ऐसी चार मशहूर वर्गीकरण प्रणालियों का अतिसूक्ष्म अध्ययन किया।

41 नूतन वर्गीकरण प्रणाली निर्माण करने की आवश्यकता

अध्ययन करते समय उक्त वर्गीकरण प्रणालियों में आपको अनेक मूलभूत दोष दिखाई दिए और आपने अनुभव किया कि प्रचलित प्रणालियों में से एक भी आज के विस्तृत ज्ञान शाखोपशाखाओं का वर्गीकरण करने में पूर्णतया समर्थ नहीं है। विशेषकर भारत के विशिष्ट ज्ञानभंडार के लिए ये प्रणालियाँ सर्वथा असमर्थ दिखाई दीं। अंत में आप इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि इसके लिए एक बिल्कुल नई स्वतन्त्र वर्गीकरण प्रणाली बनानी आवश्यक है, जो अत्यन्त विस्तारशील तथा सूक्ष्मत्त्वशील हो और जिससे भारत के गूढ़ दार्शनिक ग्रंथों तक का वर्गीकरण करना भी संभव हो।

42 द्विबिंदु वर्गीकरण प्रणाली की रूपरेखा

इस विषय में आपने पहले डा० ड्युई की राय ली। उन्होंने उसी दशमलव वर्गीकरण प्रणाली से भारतीय वाङ्मय का वर्गीकरण करने की तथा उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न करने की सलाह दी। डा० रंगनाथन् को यह सुझाव बिल्कुल ही मान्य नहीं हुआ। आपने सेयर्स साहब का भी परामर्श लिया। उन्होंने स्वतन्त्र वर्गीकरण प्रणाली निर्माण में अनेक संभावित कठिनाइयाँ उनके सामने व्यक्त कीं। आपने सेयर्स साहब का बहुमूल्य उपदेश माना और 1925 में इंग्लैंड से वापस आते समय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जहाज में ही द्विबिंदु वर्गीकरण प्रणाली की रूपरेखा तैयार कर ली। 1933 तक उसमें अनेक सुधार किए और उसी साल इस नयी प्रणाली का प्रथम संस्करण प्रकाशित किया। इस प्रकार यह प्रणाली सर्वप्रथम संसार के सामने आयी। अब तक इसका छठा संस्करण प्रकाशित हो चुका है। थोड़े ही दिनों में सातवाँ संस्करण प्रकाशित होने वाला है। इससे यह स्पष्ट है कि संसार में यह प्रणाली अतिशीघ्र गति से मान्यता पा रही है।

5 पुस्तकालय क्षेत्र में कार्य

1928 में आपने 'मद्रास पुस्तकालय संघ' की स्थापना की। इसी साल आपने अन्नमलाय विद्यापीठ में सैकड़ों शिक्षकों के सामने पुस्तकालयशास्त्र पर अनेक व्याख्यान दिए। 1929 में आपने 'मद्रास पुस्तकालय संघ' के संचालक के नाते एक अध्ययन सत्र (Course) शुरू किया। इसी का रूपांतर वाद में मद्रास विद्यापीठ के पुस्तकालयशास्त्र के शिक्षावर्ग में हुआ। 1937 तक यह सत्र तीन महीने का था। उसके वाद 1944 तक आपने मद्रास विद्यापीठ का एक साल का प्रमाण पत्र (Diploma) का सत्र चलाया जिसमें केवल उपाधि प्राप्त छात्र प्रवेश पा सकते थे।

51 वाराणसी तथा दिल्ली विद्यापीठों के पुस्तकालयों का पुनर्गठन

1945 में डा० राधाकृष्णन् ने आपको बनारस हिन्दू विद्यापीठ के पुस्तकालय के पुनर्गठन के लिए आमंत्रित किया। उस समय उस विद्यापीठ के उप-कुलपति डा० राधाकृष्णन् थे। आप यह कार्य दो वर्ष तक अविश्रान्त भाव से करते रहे। वहाँ भी आपने पुस्तकालयशास्त्र का सत्र शुरू किया। 1947 में आपको दिल्ली विद्यापीठ ने आमंत्रित किया। यहाँ उस समय सर मॉरिस ग्वायर उप-कुलपति थे। डा० रंगनाथन् दिल्ली विद्यापीठ में पुस्तकालयशास्त्र के प्राध्यापक तथा सलाहकार नियुक्त किये गये। आपने इस विद्यापीठ में भी पदवी प्राप्त छात्रों के लिए एक वर्ष का पुस्तकालयशास्त्र का प्रमाण पत्र वर्ग (*Diploma Class*) शुरू किया। तथा दो साल का एम. एल. एस्-सी. (Master of Library Science) का वर्ग भी आरंभ किया जो आप स्वयं चलाते थे। पुस्तकालयशास्त्र से पी. एच-डी० के लिए कुछ विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी आपने किया।

52 भारतीय पुस्तकालय संघ की स्थापना तथा अन्य कार्य

1933 में आपने भारतीय पुस्तकालय संघ (Indian Library Association) की स्थापना की। 1947 से 1953 तक आप उस संघ के अध्यक्ष थे। इस संघ का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

'ABGILA' नामक मुखपत्र आपने शुरू किया । आपने केन्द्रीय तथा प्रादेशिक राज्यों के लिए पुस्तकालय कानून की योजनाएँ भी बनायी थीं । उसी प्रकार समस्त भारत में पुस्तकालयों का तथा उसके शास्त्र का प्रसार करने के लिए एक बड़ी योजना बनाई थी।

1957 से 1960 तक आप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission) की ग्रंथालय समिति के संचालक थे । 1952 से आज तक बंगलौर में डाक्युमैंटेशन रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग सैंटर में आप अवैतनिक प्राध्यापक रह कर अध्यापन कार्य करते रहे हैं ।

521 लेखन कार्य

आज तक आपने करीब-करीब 50 ग्रंथ पुस्तकालयशास्त्र के वर्गीकरण, सूक्ष्म-वर्गीकरण, सूचीकरण, ग्रंथालय व्यवस्था, संदर्भ सेवा इत्यादि विविध विषयों पर लिखे और प्रकाशित किये हैं । संसार के अनके पत्र-पत्रिकाओं में आपके हजारों लेख प्रकाशित हुए हैं। समाज को इस शास्त्र का महत्त्व समझाने की चेष्टा आप नित्य करते आ रहे हैं ।

522 परराष्ट्र में कार्य

आपको निमंत्रित किए जाने पर 1948 से आप सदा पाश्चात्य देशों में जाते हैं । वहाँ सैंकड़ों व्याख्यान देते हैं । निर्माता के मुख से द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली का विवरण सुनने के लिए हजारों पुस्तकालयशास्त्र प्रेमी आते हैं । वहाँ बड़े-बड़े पुस्तकालयशास्त्रज्ञों के साथ विचार-विनिमय एवं वाद-विवाद करते हैं । इसी कारण पाश्चात्य देशों में द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली अधिकाधिक प्रिय हो रही है ।

1958 में आप ब्रिटिश लायब्रेरी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रहे थे। आप इंटरनैशनल फेडरेशन फार डाक्युमैंटेशन के सदस्य भी नियुक्त किये गये हैं ।

6 सम्मान

आपका यह पुस्तकालयशास्त्र विषयक तथा भारतीय पुस्तकालय आन्दोलन का महान् कार्य देखकर 1948 में दिल्ली विद्यापीठ ने आपको 'डाक्टर ऑफ लेटर्स' की उपाधि देकर आपका बड़ा सम्मान किया । 1957 में भारत सरकार ने आपको 'पद्मश्री' उपाधि से विभूषित किया । गत वर्ष आपकी आयु के सत्तर वर्ष पूर्ण हो गये । इस हेतु आपके शिष्यों एवं हितचिंतकों ने एक अभिनंदन ग्रंथ दो खंडों में प्रकाशित किया है ।

पुस्तकालय क्षेत्र में भारत को संसार में सब से ऊँचा स्थान प्राप्त कराने की आपकी तीव्र इच्छा है । इस महान् आकांक्षा की पूर्ति के लिए सच्चे दिल से कार्य करना तथा कार्य करने वालों की सहायता करना हर एक भारतीय व्यवसाय बन्धू का फर्ज है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इ

प्रचलित विविध वर्गीकरण प्रणालियाँ

(Current Schemes of Classification)

1 ग्रंथों का वर्गीकरण शास्त्रीय पद्धति से करना आवश्यक

आधुनिक पुस्तकालयों में सम्प्रति ग्रंथों के वर्गीकरण को वड़ा महत्त्व प्राप्त है। प्राचीन काल में कितावें वन्द कमरे में सुरक्षित रखी जाती थीं। पाठक वहुत कम थे और पुस्तकों की संख्या भी संकुचित थी। परन्तु जव से मानव को मुद्रणकला का ज्ञान प्राप्त हुआ तव से ग्रंथों की संख्या तीव्र गति से वढ़ने लगी। हर साल विविध भाषाओं में हजारों ग्रंथ छपने और प्रकाशित होने लगे। पुस्तकालयों के वारे में पुराने विचार वदल गये। वह हरेक मनुष्य के सेवन की तथा आवश्यक वस्तु समझी जाने लगी। हर साल ग्रंथों तथा पाठकों की होने वाली वृद्धि के कारण पुस्तकालयों में ग्रंथों का किसी शास्त्रीय पद्धति से वर्गीकरण करना आवश्यक हो गया। पुस्तकाध्यक्ष का यह एक प्रमुख कार्य वन गया।

2 ग्रंथों का वर्गीकरण वास्तव में ज्ञान के वर्गीकरण पर आधारित

ग्रंथों का वर्गीकरण वास्तव में ज्ञान के वर्गीकरण पर आधारित है। प्रत्येक पुस्तक में कुछ न कुछ ज्ञानविषय होता है। ज्ञान का क्षेत्र विशाल है, अनन्त है और वह निरन्तर वढ़ता जा रहा है। पाठकों को इन विविध ज्ञान शाखोपशाखाओं की सुलभता से प्राप्ति होने के लिए कितावों का शास्त्रीय वर्गीकरण आवश्यक है। अतः इस ज्ञान वृद्धि का सूक्ष्म विचार करके सब ज्ञान शाखोपशाखाओं को समाविष्ट करने वाली वर्गीकरण प्रणाली निर्माण करना भी आवश्यक हुआ, जिसमें ज्ञानवृद्धि के अनुरूप सदा आवश्यक परिमार्जन, परिवर्तन एवं परिवर्धन सम्भव हो। इसीलिए उन्नीसवीं और वीसवीं सदी में वर्गीकरण की विविध प्रणालियाँ निर्मित हुईं। मुख्यतः अमरीका, इंग्लैंड तथा भारत इन तीन राष्ट्रों में निम्नलिखित प्रमुख प्रणालियों का निर्माण हुआ :

(1) डा० मेलविल् ड्युई की दशमलव वर्गीकरण प्रणाली। (Decimal Classification), 1876.

(2) चार्लिस एमी कटर की विस्तारशील वर्गीकरण प्रणाली। (Expansive Classification), 1897.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(3) जैम्स् डफ् ब्राउन की विषय वर्गीकरण प्रणाली। (Subject Classification), 1906.

(4) लायब्रेरी ऑफ कांग्रेस की वर्गीकरण प्रणाली। (Library of Congress Classification), 1910.

(5) सर्वव्यापी दशमलव वर्गीकरण प्रणाली। (Universal Decimal Classification), 1927.

(6) डा० रंगनाथन् की द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली। (Colon Classification), 1933.

(7) ब्लिस की ग्रंथ-विवरणात्मक वर्गीकरण प्रणाली। (Bibliographic Classification), 1937.

3 प्रमुख चार वर्गीकरण प्रणालियों का संक्षिप्त विवरण

इन सात प्रणालियों में से दशमलव वर्गीकरण, सर्वव्यापी दशमलव वर्गीकरण, द्विविन्दु वर्गीकरण और ग्रंथ-विवरणात्मक वर्गीकरण ऐसी चार प्रणालियाँ अधिक प्रचलित हैं। द्विविन्दु वर्गीकरण छोड़कर वाकी प्रणालियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

31 डा० ड्युई की दशमलव वर्गीकरण प्रणाली

311 डा० ड्युई का परिचय

डा० ड्युई अमरीका के आधुनिक पुस्तकालय आन्दोलन के प्रणेता थे। आपका जन्म न्यूयार्क राज्य के जेफरसन प्रदेश में ऐडेम्सैंटर गाँव में 10 दिसम्वर, 1859 को हुआ। शिक्षण पूर्ण होने के पश्चात् आप ऐम्हर्स्ट महाविद्यालय में उप-पुस्तकाध्यक्ष का काम करने लगे। जब आप उस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे तभी आपने दशमलव वर्गीकरण प्रणाली की रूपरेखा तैयार की। इस प्रणाली में 0 से 9 तक के अंकों का उपयोग किया है। साथ विस्तृत और अन्यान्य सम्बन्ध बनाने वाली तैयार वर्गांक की निर्देशी (Index) भी दी है। इससे पुस्तकाध्यक्ष या वर्गकार ग्रंथों का वर्गांक अत्यन्त सुलभता से तथा अल्प समय में तैयार कर सकता है। इसी कारण संसार में बहुसंख्यक पुस्तकालयों में इस पद्धति को स्वीकार किया गया है।

312 *प्रणाली में क्रमदर्शक अंकों का प्रयोग*

इस प्रणाली में क्रमदर्शक अंकों (ordinal numbers) का प्रयोग किया गया है। 0 अंक प्रकीर्ण मुख्य वर्ग (Generalia) को दिया गया है। वाकी मुख्य वर्गों की संख्या 9 एवं मर्यादित हैं। सब मुख्य वर्ग इस प्रकार हैं—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

000 प्रकीर्ण मुख्य वर्ग	500 नैसर्गिकशास्त्र
100 दर्शनशास्त्र	600 उपयोगी कला
200 धर्म	700 ललित कला
300 सामाजिकशास्त्र	800 साहित्य
400 भाषाशास्त्र	900 इतिहास

वर्गांक प्रथमतः तीन अंक तक दिया जाता है। उसके बाद विन्दु देकर लिखे हुए अंकों से उपविभाग दर्शाए जाते हैं। उस विन्दु को दशमलव कहते हैं। परन्तु वास्तविक दशमलव से यहाँ कुछ संवंध नहीं। जैसे—

500 नैसर्गिकशास्त्र	512·1 बीजगणित की विविध विधियाँ
510 गणित	512·2 समीकरण
512 वीज गणित	512·21 संख्यायुक्त समीकरण (चार अंक तक)

313 *एकविध उपविभाग* (Uniform Subdivisions)

डा० ड्युई ने किसी भी वर्ग के होने वाले नौ प्रकार के सामान्य उपविभाग (Common Subdivisions) वनाए। इन्हीं को विवरण प्रकार विभाग (Form Divisions) भी कहते हैं। इनका मूल प्रयोजन लेखन की रचना पद्धति दिखाने का होता है। पश्चात् इस पर और संशोधन किया गया और आज सामान्य उपविभाग के अतिरिक्त दृष्टिकोण के उपविभाग तथा प्रकीर्ण सामान्य उपविभाग भी वना दिए गए। विषय का वर्गांक बनाने के पश्चात् आगे आवश्यकतानुसार एक उपविभाग (Uniform Subdivision) का अंक लगाया जाता है। सेयर्स साहव कहते हैं, "First classify by subject and then by common sub-divisions."

सामान्य उपविभाग 01 से 09 तक के अंकों में विभाजित किए गए हैं। नीचे कुछ सामान्य उपविभाग दिये हैं।

01 तात्त्विक विवेचन	04 निवंध, पत्र इत्यादि
02 रूपरेखा, तालिका	08 संग्रह
03 कोश	09 इतिहास

इस सामान्य उपविभाग से इस प्रकार वर्गांक वनाए जाते हैं—

512 बीजगणित	512·02 वीजगणित की तालिकाएँ
512.01 वीजगणित के सिद्धान्त	512·09 वीजगणित का इतिहास

001 से 009 तक के अंक 'दृष्टि कोण' (Point of view) उपविभागों के लिए और 0001 से 0004 तक के अंक प्रकीर्ण सामान्य उपविभाग (Miscellaneous common sub-divisions) के लिए निश्चित किए गए हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दोनों के उदाहरण नीचे दिए हैं। जैसे—

651·003 कार्यालय व्यवस्था के लिए अर्थशास्त्र

651·005 " " के लिए सामग्री या सामान

651·0001658 कार्यालय व्यवस्था और उत्पादन का पारस्परिक संबंध

651·0003 कार्यालय व्यवस्था का प्रशासन (Administration)

314 भाषा, स्थान और काल का वर्गांक में निर्देश

भाषा, स्थान तथा काल का निर्देश भी दशमलव वर्गांक में कर सकते हैं। डा॰ ड्युई ने इनके अनेक नियम वनाए हैं। परंतु वे कठिन नहीं हैं। वर्गांक आसानी से वनाए जा सकते हैं।

315 इस प्रणाली का 15वां तथा 16वां संस्करण

इस प्रणाली का 15वाँ संस्करण प्रमाणित माना गया है। 1956-57 में इसका 16वाँ विस्तृत संस्करण प्रकाशित हुआ है। यह दो भागों में विभाजित है और उसमें अनेक नई ज्ञान शाखाओं के वर्गांक समाविष्ट किए गए हैं।

316 त्रुटियाँ

आधुनिक प्रणालियों में यह प्रणाली सव से अधिक पुरानी है तथा गत 75 वर्षों में इसमें सुधार भी वहुत कम किए गए हैं। अतः इस प्रणाली में अनेक त्रुटियाँ दिखाई देने लगी हैं। हर एक मुख्य वर्ग में कुछ ना कुछ भूल दिखाई देती है। उनकी रचना दोषपूर्ण हो गई है। 16वें संस्करण में ये त्रुटियाँ सुधारने की सफल चेष्टा की गई है। परन्तु इतना होने पर भी सूक्ष्म वर्गीकरण की दृष्टि से यह प्रणाली सफलता से काम नहीं दे सकती। ऐसा वर्गांक वना भी लेंगे तो उसकी लंवाई वहुत वढ़ती है। तथा उसमें दो मुख्य वर्गों, दो मुखों (Facets) और दो पंक्तियों (Arrays) का संवंध अव भी नहीं दिखा सकते। 16वें संस्करण में परस्पर संवंध अत्यधिक दिखाए हैं। और स्थान निश्चित करने की चेष्टा की गई है। परन्तु अधिक परस्पर संवंध दिखाने की आवश्यकता ही इस प्रणाली की कमजोरी सिद्ध कर देती है।

32 सर्वव्यापी दशमलव वर्गीकरण प्रणाली

321 डा॰ ड्युई की प्रणाली का ढाँचा

1895 में ब्रुसेल्स नगर में 'इंटरनैशनल इन्स्टिटयूट ऑफ विब्लिओग्राफी' नाम की संस्था स्थापित हुई थी। इस संस्था ने ड्युई की प्रणाली में थोड़ा परिवर्तन करके अनके चिन्हों तथा कुछ अक्षरों का प्रयोग किया है और उसे अधिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विस्तृत बनाया है। ड्युई की मूल पद्धति का ढांचा कायम रखा है। मुख्य वर्ग तथा उनके विभाग वही रखे हैं। इसी लिए इसको विस्तारशील दशमलव वर्गीकरण प्रणाली (Expanded Dewey's Classification) भी कहते हैं। यूरोप में इस प्रणाली का प्रयोग अधिक होता है। तथा जैसे-जैसे विशेष पुस्तकालयों की संख्या बढ़ रही है वैसे-वैसे इसका प्रयोग अधिकाधिक बढ़ता जा रहा है।

322 *सूक्ष्म वर्गीकरण की चेष्टा तथा अनेक चिन्हों व अक्षरों का प्रयोग*

इस प्रणाली में भाषा, स्थान, काल इत्यादि उपविभाग (Subdivisions) दर्शाने के लिये अनेक चिन्हों का प्रयोग किया गया है। जैसे—

+ ऐसी संख्याओं का संबंध जो क्रमवाचक नहीं
/ क्रमवाचक संख्याओं का संबंध
: विषय संबंध
= भाषा
( ) स्थल
" " काल

दशमलव वर्गीकरण तालिका से ऊपर दिए जैसे चिन्हों की मदद से मुख या विविध प्रकार का संबंध दिखा देते हैं। उदाहरणार्थ—

651+657	कार्यालय व्यवस्था और हिसाब
656·1 / ·5	प्रादेशिक यातायात के विभाग
820 : 22	बाईवल का अंग्रेजी साहित्य पर प्रभाव
330 (41)"196"	इंग्लैंड की 1960 की आर्थिक स्थिति

पृथक्करणात्मक (Analytical) सामान्य उपविभाग, कुछ अक्षरों का प्रयोग, संयुक्त वर्गांक को दिया हुआ यथायुक्त क्रम आदि विशेषताएँ इस वर्गीकरण प्रणाली में दिखाई देती हैं। सूक्ष्म वर्गीकरण करने की चेष्टा इस में की गई है। परन्तु दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का ढाँचा कायम रखने से इसमें अनेक दोष रह गये हैं।

33 द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली

प्रस्तुत ग्रंथ में इसी प्रणाली का संपूर्ण विवरण दिया गया है। अतः यहाँ वह संक्षिप्त रूप में स्पष्ट करने की आवश्यकता नहीं।

34 ग्रंथ विवरणात्मक वर्गीकरण प्रणाली

341 *प्रणाली का निर्माता ब्लिस*

इस प्रणाली के निर्माता हैनरी ब्लिस का जन्म 1870 में न्यूयार्क में हुआ। शिक्षा-दीक्षा समाप्त होने के पश्चात् आप 1891 में न्यूयार्क के एक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

महाविद्यालय में पुस्तकाध्यक्ष का काम करने लगे। वर्गीकरण करते समय उनको प्रचलित प्रणालियों में वहुत दोष दिखाई दिए। इसी लिए उन्होंने 1902 में एक स्वतंत्र वर्गीकरण प्रणाली वनाई। अपने पुस्तकालय के ग्रंथ इसी प्रणाली से प्रथम वर्गीकृत किए। उन्होंने 1935 में अपनी पूरी पद्धति सविस्तार प्रकाशित की। 1953 में इसका चौथा संस्करण तीन भागों में प्रकाशित हुआ।

वर्गीकरण शास्त्र पर ब्लिस ने दो ग्रंथ भी प्रकाशित किए हैं।

1. Organization of Knowledge & System of Sciences.
2. Organization of Knowledge in Libraries.

342 परिगणनात्मक वर्गीकरण प्रणालियों में श्रेष्ठ

ब्लिस की वर्गीकरण प्रणाली उन दिनों में जितनी परिगणनात्मक (enumerative) वर्गीकरण प्रणालियाँ प्रचलित थीं सव में श्रेष्ठ समझी गयी। ब्लिस ने इस में 45 सामान्य तथा विशिष्ट प्रकार की तालिकाएँ (Tables) दीं है जिनकी मदद से किसी भी ग्रंथ को (उसका विषय मुख्य वर्ग तालिका में न हो तो भी) उचित वर्गांक दे सकते है।

343 इस प्रणाली के दोष

इस प्रणाली में जो दोष रह गये हैं वे ये हैं—

1. इस से अनेक विषयों का मुखविश्लेषण करना असंभव होता है।

2. विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान जैसे कुछ वर्गों का विषय विस्तार ही अधूरा रहा है।

3. वर्गांक वहुत समय अकारण लम्वे वनाने पड़ते हैं। क्योंकि इसकी संयोग व्यवस्था और तांत्रिक व्यवस्था सर्वव्यापी दशमलव वर्गीकरण जैसी नहीं है।

344 भारत इसे स्वीकार नहीं कर सकता

ब्लिस की वर्गीकरण प्रणाली कितनी भी अच्छी क्यों न हो भारत उसे स्वीकार नहीं कर सकता। क्योंकि भारतीय विद्या, भाषा इत्यादि का समावेश उसमें अच्छी तरह नहीं किया गया।

4 दिन-ब-दिन सूक्ष्म वर्गीकरण की आवश्यकता

आजकल पुस्तकालयों में वर्गीकरण कार्य केवल ग्रंथ वर्गीकरण तक ही सीमित नहीं रहा अपितु नियतकालिकों, विविध पुस्तिकाओं तथा लेखों का वर्गीकरण भी आवश्यक हो रहा है। इसलिए सूक्ष्म वर्गीकरण (Depth Classification) की

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आवश्यकता पड़ रही है। इस प्रकार के साहित्य के सूचीकरण को 'प्रलेख व्यवस्था' या 'डाक्युमैंटेशन' कहते हैं। इस प्रकार की प्रलेख व्यवस्था या डाक्युमैंटेशन अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी होती है।

41 सूक्ष्म वर्गीकरण की दृष्टि से द्विबिन्दु वर्गीकरण श्रेष्ठ

सूक्ष्म वर्गीकरण की दृष्टि से डा० रंगनाथन् की द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली (Colon Classification) संसार में सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। पामर तथा वेल्स अपनी पुस्तक 'Fundamentals of Library Classification' के पृष्ठ संख्या 109 पर कहते हैं कि "We find that the only scheme produced so far which comes within measurable distance of this ideal is Colon Classification."

शास्त्रीय दृष्टि से आज यही एक शुद्ध वर्गीकरण प्रणाली है। अगले अध्याय में हम द्विबिन्दु वर्गीकरण की प्रमुख विशेषताएँ देखेंगे।

नालन्दा विश्वविद्यालयको- सिद्धान्त

ONE OF THE MOTTOES OF NALANDARANTH- US: (9) CONQUERANGER by PARDON. (2) CON- QUER A BAD MAN BY - GOOD DEEDS. (3) CONQUER A MISER BY giving HIM MORE. (8) CONQUER A LIAR BY TR- UTH. SURELY THIS IS A MOTTO.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उ

द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली की विशेषताएँ

1 परिगणनात्मक वर्गीकरण प्रणाली से ग्रंथों का वर्गीकरण करने में कठिनाई

प्रचलित परिगणनात्मक (enumerative) वर्गीकरण प्रणालियों में समान श्रेणी के वर्गों (Co-ordinate Classes) को, बहुमुखी वर्गों (Multifaceted Classes) को, विविध विषयांगयुक्त वर्गों (Multiphased Classes) तथा सम्पूर्ण नये वर्गों को योग्य स्थान देना मुश्किल होने लगा। बहुत दिनों तक यह कठिनाई या समस्या हल नहीं हो सकी। डा॰ रंगनाथन् ने दीर्घकाल सोचने के पश्चात् इन वर्गों को तथा नए-नए निर्माण होने वाले ज्ञान वर्गों को समाविष्ट करने वाली नई प्रणाली बनाई।

2 द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली की बच्चों के खिलौना उपकरण संग्रह से तुलना

आपने इस प्रणाली की रूपरेखा प्रथमतः 1925 में बड़े परिश्रम से तैयार की। इस रचना को आपने बच्चों के खिलौना उपकरण संग्रह (Meccano Apparatus) से उपमा दी है। बच्चे जैसे उन उपकरणों से अनेक आकृतियाँ बना सकते हैं उसी प्रकार आपकी प्रणाली से सूक्ष्म विषय को भी योग्य अर्थवाही वर्गांक दिया जा सकता है। विविध तालिकाएँ (Schedules), स्मृति सहायक योजना विधियों इत्यादि की सहायता से विशिष्ट विषय को विशिष्ट वर्गांक (Specific class numbers to specific subjects) दे सकते हैं। द्विबिन्दु तथा अन्य संयोग चिन्हों (Connecting symbols) का उपयोग चटकनी एवं कीलों की तरह (as nuts and bolts) किया जाता है।

3 विभाजन संयोजनक्षम वर्गीकरण पद्धति

इस प्रणाली की एक विशेषता यह है कि इसमें प्रथमतः किसी प्रस्तुत विषय का रूढ़गत या पारंपरिक विभागों में विभाजन (Analysis) किया जाता है। तत्पश्चात् विविध तालिकाओं में से उन विभागों को विशिष्ट क्रम से इकट्ठे जोड़ दिया जाता (Synthesize) है और वर्गांक तैयार किये जाते हैं। इस पद्धति को 'विभाजन-संयोजन-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्षम वर्गीकरण पद्धति' (Analytico-Synthetic Scheme of Classification) कहते हैं।

4 पृथक्करण क्रिया
(Act of Dissection)

किसी विषय के एक मुख (Facet) के एक ही विभाजन गुण (Characteristic) के अनुसार अनेक भिन्न तथा समान श्रेणी (Co-ordinate के विभाग तैयार किये जाते हैं। इस विभाजन क्रिया को डा. रंगनाथन् ने 'पृथक्करण क्रिया' (Act of Dissection) की संज्ञा दी है। इन पृथक्कृत वर्गों को समान श्रेणी वर्ग (Co-ordinate Classes) तथा उनकी पंक्ति को वर्गों की पंक्ति (Array of Classes) कहते हैं। उदाहरणार्थ—

'कृषिशास्त्र' (Agriculture) मुख्य वर्ग के व्यक्तित्व मुख का विभाजन ऐसे ही दो प्रकार से किया गया है।

उपयुक्तता पंक्ति के समान श्रेणी वर्ग (Co-ordinate Classes of the array of Utility)	भागदर्शक पंक्ति के समान श्रेणी वर्ग (Co-ordinate Classes of the array of Parts)
1 शोभा	1 रस
3 अन्न	3 मूल
4 उत्साहवर्धन	5 पर्ण ; पत्ते
5 तेल	6 फूल
7 तंतु	7 फल
8 रंग इत्यादि-इत्यादि	8 वीज इत्यादि-इत्यादि
इन सभी का विभाजन गुण 'उपयुक्तता' है।	इन सभी का विभाजन गुण 'भाग दर्शन' है।

डा. रंगनाथन् ने अपनी वर्गीकरण तालिकाओं में विविध मुखों के मूल घटक विभागों की जो तालिकाएँ वनाई हैं उनमें समान श्रेणी वर्गों की रचना पृथक्करण पद्धति (Method of Dissection) से की गयी है।

5 छेदन क्रिया
(Act of Denudation)

विषय के एक मुख के अनेक गुणों की सहायता से क्रमशः कम विस्तार के गौण विषयों की जो एक माला वनाई जाती है इस क्रिया को डा. रंगनाथन् छेदन क्रिया (Act of Denudation) कहते हैं। इस क्रिया के वारे में आपने कुछ नियम भी वनाएँ हैं जिनके अनुसार वर्गीकरण तालिका में इस प्रकार की अनेक मालाएँ वनाई गई हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदाहरणार्थ—

(1) 'धर्मशास्त्र' (Religion) में वेदोत्तरकालीन हिन्दू धर्म' के विभागों की इस प्रकार की एक श्रृंखला देखिए—

वेदोत्तर कालीन हिन्दू धर्म
वैष्णव पंथ
भागवत पंथ
राधिका भक्त पंथ (Radhait)
निम्बार्क

(2) 'भारतीय दर्शन' की एक श्रृंखला इसी प्रकार दिखा सकते हैं।

भारतीय दर्शन
अद्वैत वेदान्त
प्रत्याभिज्ञ
वीर शैव

(3) 'शिक्षा शास्त्र' में से एक और उदाहरण देखिए—

असामान्यों की शिक्षा
गूंगे बहरों की शिक्षा
तोतलों की शिक्षा

6 स्तरण क्रिया
(Act of Lamination)

डा० रंगनाथन् की पद्धति की यह एक और विशेषता है। विविध प्रकार के अनेक विभाजन गुणसमुच्चय की सहायता से आपने पाँच मुख तैयार किये हैं।

1 व्यक्तित्व (Personality) 3 ऊर्जा (Energy)
2 उपकरण या साधन (Matter) 4 स्थल (Space)
5 काल (Time)

61 परस्परव्यापी संबंध

इन मुखों का परस्पर संबंध दिखाने के लिए संयोग चिन्ह भी निश्चित किए हैं। कभी-कभी इनके संबंध परस्परव्यापी (Overlapping) होते हैं। इनको ठीक तरह स्पष्ट करने के लिए मुख पृथक्करण (Facet Analysis) करना आवश्यक होता है। इस प्रकार का परस्पर व्यापी संबंध स्पष्टता से दिखाने की जो क्रिया है उसको 'स्तरण क्रिया' (Act of Lamination) कहते हैं। मुख व्यवस्था और मुख पृथक्करण के कारण 'द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली' में यह संभव होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मान लीजिए कि 'प्राणियों के रोग' विषय है। इसमें सर्वसामान्य प्राणियों के रोग तथा विशिष्ट प्राणियों के रोग ऐसे दो प्रकार के हो सकते हैं। विशिष्ट प्राणियों के रोगों में मनुष्य के रोग, जानवरों के रोग अथवा वनस्पति के रोग भिन्न-भिन्न दिखाना आवश्यक है। स्तरण क्रिया से यह कार्य साध्य होता है और इनमें 'रोग' विषय का परस्परव्यापी संबंध स्पष्टता से दिखा सकते हैं।

7 स्फुट विषय संघात क्रिया
(Act of Loose Assemblage)

कभी-कभी दो या दो से अधिक विषयों के संबंधों से एक भिन्न विषय निर्मित हो जाता है। जैसे—

(1) डाक्टरों के लिए मनोविज्ञान
(2) कृषिशास्त्र के लिए यंत्र
(3) समाजशास्त्र का अर्थशास्त्र की दृष्टि से अध्ययन

इन विषयों को डा० रंगनाथन 'स्फुट विषय संघात क्रिया' (Act of Loose Assemblage) कहते हैं। इस प्रकार के वर्गांक बनाने के लिए स्वतन्त्र नियम बनाएँ हैं (अध्याय य देखिये)।

8 सूक्ष्मत्वशीलता

81 विषय केन्द्रबिन्दु तथा उन्हें सूक्ष्म करने की व्यवस्था

ऊपर दी हुई अनेक विशेषताओं के कारण 'द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली' अत्यन्त विकासशील तथा सूक्ष्मत्वशील हो गई है। हर विषय के एक या अनेक केन्द्रबिन्दु (Foci) होते हैं। ये केन्द्रबिन्दु तथा उनका वर्गीकृत बोधांक (Classified Number) में किया हुआ रूपांतर समान तल पर रखना चाहिए। और इन केन्द्रबिन्दुओं को अधिक से अधिक सूक्ष्म (Sharpen) करना भी आवश्यक है। द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली में ऐसा करने की व्यवस्था है।

82 सूक्ष्म वर्गीकरण पर ग्रंथ

डा० रंगनाथन् ने 'सूक्ष्म वर्गीकरण' (Depth Classification) पर एक ग्रंथ भी 1953 में प्रकाशित किया है। उसमें आपने सूक्ष्म वर्गीकरण की आवश्यकता तथा अन्य प्रणालियों की अपेक्षा द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली से अधिक सूक्ष्मत्व प्राप्त करना कैसे संभव है यह तुलनात्मक दृष्टि से दिखाने की चेष्टा की है। उसमें आपने यह भी दिखाया है कि सूक्ष्मत्व के साथ-साथ तैयार वर्गांक की लम्बाई भी अन्य प्रणालियों के वर्गांक से कम रहती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

91 भारतीयता

911 स्वतन्त्र भारत में भारतीयता एवं भारतीय ज्ञान पर अधिक ध्यान

भारतीय पुस्तकालयों के लिए इस वर्गीकरण प्रणाली का स्वीकार तथा प्रयोग किया जाना स्वाभाविक एवं सर्वथा उचित है क्योंकि यह एक भारतीय प्रणाली है। भारतीय दर्शनशास्त्र, भारतीय भाषाएँ, हमारे आद्य ग्रन्थ (classics) तथा भूमिखंड इत्यादि विषय पाश्चात्य प्रणालियों में अत्यन्त संक्षिप्त रूप में दिखाए हैं तथा उनको स्थान भी गौण दिया है। उन्होंने इनका केवल स्थूल विचार किया है। उस समय भारत एक परतन्त्र देश था। संसार में उसको बिल्कुल महत्त्व प्राप्त नहीं था। इस-लिए पाश्चात्य ज्ञानशाखाओं में इसके बारे में बहुत कम सोचा गया। पाश्चात्य वर्गी-करण प्रणालियाँ इसका अपवाद नहीं हो सकतीं। परन्तु आज भारत की स्थिति भिन्न है। वह एक स्वतन्त्र देश है। विविध क्षेत्रों में उसकी प्रगति असाधारण रूप से हो रही है। संसार में उसका महत्त्व बढ़ रहा है। भारत का हर क्षेत्र में द्रुत गति से विकास हो रहा है। स्वभावतः भारतीय ज्ञान पर सब अधिक ध्यान देने लगे हैं। सरकार भी इसमें बहुत दिलचस्पी ले रही है। अनेक विषयों पर सैंकड़ों ग्रंथ हर साल प्रकाशित हो रहे हैं। इसलिए भारतीय पुस्तकालयों द्वारा विविध प्रकार के भारतीय ज्ञान के लिए बहुत उपयोगी एवं उचित भारतीय वर्गीकरण प्रणाली का स्वीकार किया जाना लाभप्रद है।

912 अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व प्राप्त भारतीय प्रणाली

दूसरी बात यह है कि इस प्रणाली को पुस्तकालय क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व भी प्राप्त हो रहा है क्योंकि आज यह सबसे अधिक शास्त्रीय वर्गीकरण प्रणाली मानी गयी है। इसमें अधिकाधिक सुधार करने का महत्कार्य डा० रंगनाथन् अत्यन्त परिश्रम से कर रहे हैं। इंग्लैंड, अमरीका तथा अनेक अन्य पाश्चात्य देशों में यह पद्धति बहुत लोकप्रिय हो रही है। यह प्रणाली सीखने के लिए अमरीका में अनेक अध्ययन मंडल स्थापित हुए हैं। स्वयं डा० रंगनाथन् के मुख से इस प्रणाली का विव-रण सुनने के लिए आपको सदा यूरोप एवं अमरीका में बुलाया जाता है। ऐसी विश्वव्यापी मान्यता प्राप्त प्रणाली भारतीय पुस्तकालय भला क्यों न स्वीकार करेंगे ?

913 हिन्दी वर्णमाला में रूपान्तर

'Colon Classification' के लिए हिन्दी पर्याय 'द्विबिन्दु वर्गीकरण' है जो डा० रंगनाथन् ने 'Classified Catalogue Code' के अन्त में 'Glossary of Terms' में दिया है। आपने अंग्रेजी वर्णमाला का रूपान्तर भी हिन्दी वर्णमाला में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किया है। इस विषय पर आपने 'Library Herald' जुलाई 1960 में एक लेख प्रकाशित किया था। तथा 'Library Manual' के 1962 के संस्करण में भी इसी वर्णमाला की एक तालिका अन्तिम परिशिष्ट में दी है। प्रस्तुत ग्रंथ में उसी नागरी वर्णमाला का प्रयोग किया गया है।

अब आगे विविध अध्यायों में इस पद्धति का सुलभ विवरण दिया जा रहा है। विवरण देते समय साथ-साथ अंग्रेजी शब्द भी रखे गये हैं जिससे अंग्रेजी माध्यम से सीखने वाले व्यक्तियों के लिए भी यह पुस्तक लाभदायक होगी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Chapter 01

क

प्राप्ति अंक

01 The

(Call Number)

1 पाठकों को किताबों की प्राप्ति अविलम्ब होना आवश्यक

पाठक जब इच्छित किताब लेना चाहता है तब पुस्तकालयशास्त्र की दृष्टि से वह उसको शीघ्र मिलनी चाहिए। उसमें समय का अपव्यय ठीक नहीं। **'Five Laws of Library Sciences'** नामक ग्रंथ में डा. रंगनाथन् ने इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए दीर्घ अनुभव से एक वर्गीकृत रचना बतलाई है।

11 प्राप्ति अंक की योजना

किताब की प्राप्ति शीघ्र होने के लिए पाठकों द्वारा पुस्तकालय कर्मचारियों को प्राप्ति अंक **(Call Number)** दिया जाना आवश्यक है। प्राप्ति अंक सूची **(Catalogue)** से उपलब्ध कर सकते हैं। जब पाठक सूची से प्राप्ति अंक लाने में असमर्थ हो तब पुस्तकालय कर्मचारियों को उनकी मदद करना ज़रूरी है।

2 प्राप्ति अंक से किताब का स्थानक्रम निश्चित

प्राप्ति अंक इच्छित किताब का स्थान अन्य किताबों के साथ शेल्फ में कहाँ है यह बताता है। क्योंकि शेल्फ में किताबें रखने की व्यवस्था तथा उनका क्रम **(Sequence)** भी विषयों की वर्गीकृत रचना के अनुसार होता है। अतः प्राप्ति अंक को 'क्रामक संख्या' या 'क्रमदर्शक संख्या' भी कहते हैं।

3 प्रत्येक ग्रंथ का स्थानक्रम अलग

ग्रंथ का प्राप्ति अंक उसको अन्य ग्रंथों से अलग करता है। कुछ पाश्चात्य वर्गीकरण प्रणालियों में भी प्राप्ति अंक दिया जाता है। परन्तु वह अत्यन्त स्थूल रूप से। साथ के अन्य ग्रंथों से इच्छित ग्रंथ का पृथक्त्व दिखलाने में वह असमर्थ रहता है। शेल्फ में एक साथ अनेक ग्रंथों का प्राप्ति अंक एक ही दिखाई देता है। यह स्थूलता नष्ट करने के लिए वर्गांक के साथ ग्रंथांक तथा संग्रहांक देने की पद्धति डा० रंगनाथन् ने शुरू की।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

4 प्राप्ति अंक के भाग

प्राप्ति अंक इन तीन भागों से बनता है:—

(1) वर्गांक (Class Number), (2) ग्रंथांक (Book Number), तथा (3) संग्रहांक (Collection Number) ।

5 प्राप्ति अंक लिखने की पद्धति

51 किताब के ऊपर तथा नामपृष्ठ के पीछे

प्राप्ति अंक जब किताब के ऊपर या उसके प्रमुख नामपृष्ठ के पीछे लिखा जाता है तब ग्रंथांक वर्गांक के नीचे लिखते हैं। जैसे :—

(1)	म 21	Q21
	152 टि6	152 J6
(2)	रि 72	T72
	पुंटे 1	*p*K1
(3)	तु 8	M8
	च 52	G52

52 सूचीपत्रादि अन्य स्थान पर

परंतु जब अन्यत्र यह अंक लिखते हैं तब वह एक रेखा में लिख सकते हैं। केवल वर्गांक और ग्रंथांक के बीच थोड़ी जगह छोड़नी आवश्यक है जिससे उनकी भिन्नता स्पष्ट हो। जैसे—

हिन्दी		अंग्रेज़ी	
वर्गांक	ग्रंथांक	वर्गांक	ग्रंथांक
2 : 51 ने 3	मंटि 7	2 : 51N3	*q*J7
ट : 13	लेंटे 7	I : 13	*x*K2
रि 4·2	टि 9	T 4·2	J9
ले 7	कि 8	X7	C8

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Chapter 02

कि

वर्गांक

02 The (Class Number)

1 वर्गांक और वर्गीकरण की भाषा

पुस्तकालय में स्वीकृत वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार हर एक ग्रंथ के विशिष्ट विषय को जो बोधांक दिया जाता है उसको वर्गांक (Class Number) कहते हैं। ये अंक विषयों का वर्गीकरण करते हैं।

डा. रंगनाथन् ग्रंथ वर्गीकरण की प्रणाली को वर्गीकरण की भाषा (Classificatory Language) कहते हैं। यह भाषा क्रमदर्शक अंकों की कृत्रिम भाषा (artificial language of ordinal numbers) है। वर्गीकरण में ग्रंथ विषयों का इस सांकेतिक कृत्रिम भाषा में रूपांतर किया जाता है।

2 ग्रंथों के वर्गीकरण का भावार्थ

इसका भावार्थ अधिक स्पष्टता से देखेंगे। जब हम किसी ग्रंथ का वर्गीकरण करते हैं तब वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार उस ग्रंथ के विशिष्ट विषय का विशिष्ट वर्गांक निश्चित करते हैं। यह वर्गांक या उनमें दिये गए बोधांक वर्गीकरण के नियमानुसार दिए जाते हैं। इस प्रकार हम उस ग्रंथ का विशिष्ट विषय वर्गांक में आए संकेत चिन्हों में रूपांतरित करते हैं। अतः वर्गीकरण की भाषा कृत्रिम सांकेतिक भाषा (Artificial Language of Notation) होती है। इस कृत्रिम भाषा से बनाए हुए वर्गांक के संकेत चिन्हों का अर्थ लगाने से विशिष्ट वर्गीकृत विषय का ज्ञान हमें हो जाता है। जैसे--

'वेदोत्तर हिन्दू धर्म' इस विषय का द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली के अनुसार **'म2'** (Q2) वर्गांक बनता है।

म 'धर्म' मुख्य वर्ग का निदर्शक संकेत चिन्ह है।

2 'वेदोत्तरकालीन हिन्दू धर्म' के लिए संकेत चिन्ह।

('वेदकालीन हिन्दू धर्म' के लिए 'म1' अंक निश्चित किया है')

अतः वर्गीकरण की कृत्रिम भाषा में 'म2' का अर्थ हुआ 'वेदोत्तरकालीन हिन्दू धर्म'।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्गीकरण में जो विविध संकेत चिन्हों का प्रयोग किया जाता है उनको अंक (Digit) कहते हैं और ऐसे एक या अनेक संकेत चिन्हों के समूह को 'वर्गांक' कहते हैं।

3 वर्गीकरण में क्रमदर्शक अंकों का प्रयोग

अंक दो प्रकार के होते हैं : (1) संख्यादर्शक (Cardinal number) और (2) क्रमदर्शक (Ordinal Numbers).

वर्गीकरण प्रणाली में केवल क्रमदर्शक अंकों का प्रयोग किया जाता है।

31 संख्यादर्शक अंकों का स्थान मूल्य

संख्यादर्शक अंकों को एक दूसरे के आगे रखने से मूल अंक का स्थान मूल्य बढ़ता जाता है। 1 की कीमत जब तक वह इकाई में है तब तक 1 ही रहती है। लेकिन उसके आगे दो रखते ही प्रथम 1 का दशम् स्थान होता है और उसका स्थान मूल्य 10 हो जाता है। दो इकाई के स्थान में है अतः उसका मूल्य 2 ही रहता है। परन्तु 2 के आगे चार लिखेंगे तो 1 का स्थान मूल्य 100 होगा और दो का स्थान मूल्य दशम् स्थान में होने के कारण 20 होगा। 4 का स्थान इकाई है इसलिए उसका स्थान मूल्य 4 ही रहेगा।

311 *ग्रंथ वर्गीकरण में संख्यादर्शक अंकों का प्रयोग अनुचित*

समझ लीजिए, 124 और 125 दो संख्याएँ हैं। इन संख्यादर्शक अंकों का प्रयोग ग्रंथ वर्गीकरण में कदापि नहीं कर सकते। क्योंकि इन दोनों के बीच में उसी विषय के अन्य विभागों या शाखाओं को स्थान देना असंभव है। इसी कारण से संख्यादर्शक अंक वर्गीकरण की दृष्टि से त्याज्य है। भविष्य में विविध विषयों में अनेक शाखोपशाखाएँ निर्माण होती रहेंगी। वर्गीकरण प्रणाली में उनको समाविष्ट कर लेने की व्यवस्था अवश्य होनी चाहिए। नहीं तो कालान्तर से वह वर्गीकरण प्रणाली निरुपयोगी हो जायगी। इसी दृष्टि से वर्गीकरण प्रणाली में क्रमदर्शक अंक (ordinal numbers) उपयोग में लाए गए हैं। संख्यादर्शक और क्रमदर्शक अंकों का यह भेद प्रथमतः डा. ड्युई ने देखा और अपनी दशमलव वर्गीकरण प्रणाली आपने इन्ही क्रमदर्शक अंकों से तैयार की।

32 क्रमदर्शक अंकों का स्थान मूल्य बदलता नहीं

वर्गांक में जब अनेक क्रमदर्शक अंकों को एक के आगे दूसरा रखते जाते हैं तब उन अंकों का स्थान मूल्य बदलता नहीं, केवल उनका क्रम बढ़ता जाता है।

दशमलव पद्धति में दशांश चिन्ह के पश्चात् लिखे हुए अंकों का स्थान मूल्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बदलता नहीं। जैसे—

$$\cdot 1 = \frac{1}{10}$$

$$\cdot 11 = \frac{1}{10} + \frac{1}{100}$$

$$\cdot 111 = \frac{1}{10} + \frac{1}{100} + \frac{1}{1000}$$

प्रथम 1 का स्थान मूल्य इन तीनों संख्या में वही अर्थात् ·1 ही रहा है। आगे कितने भी और अंक लिखने से उसके स्थान मूल्य में बदल नहीं होता। दूसरे अंक का (1 का) स्थान मूल्य भी ·01 रहा है। उसमें किसी प्रकार का बदल नहीं हुआ।

दशमलव वर्गीकरण प्रणाली में इन्हीं अंकों का प्रयोग किया गया है।

321 क्रमदर्शक दो अंकों के बीच अनेक अंक समाविष्ट (interpolate) करने की सुविधा

क्रमदर्शक (ordinal) अंकों की योजना से दो अंकों के बीच में अनेक अन्य विषय विभागों को समाविष्ट करने की सुविधा प्राप्त हो गई है। उदाहरणार्थ—

·1 और ·2 इन दो अंकों के बीच में अनेक अंक कैसे निर्माण किए जा सकते हैं, यह देखिए। सुविधा के लिए दशमलव चिन्ह नहीं दिया।

1	1441
11	16
111	161
12	1613
121	1616
1211	191
122	1912
124	1994
14	2

जो अंक बीच में छोड़ दिये हैं वे भी उनमें समाविष्ट किए जा सकते हैं तथा आवश्यकतानुसार अधिक अंक भी निर्माण कर सकते हैं। इस प्रकार 1 और 2 के बीच में कितने ही अंक निर्माण हो सकते हैं। और उनसे दो विषयों के बीच में अनेक संलग्न विभागों को स्थान दे सकते हैं।

3211 सत्कारशीलता

डा. रंगनाथन् इसको सत्कारशीलता का सूत्र (Canon of Hospitality) कहते हैं। और इस प्रकार की अंक रचना को बोधांकों की सत्कारशीलता (Hospitality of Notation) कहते हैं। आपने अपनी प्रणाली में इसका प्रचुर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मात्रा में प्रयोग किया है।

4 द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली में आए कुल बोधांक (Digits)

आपने द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली में नीचे दिए हुए कुल बोधांकों (Digits) का उपयोग किया है। प्रत्येक विषय का वर्गांक बनाते समय इन संकेत चिन्हों का प्रयोग किया जाता है।

अंग्रेज़ी बोधांक	*हिन्दी बोधांक*	*कुल संख्या*
छोटे रोमन वर्ण (i, l तथा o छोड़कर)	सानुस्वार नागरी वर्ण	23
अरवी अंक	भारतीय अंक	9
वड़े रोमन वर्ण	नागरी वर्ण	26
ग्रीक वर्ण ∠ △ (Delta)	नागरी वर्ण—न	1
कोष्ठक आरंभक (Starter) '('	कोष्ठक आरंभक '('	1
,, वंधक (Arrester) ')'	,, वंधक ')'	1
अभिमुख वाण (⟶) (Forward arrow)	अभिमुख वाण (⟶)	1
पराङ्मुख वाण (⟵) (Backward arrow)	पराङ्मुख वाण (⟵)	1
उद्धरण चिन्ह (') (Inverted comma)	उद्धरण चिन्ह (')	1
बिन्दु (Dot) (●)	बिन्दु (.)	1
द्विविन्दु (Colon) (:)	द्विविन्दु (:)	1
अर्धविराम (Semi colon) (;)	अर्धविराम (;)	1
अल्पविराम (comma) (,)	अल्पविराम (,)	1
आड़ी रेखा (Hyphen) (-)	आड़ी रेखा (-)	1
शून्य (Zero) (O)	शून्य (O)	1

41 उनका क्रम (Sequence)

वर्गांक तैयार करने की दृष्टि से इन संकेत चिन्हों का क्रम भी निश्चित किया है।

अंग्रेजी बोधांकों का कार्यक्रम—

O ← →) ' . : ; , - *a b c d............x y z*
1 2 3..............9 A B C D ....X Y Z.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी वोधांकों का क्रम—

0 ← →) ' . : ; , - इं एं किं कु……ते
विं वें । 1 2 3…………9 इ ए कि कु………ले वि वे (.

5 वर्गांक वनाने की पंचपदी

वर्गांक तैयार करते समय वर्गकार निम्नलिखित क्रम से क्रियाशील होंगे तो उनको वर्गांक तैयार करना सुलभ रहेगा ।

1. ज़रूरत हो तो संपूर्ण किताव पढ़कर उसका विषय निश्चित करना ।
2. ग्रंथ में एक से अधिक विषय हो तो वर्गीकरण के नियमानुसार उनका क्रम निश्चित करना ।
3. ग्रंथ विषय या विषयों का वोधांकों में रूपांतर करना ।
4. संयोग चिन्हों (connecting symbols) का प्रयोग करना ।
5. संपूर्ण वर्गांक लिख लेना ।

Acc: 29696

MAHENDRA SANSKRIT UNIVERSITY

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रंथांक
(Book Number)

1 ग्रंथांक की आवश्यकता

पुस्तकालय में जब एक ही वर्गांक की अनेक पुस्तकें इकट्ठी आ जाती हैं तब उनकी भिन्नता स्पष्ट नहीं कर सकते और उनको शेल्फ में रखने में बड़ी कठिनाई होती है। यह समस्या हल करने के लिए ग्रंथांक की व्यवस्था की गई है।

मान लीजिए कि किसी कालेज के पुस्तकालय में 'अर्थशास्त्र के सिद्धान्त' पर लिखी 25 पुस्तकें हैं। उनके लेखक भिन्न हैं, प्रकाशन काल भिन्न है, कुछ पुस्तकें तीन चार भागों में लिखी हैं, किसी की चार-चार प्रतियाँ हैं, वे सब पुस्तकालय में भिन्न-भिन्न समय पर खरीदी गई हैं और उन सभी का वर्गांक तो एक ही 'ले' (X) है। इस स्थिति में जब तक उन किताबों में किसी प्रकार से भिन्नता स्पष्ट नहीं की जाती तब तक वे शेल्फ में इकट्ठी मिश्रित रूप में रखी जाएंगी। ग्रंथांक की आवश्यकता इसी कारण से उत्पन्न हुई।

2 दशमलव वर्गीकरण प्रणाली में ग्रंथांक की व्यवस्था

अमरीका के सुविख्यात पुस्तकाध्यक्ष सी॰ ए॰ कटर ने ग्रंथांक के लिए नामावली की एक बड़ी तालिका बनाई है जिसमें कुल नामों के तीन अक्षर समाविष्ट हैं। इस तालिका का प्रयोग बहुत से पुस्तकालयों में किया जाता है।

21 अपूर्णता

परन्तु कटर की यह व्यवस्था भी अपूर्ण है। उसमें पुस्तक के खंड, प्रति, भाषाएँ इत्यादि विषयक भिन्नता नहीं दिखा सकते। वे सब मिश्रित रूप से इकट्ठी रखनी पड़ती हैं। उनमें अधिक भिन्नता स्पष्ट करना आवश्यक हो गया।

3 ग्रंथांक के लिए बाह्यांगों की दृष्टि से एक मुख परिसूत्र

अतः डा. रंगनाथन् ने ग्रंथांक के बारे में सूक्ष्म विचार किया। आपने नौ प्रकार के विशिष्ट बाह्यांग (specified features) तथा उनको ग्रंथांक में उपयोग में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लाने के लिए एक मुख परिसूत्र (formula) बनाया जिससे हरेक ग्रंथ की भिन्नता स्पष्ट होती है और शेल्फ में ग्रंथ का एक ही निश्चित स्थान हो जाता है।

विशिष्ट बाह्यांग-मुख	*संकेत चिन्ह*	*संक्षेप* हिन्दी	अंग्रेजी
भाषा मुख (Language Facet)	भाषांक (Language Number)	भा	L
विवरण प्रकार मुख (Form Facet)	विवरण प्रकारांक (Form Number)	वि	F
वर्ष मुख (Year Facet)	वर्षांक	व	Y
ग्रंथ समावेश क्रम मुख (Accession part of Book Number)	ग्रंथसमावेश क्रमांक (Number for Accession of Book Number)	स	A
खंड मुख (Volume Facet)	खंडांक (Volume Number)	खं	L
परिशिष्ट मुख (Supplement Facet)	परिशिष्टांक (Supplement Number)	प	S
मूल्यांकन मुख (Evaluation Facet)	मूल्यांकनांक (Evaluation Number)	मू	E
मूल्यांकन ग्रंथसमावेश क्रम का मुख (Accession part of Evaluation Facet)	मूल्यांकन ग्रंथसमावेश क्रमांक (Accession part of Evaluation Number)	मू स	EA
प्रति का मुख, (Copy Facet) संस्करण मुख (Edition Facet)	प्रति का बोधांक या संस्करणांक (Copy Number)	प्र	C

31 उनके संयोग चिन्ह

आपने इनके संयोग चिन्ह भी निश्चित किए हैं। प्रथम चार मुख बिना संयोग चिन्हों के एक के साथ दूसरा जोड़ सकते हैं। बाकी मुखों के संयोग चिन्ह नीचे दिये हैं।

खंड मुख	.
परिशिष्ट मुख	-
मूल्यांकन मुख	:
मूल्यांकन ग्रंथसमावेश क्रम मुख	संयोग चिन्ह नहीं।
प्रति मुख	;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

32 संयोग चिह्नों के साथ मुख-परिसूत्र

संयोग चिन्हों के साथ संपूर्ण मुख-परिसूत्र इस प्रकार होगा—

[भा] [वि] [व] [स] . [सं] - [प] : [मू] [मू स];[प्र]
[L] [F] [Y] [A]. [V] - [S]: [E] [EA] ;[C]

33 मुखक्रम कायम रखकर आवश्यक संकेतचिह्नों का प्रयोग

हर ग्रंथ को परिसूत्र में दिए सब बोधांक ग्रंथांक में देने की आवश्यकता नहीं होती। भिन्नता स्पष्ट करने के लिए आवश्यक बोधांक ही उसमें समाविष्ट किए जाते हैं। परन्तु वे निश्चित किए क्रम के अनुसार लेना चाहिए। मुख परिसूत्र में दिया क्रम हम बदल नहीं सकते।

4 ग्रंथांक के मुखों का क्रमशः विवेचन

41 भाषा मुख (Language Facet)

411 *भाषांक*

भाषांक (Language Number) भाषा पृथक संज्ञाओं की तालिका से दिया जाता है। भाषा पृथक् संज्ञाओं की तालिका 'अध्याय न' में दी हुई है।

मान लीजिए कि आर्य संस्कृति के ऊपर एक पुस्तकालय में तीन चार भाषाओं में लिखी हुई पुस्तकें हैं। उन में भाषांक से इस प्रकार भिन्नता दिखा सकते हैं :—

वि73 (पु1) : 1 111	Y73(P1) : 1 111	आर्य संस्कृति पर अंग्रेजी ग्रंथ
वि73 (पु1) : 1 152	Y73(P1) : 1 152	,, ,, ,, हिन्दी ,,
वि73 (पु1) : 1 155	Y73(P1) : 1 155	,, ,, ,, मराठी ,,
वि73 (पु1) : 1 157	Y73(P1) : 1 157	,, ,, ,, वंगाली ,,

412 *अंगीकृत भाषा में लिखी पुस्तकों का भाषांक*

साहित्य के अतिरिक्त अन्य विषयों की पुस्तकें जब पुस्तकालय की अंगीकृत भाषा (Favoured Language) में लिखी होती हैं तब भाषांक देने की आवश्यकता नहीं।

4121 *संप्रति भारत की अंगीकृत भाषा अंग्रेज़ी*

सामान्यतः देश की मातृभाषा (Mother tongue) उसकी अंगीकृत भाषा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

होती है। जर्मनी में जर्मन, फ्रांस में फ्रेंच, रूस में रूसी, जापान में जापानी, इस प्रकार देशों की अंगीकृत भाषा हो जाती है। परन्तु भारत जैसे देश की अंगीकृत भाषा विशिष्ट परिस्थिति के कारण कुछ दिनों के लिए अंग्रेज़ी ही मानी जाएगी। अतः संप्रति भारत में 'साहित्य' के अतिरिक्त अन्य विषयों की अंग्रेज़ी में लिखी पुस्तकों को भाषांक देने की आवश्यकता नहीं। परन्तु कुछ दिनों के पश्चात् अपनी अंगीकृत भाषा हिन्दी ही मानी जाएगी और उसके लिए भाषांक देने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

413 *'साहित्य' की पुस्तकों के ग्रंथांक में भाषांक देना कब आवश्यक है ?*

'साहित्य' में यदि पुस्तक भाषांतरित है या दूसरी भाषा में लिखी हुई पुस्तक का मूल्यांकन है या अन्य भाषी किसी लेखक की जीवनी है, केवल उसी समय भाषांक की आवश्यकता होती है। अन्यथा 'साहित्य' की किसी पुस्तक को भाषांक नहीं दिया जाता। उदाहरणार्थ—

पि15,2कु40, 1 152	O15,2D40,1 152	शाकुन्तल का हिन्दी भाषांतर
पि16,2कु4८,1:चं 152	O15,2D40,1:*g* 152	शाकुन्तल का हिन्दी में मूल्यांकन
पि15, 2कु40,1 168	O15,2D40,1 168'	शाकुन्तल का उर्दू भाषांतर
पि152,1टि34रु 155	O152,1J34*w* 155	तुलसीदास का मराठी में चरित

साहित्य की मूल भाषा तथा मूल लेखक वर्गांक में दिखाए जाते हैं और जिस भाषा में मूल पुस्तक का भाषांतर, मूल्यांकन या लेखक का चरित्र लिखा होता है उस भाषा का निर्देश ग्रंथांक में भाषांक से किया जाता है।

42 विवरणप्रकार मुख (Form Facet)

421 *विवरण प्रकारों की तालिका*

इस मुख के बोधांक को विवरण प्रकारांक (Form Number) कहते हैं। नीचे दी हुई तालिका से विवरण प्रकारांक दिया जाता है।

हिन्दी	*अंग्रेज़ी*	*विवरण प्रकार*
इं1	*a*1	पद्धति के अनुसार (Systematical)
इं5	*a*5	वर्णानुक्रमानुसार (Alphabetical)
इं6	*a*6	कालानुक्रमानुसार (Chronological)
एं	*b*	निर्देशी (Index)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी	अंग्रेज़ी	विवरण प्रकार
एं1	*b*1	निर्देशी-पद्धति के अनुसार
एं5	*b*5	„ -वर्णानुक्रम से
एं51	*b*51	„ -ग्रंथनामानुक्रम से (Title)
एं55	*b*55	„ -विषयनामानुक्रम से (Subject)
एं57	*b*57	„ -ग्रंथकारनामानुक्रम से (Author)
कि	*c*	सूची -(List)
कि1	*c*1	„ -पद्धति के अनुसार
कि2	*c*2	„ -संख्यानुक्रम से (Numerical)
कि3	*c*3	„ -भू पृथक्संज्ञाओं के क्रम से (Geographical)
कि4	*c*4	„ -परंपरानुसार (Conventional)
कि5	*c*5	„ -वर्णानुक्रम से
कि51	*c*51	„ -ग्रन्थनामानुक्रम से
कि55	*c*55	„ -विषयानामानुक्रम से
कि57	*c*57	„ -ग्रंथकारनामानुक्रम से
कि6	*c*6	„ -कालानुक्रम से
कि9	*c*9	„ -अन्य प्रकार (Other types)
कि94	c94	„ -मुद्रक के लिए (Printer)
कि96	*c*96	„ -प्रकाशक के लिए (Publisher)
कुं	*d*	„ -स्वीकृत आधार सामग्री का संग्रह (Data Book)
कुं2	*d*2	„ -नमूना (Pattern)
कुं3	*d*3	„ -व्यंजन विधि (Recipe)
कैं	*f*	चित्र (Picture)
कैं2	*f*2	मूर्ति निर्माण कला (Sculpture)
कैं3	*f*3	मीनाकारी या उत्कीर्णकला (Engraving)
कैं4	*f*4	आलेख कला (Graphic art)
कैं5	*f*5	चित्रकला (Painting)
कैं95	*f*95	फोटोग्राफ (Photograph)
कैं953	*f*953	चित्रपट (Cinema film)
कैं9533	*f*9533	ध्वनि पट (Sound film)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हिन्दी	अंग्रेज़ी	विवरण प्रकार
कँ954	*f*954	ऋण चित्र (Negative)
कँ955	*f*955	पारदर्शक चित्र (Transparent Picture)
कँ994	*f*994	साँचा (Block)
चं	*g*	नक्शा, ढाँचा, (Plan)
चं1	*g*1	विभागशः (Section)
चं2	*g*2	ऊँचाई दिखाने वाला (Elevation)
चं3	*g*3	उभाड़दार (Relief)
चं6	*g*6	रेखाकृति (Diagram)
चिं	*h*	आलेख (Graph)
चिं1	*h*1	रेखा (Line)
चिं2	*h*2	आयत चित्र (Histogram)
चिं3	*h*3	दृश्य विषयक (Perspective)
चिं6	*h*6	आयोजित (Schematic)
टि	*j*	व्यंगकाव्य (Parody)
दुं	*k*	रूपानुकूलता (Adaptation)
नें	*n*	अभिप्राय (Opinion)
पुं1	*p*1	भाषण (Lecture)
पुं2	*p*2	संवाद (Dialogue)
पुं3	*p*3	चर्चा, गोष्ठी (Discussion)
पुं5	*p*5	वादविवाद (Debate)
पुं7	*p*7	एक विषय पर चर्चा करने वाला लेख (Symposium)
मं	*q*	विधि संग्रह या नियमावली (Code)
लं	*v*	प्रयोगात्मक (Practical)
लि1	*w*1	कविता (Verse)
लि2	*w*2	नाटक (Drama)
लि3	*w*3	उपन्यास या कथा साहित्य (Fiction)
लि4	*w*4	पत्र (Letter)
लि7	*w*7	चंपू (Champu)
लें	*x*	उद्धरण (Quotation)
लें4	*x*4	समाचारपत्र की कतरन (Press Cutting)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सामान्य गद्य प्रकार में जब पुस्तक लिखी होती है तब विवरण प्रकारांक देने की आवश्यकता नहीं। अतः यह स्पष्ट है कि पुस्तकालय में बहुसंख्यक पुस्तकों को विवरण प्रकारांक देने की ज़रूरत नहीं होती।

43 वर्ष मुख (Year Facet)

431 ग्रंथांक में सबसे महत्त्व का बोधांक

ग्रंथांक में सबसे महत्त्व का बोधांक वर्षांक (Year Number) है। बाकी बोधांक आवश्यकतानुसार दिए जाते हैं। परन्तु हर एक ग्रंथ के ग्रंथांक में वर्षांक जरूर होता है।

432 वर्षांक में प्रकाशन वर्ष दिया जाता है

वर्षांक में ग्रंथ का प्रकाशन वर्ष 'काल-पृथक् संज्ञाओं' की 'अध्याय ति' में दी हुई तालिका के अनुसार दिया जाता है।

मान लीजिए कि एक पुस्तकालय में 'हिन्दू दर्शन (मि6)' पर पांच हिन्दी ग्रंथ हैं। उनमें प्रकाशन काल से इस प्रकार भिन्नता दिखाई जा सकती है।

	वर्गांक एवं ग्रंथांक		प्रकाशन वर्ष
1)	मि6 152ने25	R6 152N25	1925
2)	मि6 152ने33	R6 152N33	1933
3)	मि6 152ने48	R6 153N48	1948
4)	मि6 152ने54	R6 152N54	1952
5)	मि6 152ने61	R6 152N61	1961

433 काल गणना की एक और वैकल्पिक तालिका

जिन पुस्तकालयों की बहुसंख्यक किताबें 1880 के पश्चात् प्रकाशित हैं उनके लिए डा० रंगनाथन् ने एक वैकल्पिक (alternative) तालिका बनाई है। पुस्तकालय यदि चाहे तो वर्षांक के लिए भी इसका प्रयोग कर सकते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

काल गणना की वैकल्पिक (alternative) तालिका

(केवल वर्षांक के लिए)

काल	बोध चिन्ह हिन्दी	बोध चिन्ह अंग्रेज़ी	काल	बोध चिन्ह हिन्दी	बोध चिन्ह अंग्रेज़ी
ई. स. 1880 से पूर्व	इ	A	ई. स. 2010 से 2019	म	Q
„ 1880 से 1889	ए	B	„ 2020 से 2029	मि	R
„ 1890 से 1899	कि	C	„ 2030 से 2039	मु	S
„ 1900 से 1909	कु	D	„ 2040 से 2049	रि	T
„ 1910 से 1919	के	E	„ 2050 से 2059	रु	U
„ 1920 से 1929	कैं	F	„ 2060 से 2069	ल	V
„ 1930 से 1939	चं	G	„ 2070 से 2079	लि	W
„ 1940 से i949	चि	H	„ 2080 से 2089	ले	X
„ 1950 से 1959	टि	J	„ 2090 से 2099	वि	Y
„ 1960 से 1969	टे	K	„ 2100 से 2109	वेइ	ZA
„ 1970 से 1979	त	L	„ 2110 से 2119	वेए	ZB
„ 1980 से 1989	तु		„ 2120 से 2129	वेकि	ZC
„ 1990 से 1999	ने	N	„ 2130 से 2139	वेकु	ZD
„ 2000 से 2009	पु	P	„ 2140 से 2149	वेके	ZE

4331 इस से एक अंक की बचत

इस नई तालिका से दिए वर्षांक में एक अंक बच जाता है। स्पष्टीकरण के लिए वही उपरोक्त पांच हिन्दु दर्शन की पुस्तकों के वर्षांक नई तालिकानुसार बनाकर तुलनात्मक दृष्टि से देखेंगे।

प्रकाशन वर्ष	वर्गांक की कालतालिका से दिए वर्षांक		वैकल्पिक तालिका से दिए वर्षांक	
ई. स. 1925	ने25	N25	कैं5	F5
ई. स. 1933	ने33	N33	च3	G3
ई. स. 1948	ने48	N48	चि8	H8
ई. स. 1954	ने54	N54	टि4	J4
ई. स. 1961	ने61	N61	टे1	K1

स्मरण रखिए, इस वैकल्पिक तालिका का प्रयोग केवल वर्षांक के लिए किया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

44 ग्रंथ समावेश क्रम अंक

(Accession Part of Book Number)

एक विषय पर एक वर्ष में एक ही भाषा में कभी-कभी अनेक ग्रंथ प्रकाशित होते हैं और पुस्तकालय में वे आते रहते हैं। उनमें भिन्नता दिखाना आवश्यक है। यह भिन्नता ग्रंथ समावेश क्रमांक (Number for Accession Part of Book Number) से दिखा सकते हैं।

उदाहरणार्थ, 'हिन्दू दर्शन' पर ई. स. 1961 में जो हिन्दी ग्रंथ प्रकाशित हुए उनमें से चार ग्रंथ पुस्तकालय में आए हैं। उनके ग्रंथांक में इस प्रकार भेद स्पष्ट कर सकते हैं।

मि 6 152 टे1	R6 152K1	ई. स. 1961 में हिन्दु दर्शन पर लिखे हिन्दी ग्रंथों में से पुस्तकालय में समाविष्ट प्रथम हिन्दी ग्रंथ
मि 6 152टे11	R6 152K11	द्वितीय ,, ,,
मि 6 152टे12	R6 152K12	तृतीय ,, ,,
मि 6 152टे13	R6 152K13	चतुर्थ ,, ,,

इस प्रकार जितने ग्रंथ पुस्तकालय में समाविष्ट होते हैं, उनको ग्रंथ समावेश क्रमांक देने से ग्रंथांक में भिन्नता रहती है तथा ग्रंथ संग्रह में उनका स्थान भी निश्चित होता है। यह क्रमांक प्रथम समाविष्ट ग्रंथ को नहीं दिया जाता। दूसरा उसी प्रकार का ग्रंथ जब आ जाता है तब वर्षांक के साथ बिना संयोग चिन्ह ग्रंथ समावेश क्रमांक 1 दिया जाता है। इसी प्रकार तीसरे ग्रंथ को क्रमांक 2, चौथे को 3, पाँचवे को 4... क्रमांक दिए जाते हैं।

45 खण्ड मुख (Volume Facet)

451 खण्डांक (Volume Number)

ग्रंथ जब अनेक खण्डों में प्रकाशित होता है तब खण्डांक (Volume Number) देना आवश्यक है। इसके लिए बिन्दु (.) का संयोग चिन्ह निश्चित किया है।

उदाहरणार्थ, ई० स० 1959 में एक ग्रंथ चार खण्डों में प्रकाशित हुआ है। उनके ग्रंथांक में खण्डांक इस प्रकार दिए जायेंगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रथम खण्ड	टि9.1	J9.1
द्वितीय खण्ड	टि9.2	J9.2
तृतीय खण्ड	टि9.3	J9.3
चतुर्थ खण्ड	टि9.4	J9.4

4511 *ग्रंथ समावेश क्रमांक युक्त ग्रंथांक में खण्डांक*

मान लीजिए कि उपरोक्त ग्रंथ ई० स० 1959 में प्रकाशित उस विषय के जो ग्रंथ पुस्तकालय में समाविष्ट हुए हैं, उनमें चौथा है। अतः इसका वर्षांक 'टि 93' होगा और चारों खण्डों के ग्रंथांक इस प्रकार लिखे जायेंगे—

टि 93.1	टि 93.3
टि 93.2	टि 93.4

452 *प्रथम प्रकाशित खंड का वर्षांक सब खण्डों के लिए*

कभी-कभी ग्रंथ के सब खण्ड एक ही वर्ष में प्रकाशित नहीं होते। अतः जो खण्ड प्रथम प्रकाशित होता है उसका प्रकाशन वर्ष सभी खण्डों के लिए माना जाता है। क्योंकि प्रथम खण्ड कभी-कभी दूसरे खण्डों के पश्चात् भी प्रकाशित होता है।

उदाहरणार्थ, एक ग्रंथ के पांच खण्ड निम्नलिखित वर्षों में प्रकाशित हुए हैं :—

1 ला खण्ड	—	ई० स० 1948 में
2 रा खण्ड	—	,, 1950 में
3 रा खण्ड	—	,, 1945 में
4 था खण्ड	—	,, 1949 में
5 वाँ खण्ड	—	,, 1952 में

इनको ग्रंथांक देते समय तीसरे खण्ड का वर्षांक सभी खण्डों को देना उचित है। जैसे—

चि5.1, चि5.2……………… चि5.5
H5.1, H5.2……………… H5.5

सुविधा के लिए और वर्षांक में नित्य वदल न करना पड़े इस विचार से प्रथम प्रकाशित खण्ड का वर्षांक सब खण्डों को देने की यह अनुमति डा० रंगनाथन् ने दी है। आप कहते हैं—

"Hence, if the labour of changing the numbers is to be avoided, it is obvious that the most convenient year that can be used for the Year Number of the set is the year in which the first published volume of the set appears."

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

46 परिशिष्ट मुख (Supplement Facet)

461 परिशिष्टांक

प्रकाशित ग्रंथ के पश्चात् जब उसका परिशिष्ट प्रकाशित होता है तब यह परिशिष्ट संबंधित ग्रंथ के साथ रखने के लिए परिशिष्टांक (Supplement Number) दिया जाता है। इसका संयोग चिन्ह छोटी आड़ी रेखा (-) है। जैसे—

ई० स० 1959 में प्रकाशित अर्थशास्त्र का	ले	X
ग्रंथ	ट1	J9
उसका प्रथम परिशिष्ट	ले	X
	ट9-1	J9-1

दूसरे परिशिष्ट को 2, तीसरे को 3 इस प्रकार जितने परिशिष्ट हों उनको परिशिष्टांक दे सकते हैं।

4611 खण्डांक के पश्चात् परिशिष्टांक

किसी ग्रंथ के किसी खण्ड (Volume) का जब परिशिष्ट होता है तब खण्डांक के पश्चात् परिशिष्टांक दिया जाता है। उदाहरणार्थ,

ई० स० 1959 में प्रकाशित		ग्रंथांक
ग्रंथ के तीसरे खंड का प्रथम परिशिष्ट	ट9.3-1	J9.3-1

47 मूल्यांकन मुख (Evaluation Facet)

471 आवश्यकता

जब किसी ग्रंथविशेष को आर्षग्रंथ (classic) या उच्च कोटि का प्रमाण ग्रंथ नहीं मान सकते; परन्तु उसका मूल्यांकन करने वाली अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो जाती हैं; तब ग्रंथांक में उनके लिए मूल्यांकन अंक (Evaluation Number) देना आवश्यक है। यह मूल्यांकन कभी-कभी प्रत्युत्तर के स्वरूप का भी होता है।

472 कृत्रिम आद्य ग्रंथ और संबंधित ग्रंथ

जिस ग्रंथ के ऊपर मूल्यांकनात्मक ग्रंथ लिखा जाता है उस ग्रंथ को मूलग्रंथ या कृत्रिम आद्यग्रंथ (Host Book or a Pseudo Classic) कहते हैं और मूल्यांकन ग्रंथ को संबंधित ग्रंथ (Associated Book) कहते हैं।

473 वर्षांक के साथ मूल्यांकनांक

दोनों ग्रंथों को वर्षांक एक ही एवं मूल ग्रंथ का वर्षांक दिया जाता है और पश्चात् मूल्यांकनांक संयोग चिन्ह के साथ (:चं) लिखा जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदाहरणार्थ—

मूलग्रंथ	ले लें तु 83	XxM83
(1953 में प्रकाशित)	टि3	J3
मल्यांकन का	ले लें तु 83	XxM83
संबंधित ग्रंथ	टि 3 : चं	J3:g

48 मूल्यांकन ग्रंथ समावेश क्रम

(Accession Part of the Evaluation Number Facet)

पूर्वकथित संबंधित मूल्याकन ग्रंथ जब एक से अधिक संख्या में पुस्तकालय में समाविष्ट होते हैं तब मूल्यांकन ग्रंथ समावेश क्रमांक (Accession Part of the Evaluation Number) देने की आवश्यकता होती है। ग्रंथ समावेश क्रमांक जैसे यह क्रमांक भी दिया जाता है। उदाहरणार्थ—

मूल्यांकन का प्रथम संबंधित ग्रंथ	टि3 : चं	मूल्यांकन
,, दूसरा ,, ,,	टि3 : चं1	ग्रंथ दाखल
,, तीसरा ,, ,,	टि3 : चं2	क्रमांक का अभाव

491 संस्करण मुख (Edition Facet)

4911 *प्रति का बोधांक*

ग्रंथालय में कभी-कभी एक पुस्तक की अनेक प्रतियाँ खरीदी जाती हैं। इन प्रतियों को प्रति का बोधांक (Copy Number) दिया जाता है। इसका संयोग-चिन्ह अर्धविराम (;) है।

49111 *पुनर्मुद्रण या अपरिवर्तित नया संस्करण*

पुनर्मुद्रण या अपरिवर्तित नया संस्करण उस किताब की अन्य प्रति समझनी चाहिए।

49112 *प्रति का बोधांक कैसा दिया जाता है?*

प्रति का बोधांक दूसरी प्रति से दिया जाता है। दूसरी प्रति को क्रमांक 1, तीसरी को 2, चौथी को 3, पाँचवीं को 4……इस प्रकार जितनी प्रतियाँ पुस्तकालय में होंगी उनको बोधांक दे सकते हैं।

उदाहरणार्थ, ई० स० 1958 में प्रकाशित ग्रंथ की चार प्रतियों के बोधांक देखिए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

	प्रथम प्रति	द्वितीय प्रति	तृतीय प्रति	चतुर्थ प्रति	इ०इ०
	टि8	टि8; 1	टि8; 2	टि8; 3	...
या	टि81	टि81; 1	टि81; 2	टि81; 3	...

और किसी ग्रंथ के खण्ड की प्रतियाँ हों तो—

टि81.2	टि81.2; 1	टि 81.2; 2	टि81.2; 3

4912 संस्करणांक

जब ग्रंथ का नया संस्करण पुनः शुद्धिकृत तथा बिल्कुल भिन्न प्रकार का होता है तब उनको भी प्रति समझकर प्रति का अंक दे सकते हैं या संस्करणांक (Edition Number) देते हैं ।

49121 संस्करणांक कैसा दिया जाता है ?

संस्करण का संयोग चिन्ह भी अर्धविराम (;) होता है । संयोग चिन्ह के आगे नये संस्करण का प्रकाशन वर्ष दिया जाता है । जैसे, 1955 में प्रकाशित एक अर्थशास्त्रीय ग्रंथ के 1957, 1959 तथा 1961 के संस्करण इस प्रकार दिखा सकते हैं :—

ले	टि5	X	J5	ग्रंथ का	प्रथम	संस्करण	ई० स०	1955 में।
ले	टि5; टि7	X	J5; J7	,,	दूसरा	,,	,,	1957 में।
ले	टि5; टि9	X	J5; J9	,,	तीसरा	,,	,,	1959 में।
ले	टि5; टे1	X	J5; K1	,,	चौथा	,,	,,	1961 में।

ग्रंथों के विशिष्ट बाह्यांग से बनाए सब मुखों का विवेचन पूर्ण हो गया है। इनकी मदद से हम प्रत्येक ग्रंथ को ग्रंथाक दे सकते हैं और ग्रंथ संग्रह में उसका एक ही स्थान निश्चित कर सकते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Chapter 04

के Number

04 Collection संग्रहांक

1 संग्रहविशेष दिखाने की आवश्यकता

कभी-कभी केवल वर्गांक और ग्रंथांक से पुस्तक का निश्चित स्थान दिखाना कठिन होता है; क्योंकि कुछ किताबें सामान्य आकार से बड़ी होती हैं, कुछ बिल्कुल छोटी। स्वभावतः पुस्तकालय में वे भिन्न-भिन्न स्थानों पर रखी जाती हैं। छोटी-पुस्तिकाएँ (pamphlets) मोटी पुस्तकों के साथ रखना असंभव है। उनकी स्थान भिन्नता स्पष्ट करने के लिए कुछ विशेष चिन्ह ज़रूरी हैं। इससे संदर्भ ग्रंथ, दुर्लभ ग्रंथ, फटे हुए ग्रंथ इत्यादि संग्रहविशेष को कुछ चिन्ह देने से ग्रंथ का स्थान अधिक निश्चित होता है और वह अविलम्ब निकालकर पाठक को देना सहज सुलभ होता है। इन संग्रहविशेषों को दिए हुए चिन्हों को **संग्रहांक** (Collection Number) कहते हैं।

2. संग्रहविशेष चिह्न

ये चिन्ह ग्रंथांक या वर्गांक के साथ लगाए जाते हैं। डा० रंगनाथन् की बनाई हुई इसकी तालिका नीचे दी गई है।

संग्रहविशेष	*उनका चिह्न*
1) पुस्तिकाएँ (Pamphlets)	ग्रंथांक के नीचे छोटी रेखा (Underline the Book Number)

उदा०—1) ले टि1 (अर्थशास्त्र पर पुस्तिका)
X J1

2) वे2 टे2 (भारतीय क़ानून पर पुस्तिका)
Z2 K2

2) सामान्य से बड़ी आकार की पुस्तकें (Oversized Books)	ग्रंथांक के ऊपर छोटी रेखा (Overline the Book Number)

उदा०—1) मु8 टि5
S8 J5

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(समाज मनोविज्ञान की बड़ी आकार की किताब)

2) लि 691 $\overline{\text{टे1}}$
W691 $\overline{\text{K1}}$
(साम्यवाद पर बड़ी आकार की किताब)

3) फटी हुई पुस्तकें (Wornout Books) — पर्यवेष्टित ग्रंथांक (Encircled Book Number)

उदा०—त (चि5)
L (H5)
(वैद्यकशास्त्र की फटी हुई किताब)

4) दुर्लभ ग्रंथों का संग्रह (Rare Books) — वर्गांक के ऊपर 'दु सं' लिखना ('R B' over the Class Number)

दु सं
उदा०—ल2 ए6
RB
V2 B6
(सन् 1886 में प्रकाशित हुआ भारतीय इतिहास का ग्रंथ)

5) वाचनालय में रखे हुए ग्रंथों का संग्रह (Books in Reading Room) — वर्गांक के ऊपर 'वा सं' लिखना ('R R' over the Class Number)

वा सं
उदा०—ले.2 टि9
RR
X.2 J9
(वाचनालय में रखा हुआ भारतीय अर्थशास्त्र का ग्रंथ)

6) पाठ्यक्रम के ग्रंथों का संग्रह (Collection of Text Books) — वर्गांक के ऊपर 'पा सं' लिखना ('T C' over the Class Numbers

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पा सं
उदा०—लि टे2
TC
W K2
(राजनीतिशास्त्र का पाठ्यक्रम में निर्धारित ग्रंथ)

7) नियतकालिकों का संग्रह (Collection of Periodicals) — वर्गांक के ऊपर 'नि सं' लिखना (P C over the Class Number)

नि सं
उदा०—पि तुंतु 93 टि4
PC
O—mM93 J4
(सन् 1893 से प्रारंभित नियतकालिक के सन् 1954 के अंक)

8) चलचित्रों का संग्रह (Collection of Film Strips) — वर्गांक के ऊपर 'च सं' लिखना (F S over the Class Number)

चसं
उदा०—ए 9 टि 6
FS
B9 J6
(ज्योतिषगणित विषयक चलचित्रों का संग्रह)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मुख्य वर्ग
(Main Classes)

1 मुख्य वर्गों के चार प्रमुख मंडल (Zones)

द्विबिन्दु वर्गीकरण प्रणाली में मुख्य वर्गों की संख्या अन्य सब प्रणालियों से अधिक है। उसमें निरन्तर सुधार से यह संख्या ज्यादा से ज्यादा नियमवद्ध और शास्त्रीय बनाई गई है। डा० रंगनाथन् ने प्रथमतः सन् 1955-56 में 'Annals of Library Science' त्रैमासिक के दूसरे और तीसरे भागों में मुख्य वर्गों का विस्तृत विवेचन किया है। आपने मुख्य वर्गों के चार मंडल (Zones) बनाए हैं। चारों मंडलों में समाविष्ट मुख्य वर्गों के संकेत चिन्ह भी आपने निश्चित किए हैं।

नीचे चारों मंडल, उनमें समाविष्ट मुख्य वर्ग तथा निश्चित किए संकेत चिन्ह दिए हैं। आपने 'Annals of Library Science' मार्च, 1963 के अंक में "Notational Plane : Inter-Polation and Extra Polation" नामक लेख में दिए कुछ मुख्य वर्गों का समावेश भी इसमें किया है।

मंडल	*मुख्य वर्ग*	*संकेत चिन्ह*	
		हिन्दी	*अंग्रेज़ी*
प्रथम मंडल	1. प्रकीर्ण उपगम मुख्य वर्ग (Generalia Approach Main Classes)	अनुस्वार युक्त नागरी वर्ण	छोटे रोमन वर्ण
	2. प्रकीर्ण मुख्य वर्ग (Generalia Main Classes)	"	"
द्वितीय मंडल	अर्वाचीन काल में मान्यता प्राप्त मुख्य वर्ग (Recently recognised) Main Classes)	भारतीय अंक	अरवी अंक
तृतीय मंडल	यथार्थ मुख्य वर्ग (Proper Main Classes)	नागरी वर्ण	बड़े रोमन वर्ण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चतुर्थ मंडल	नवनिर्मित विधि विद्याएँ (Newly emerging methodologies)	वेष्टित संकेत चिन्ह	Packeteu Notation

अव इन चारों मंडलों में समाविष्ट मुख्य वर्गों का विस्तृत विवेचन करेंगे।

11 प्रथम मंडल (First Zone)

111 प्रकीर्ण उपगम मुख्य वर्ग (Generalia Approach Main Classes)

सम्प्रति निम्नलिखित मुख्य वर्ग इसमें समाविष्ट हैं :—

मुख्य वर्ग	*संकेत चिन्ह हिन्दी*	*अंग्रेजी*
प्रकीर्ण ग्रंथ सूची (Generalia Bibliography)	इं	*a*
प्रकीर्ण ज्ञानकोश (Generalia Encylopaedia)	टें	*k*
प्रकीर्ण नियतकालिक (Generalia Periodical)	तु	*m*
प्रकीर्ण माला प्रकाशन (Generalia Serial—Year Book, Annual Directory, Almanac etc.)	नें	*n*
प्रकीर्ण चरित्र (Generalia Biography)	लि	*w*
प्रकीर्ण विविध लेखन संग्रह (Generalia Miscellaneous Collections)	लें	*x*

ये मुख्य वर्ग पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाओं (Anteriorising Common Isolates) से बनाएँ हैं। सव मुख्य वर्गों में इनका स्थान भी पूर्ववर्ती (Anteriorising) है। अतः इनको पूर्ववर्ती पृथक् संज्ञों के मुख्य वर्ग (Main Classes of Anteriorising Isolates) भी कहते हैं।

1111 प्रकीर्ण उपगम मुख्य वर्गों के संकेत चिन्हों से पूर्व वें 'z' लिखने की आवश्यकता नहीं

वास्तव में ये मुख्य वर्ग 'प्रकीर्ण' (Generalia) 'z' मूल वर्ग का विस्तार है। अतः इनके संकेत चिन्ह इस प्रकार लिखने चाहिएँ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकीर्ण ग्रंथ सूची	वेंइं	za
प्रकीर्ण ज्ञानकोश	वेंटें	zk
प्रकीर्ण नियतकालिक	वेंतुं	zm
प्रकीर्ण अब्दकोश	वेंनें	zn
प्रकीर्ण चरित्र	वेंलि	zw
प्रकीर्ण विविध लेखन संग्रह	वेंलें	zx

परन्तु पूर्ववर्ती पृथक् संज्ञाएं होने के कारण इनका स्थान 'वें z' से पूर्व है। और संकेत चिन्हों के अंग्रेजी वर्ण माला में 'z' अन्तिम वर्ण है। स्वभावतः वे 'वें z' से पूर्व आएंगे। अतः इन मुख्य वर्गों से पूर्व 'z वें' लिखनें या न लिखने से उनके स्थान में कोई अन्तर नहीं पड़ता। इसलिए वह लिखा नहीं जाता या लिखने की आवश्यकता नहीं होती। इस विषय में डा० रंगनाथन् कहते हैं—

"Whenever the bare digit '*z* वें' (*i.e.* not amplified by Alphabetical Device or Geographical Device) calls for anteriorising Common Isolates, the digit *z* may be omitted and it is sufficient if the class number begins with the anteriorising Common Isolate digit."

112 प्रकीर्ण मुख्य वर्ग (Generalia Main Classes)

इसका वोध चिन्ह वें 'z' है। इन मुख्य वर्गों की आजकल अत्यन्त आवश्यकता पड़ती है। इस प्रकार की विद्याओं पर वहुत से ग्रंथ प्रकाशित हो रहे हैं। इनको यथार्थ मुख्य वर्गों में स्थान नहीं दे सकते। अतः डा० रंगनाथन् ने इनका एक भिन्न वर्ग बनाकर उसका स्थान प्रकीर्ण उपगम मुख्य वर्गों के पश्चात् निश्चित किया। इसीलिए अंग्रेजी वर्ण माला का अन्तिम वर्ण 'z' इसका बोध चिन्ह रखा। इसके लिए हिन्दी वर्ण 'वें' है।

इसका विस्तार तीन योजना विधियों (Devices) से किया जाता है:—

1) भूमिखण्ड योजना विधि से (by Geographical Device)
2) वर्णक्रम योजना विधि से (by Alphabetical Device)
3) विषय योजना विधि से (by Subject Device)

1121 भूमिखण्ड योजना विधि से बनाए प्रकीर्ण मुख्य वर्ग

स्थान पृथक् संज्ञाओं की तालिका से भूमिखण्ड दिए जाते हैं। उदाहरणार्थ—

भारतीय विद्या (Indology)	वें2	z 2
द्राविडी विद्या (Dravidology)	वें21	z21
पौर्वात्य विद्या (Orientalia)	वें4	z 4
चीनी विद्या (Sinology)	वें41	z41

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सिंहली विद्या (Ceylonology)	व4498	z4498
पाश्चात्य विद्या (Occidentalia)	वें5	z5
ग्रीकविद्या (Greekology)	वें51	z51
मिस्र विद्या (Egyptology)	वें677	z677
अमरीकी विद्या (Americanology)	वें73	z73

1122 *वर्णक्रम योजनाविधि से बनाए प्रकीर्ण मुख्य वर्ग*

इस प्रकार के मुख्य वर्ग वर्णक्रम योजना विधि (Alphabetical Device) से बनाए जाते हैं। महात्मा गांधी जैसी अत्यन्त महान् विभूतियों का ज्ञानसंग्रह के लिए इस विधि का प्रयोग किया जाता है। संसार में ऐसी विभूतियाँ बहुत ही थोड़ी होती हैं जिन्होंने ज्ञान की विभिन्न शाखाओं पर अपने महान् विचार ग्रंथों, लेखों या भाषणों में प्रगट किए हैं। इनकी संपूर्ण वाङ्मय कृति इकट्ठी रखनी पाठकों की दृष्टि से जरूरी है। इनके वर्गांक इस प्रकार बनाए जाते हैं।

जैसे—'महात्मा गांधी का संपूर्ण वाङ्मय' (Gandhiana)
वें गां   zG

1123 *विषय योजना विधि से बनाए प्रकीर्ण मुख्य वर्ग*

विषय योजना विधि (Subject Device) से भी प्रकीर्ण मुख्य वर्ग बना सकते हैं। संप्रति तीन प्रकीर्ण मुख्य वर्ग इस प्रकार बनाए गए हैं।

जैनी विद्या (Jainology)	वें(म 3)	z(Q3)
कैथोलिक विद्या (Catholicology)	वें(म 62)	z(Q62)
इस्लामी विद्या (Islamology)	वें(म 7)	z(Q7)

ये विषय 'धर्म' तथा 'समाज' मुख्य वर्गों से या उनमें समाविष्ट विषयों से किसी प्रकार सम्बन्धित नहीं होते। वे पूर्णतया प्रकीर्ण रूप के होते हैं।

12 द्वितीय मंडल (Second Zone)

अर्वाचीन काल में जिनको मान्यता प्राप्त हो गयी है ऐसे मुख्य वर्ग इसमें समाविष्ट होते हैं। इनका समावेश भी यथार्थ मुख्य वर्गों में नहीं कर सकते। 1 से 8 तक के अंक इनके संकेत चिन्ह हैं। इनकी विशेषता यह है कि यथार्थ मुख्य वर्गों में वाङ्मय निर्मिति करने के लिए जो विद्याएँ उपयुक्त होती हैं, उन विद्याओं का समावेश इस प्रकार में किया गया है। ज्ञान शाखोपशाखाओं पर विविध प्रकार के वाङ्मयनिर्मिति के लिए इन विद्याओं की आवश्यकता होती है। अतः इनकी योजना यथार्थ मुख्य वर्गों से पूर्व की गई है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार में निम्नलिखित मुख्य वर्ग समाविष्ट हैं।

ज्ञान विश्व (Universe of Knowledge)	1
पुस्तकालयशास्त्र (Library Science)	2
पुस्तकशास्त्र (Book Science)	3
पत्रकारिता (Journalism)	4
प्रमाणीकरण (Standardization)	5
विशेषीकरण (Specification)	6
आदर्शीकरण (Modelization)	7

13 तृतीय मंडल (Third Zone)

इस प्रकार में यथार्थ मुख्य वर्ग (Proper Main Classes) समाविष्ट हैं। नीचे सब यथार्थ मुख्य वर्ग दिये हैं।

यथार्थ मुख्य वर्ग	संकेत चिन्ह हिन्दी	संकेत चिन्ह अंग्रेज़ी
विज्ञान (Science)	इ	A
गणित शास्त्र (Mathematical Sciences)	उ	AZ
गणित (Mathematics)	ए	B
पदार्थ विज्ञानशास्त्र (Physical Sciences)	क	BZ
पदार्थविज्ञान (Physics)	कि	C
यंत्रशास्त्र (Engineering)	कु	D
रसायनशास्त्र (Chemistry)	के	E
प्रोद्योग कला, रसायन कला (Technology)	कै	F
जीवशास्त्र (Biology)	च	G
भूगर्भशास्त्र (Geology)	चि	H
खनिकर्मशास्त्र (Mining)	चु	HX
खनिकर्म तथा धातुशास्त्र (Mining & Metallurgy)	चे	HZ
वनस्पतिशास्त्र (Botany)	ट	I
कृषिशास्त्र (Agriculture)	टि	J
वन-विज्ञान (Forestry)	टु	JX
प्राणिशास्त्र, जन्तु विज्ञान (Zoology)	टे	K

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यथार्थ मुख्य वर्ग	संकेत चिन्ह हिन्दी	अंग्रेज़ी
पशुपालन कला (Animal Husbandry)	टं	KX
वैद्यकशास्त्र / चिकित्सा शास्त्र (Medicine)	त	L
भेषज विज्ञान / औषध विज्ञान (Farmacognasy)	ति	LX
उपयोगी कला (Useful Arts)	तु	M
आध्यात्मिक अनुभूति तथा गूढ़ विद्या (ब्रह्मविद्या) (Spiritual Experience & Mysticism)	न	Δ
मानवशास्त्र तथा सामाजिकशास्त्र (Humanities and Social Sciences)	नि	MZ
मानवशास्त्र (Humanities)	नु	MZA
ललितकला (Fine Arts)	ने	N
साहित्य तथा भाषा (Literature & Language)	प	NZ
साहित्य (Literature)	पि	O
भाषाविज्ञान (Language)	पु	P
हस्तलेखन कला (Calligraphy—art of skillful handwriting)	पुरु	PU1
संकेत लिपि में शीघ्र लिखने की कला या लघुलेखन (Short Hand)	पुरु3	PU3
टाइपरायटर से छापने की कला या टंक लेखन (Type Writing)	पुरु6	PU6
धर्मशास्त्र तथा तत्त्वज्ञान (Religion and Philosophy)	पे	PZ
धर्मशास्त्र (Religion)	म	Q
दर्शन; तत्त्वज्ञान (Philosophy)	मि	R
मनोविज्ञान (Psychology)	मु	S
सामाजिकशास्त्र (Social Sciences)	र	SZ
शिक्षाशास्त्र (Education)	रि	T
भूगोल (Geography)	रु	U
इतिहास (History)	ल	V
राजनीतिशास्त्र (Political Science)	लि	W
अर्थशास्त्र (Economics)	ले	X
व्यवस्थाशास्त्र (Management)	व	XX

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यथार्थ मुख्य वर्ग	*संकेत चिन्ह* *हिन्दी*	*अंग्रेज़ी*
समाजशास्त्र (Sociology)	वि	Y
समाज कार्य (Social Work)	वु	YX
न्यायशास्त्र कानून (Law)	वे	Z

डा० रंगनाथन् ने प्रथमतः केवल एक ही ग्रीक वर्ण का प्रयोग तालिका में किया था जो '△ (Delta)' 'आध्यात्मिक अनुभूति तथा गूढ़ विद्या' मुख्य वर्ग का संकेत चिन्ह है। पश्चात् उन्होंने सात और ग्रीक वर्णों का समावेश यथार्थ मुख्य वर्ग की तालिका में किया। इन ग्रीक वर्णों के बारे में भारत तथा यूरोप में बहुत आलोचना हुई, शिकायतें हुईं और बताया गया कि ये ग्रीक वर्ण लिखने में कठिन है, अतः इनका संकेत चिन्ह जैसा प्रयोग हटा दिया जाय। इसलिए डा० रंगनाथन् ने अब ये ग्रीक वर्ण तालिका में से निकाल दिए और उनके स्थान पर दो-दो बड़े रोमन वर्णों का प्रयोग किया। अब यथार्थ मुख्य वर्गों की तालिका में पूर्ववत् एक ही ग्रीक वर्ण '△ (Delta)' रह गया है। हिन्दी में उसके लिए 'न' वर्ण निश्चित किया है।

131 *यथार्थ मुख्य वर्गों के क्रम की विशेषता*

यथार्थ मुख्य वर्गों के क्रम में एक विशेषता दिखाई देगी। उनमें मुख्य वर्गों के अनेक समूह बनाए गए हैं। हरेक समूह के प्रारम्भ में उसका एक सर्वसामान्य विवेचन करने वाला मुख्य वर्ग निर्माण किया है। ऐसे मुख्य वर्गों को डा० रंगनाथन् अंशतः व्यापक प्रकीर्ण मुख्य वर्ग (Partially Comprehensive Generalia Main Classes) या अवशिष्ट मुख्य वर्ग (Residual Main Classes) कहते हैं। निम्न-लिखित मुख्य वर्ग इसी प्रकार के हैं।

विज्ञान (Sciences)	इ	A
गणितशास्त्र (Mathematical Sciences)	उ	AZ
पदार्थविज्ञान शास्त्र (Physical Sciences)	क	BZ
जीवशास्त्र (Biology)	च	G
खनिकर्म तथा धातुशास्त्र (Mining and Metallurgy)	चे	HZ
उपयोगी कला (Useful Arts)	तु	M
मानवशास्त्र तथा सामाजिकशास्त्र (Humanities and Social Sciences)	नि	MZ
मानव शास्त्र (Humanities)	नु	MZA
साहित्य तथा भाषा (Literature and Language)	प	NZ
सामाजिक शास्त्र (Social Sciences)	र	SZ

इन विषयों पर आजकल अनेक ग्रंथ तथा पत्र-पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रहे हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसलिए इनका समावेश यथार्थ मुख्य वर्गों में करना आवश्यक हुआ। इससे यथार्थ मुख्य वर्गों की तालिका में पूर्णता आ गयी है।

132 सहायक क्रम (Helpful Sequence)

यथार्थ मुख्य वर्गों के समूहों में एक प्रकार का सहायक क्रम (Helpful Sequence) है। इसी प्रकार का सहायक क्रम हर समूह के भीतर भी दिखाई देगा।

14 चतुर्थ मंडल (Fourth Zone)

पूर्व चर्चित तीनों मंडलों के कुछ मुख्य वर्गों से चतुर्थ मंडल के मुख्य वर्ग बनाए हैं। इनके संकेत चिन्ह भी वही कायम रखे हैं। केवल वे कोष्ठित कर दिये जाते हैं। इसी कारण से वे स्मृति सुलभ हो गये हैं। इन मुख्य वर्गों का स्थान यथार्थ मुख्य वर्गों के पश्चात् निश्चित किया है। विविध प्रकार की नवनिर्मित विधिविद्याएँ (Newly emerging Methodologies) तथा नई-नई शिल्पविधियाँ या तकनीकी ज्ञान (Newly emerging Techniques) इस मंडल में समाविष्ट किए हैं। आजकल इन विषयों पर भी अनेक ग्रंथ प्रकाशित हो रहे हैं। इस मंडल में संप्रति निम्नलिखित मुख्य वर्ग समाविष्ट हैं:—

मूल्यांकन शिल्पविधि (Evaluation Technique)	(: चं)	(: *g*)
ग्रंथसूची विद्या या तकनीक (Bibliographology)	(इं)	(*a*)
सम्मेलन शिल्पविधि (Conference Technique)	(पुं)	(*p*)
प्रशासन निवेदन शिल्पविधि (Administration Report Technique)	(मिं)	(*r*)
चरित्र शिल्पविधि (Biographology)	(लिं)	(*w*)
समाज संबंध की विधि विधा (Methodology of Public Relation in General)	(वि)	(*Y*)

अभी तक दिए हुए विवरण से पाठक जान सकते हैं कि डा० रंगनाथन् ने कुल मुख्य वर्गों की संख्या कितनी व्यापक बनाई है। मुख्य वर्गों की इतनी बड़ी संख्या संसार की प्रचलित किसी प्रणाली में नहीं। संख्या बड़ी होते हुए भी उनमें सुव्यवस्था कायम रखी है। मुख्य वर्गों की संख्या जितनी अधिक होगी उतना ही उस प्रणाली का क्षेत्र व्यापक समझा जाता है। द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली को मुख्य वर्गों की संख्या का यह उच्चांक तथा उसकी व्यापकता आपने अति कुशलता से प्राप्त करा दी है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ट

पांच मूलभूत प्रकार के मुख

(Facets of Five Fundamental Categories)

1 पांच मुख और उनके संयोग चिन्ह

डा० रंगनाथन् ने ज्ञान की शाखोपशाखाओं के पांच मूलभूत प्रकार के मुख या पहलू मान लिये हैं। प्रत्येक मुख के लक्ष्य या केन्द्रबिंदु (Foci) वर्गीकरणयोग्य गुणों (differentiating qualities or characteristics) पर आधारित होते हैं। आगे पांच प्रकार के मुख (Facets) तथा उनके संयोग चिन्ह (Connecting Symbols) दिए हैं।

मुख		संयोग चिन्ह
काल (Time)	'	उद्धरण चिह्न (Inverted Comma)
स्थल (Space)	.	बिन्दु (Dot)
ऊर्जा या क्रिया (Energy or Problem)	:	द्विबिन्दु (Colon)
पदार्थ या वस्तु (Matter or material)	;	अर्ध-विराम (Semi Colon)
व्यक्तित्व (Personality)	,	अल्पविराम (Comma)

ऊपर पांचों मुख सघनता के बढ़ते क्रम (Increasing Sequence of Concreteness) से दिये हैं। सबसे अधिक सघन या महत्त्व का मुख व्यक्तित्व तथा सबसे कम सघन मुख कालमुख है। किसी भी विषय का विचार इन पांच मुखों से किया जाता है। इस प्रकार विचार करने से किसी भी विषय का वर्गीकरण के लिए आवश्यक ज्ञान प्राप्त होता है। इन मुखों या मुख विभागों का वर्गीकरण के संकेत चिन्हों में रूपान्तर करने से वर्गांक प्राप्त हो जाता है।

मुखों के अधिक स्पष्टीकरण के लिए एक उदाहरण लेंगे। जिस पुस्तकालय में हम काम करते हैं या जाते हैं उसी के पांच मुख कल्पना से दिखाएंगे। मान लीजिए कि वह एक स्कूल का पुस्तकालय है। सार्वजनिक पुस्तकालय, व्यवसायात्मक पुस्तकालय, कॉलेज पुस्तकालय, क़ैदियों के, रोगियों के पुस्तकालय इस प्रकार पुस्तकालयों के अनेक प्रकार हो सकते हैं। ये सब प्रकार पुस्तकालय का व्यक्तित्व (Personality) दिखाते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हैं। अतः 'विद्यालयीन पुस्तकालय' से पुस्तकालय का प्रकार एवं व्यक्तित्व स्पष्ट होता है। इस पुस्तकालय में ग्रंथ हैं, पत्र-पत्रिकाएँ हैं, छोटी-छोटी पुस्तिकाएँ हैं, नियतकालिक तथा वृत्तपत्र हैं। पुस्तकालय इन वस्तुओं से भरा हुआ है। इनको पदार्थ या वस्तु मुख (Matter) कह सकते हैं। पुस्तकों का चयन, खरीद, वर्गीकरण, सूचीकरण, लेन-देन इत्यादि क्रियाएँ (actions) पुस्तकालय का ऊर्जा मुख (Energy Facet) होता है। पुस्तकालय दिल्ली में है, अतः दिल्ली स्थान मुख (Space Facet) और सन् 1956 में स्कूल के साथ स्थापित हुआ है इसलिए सन् 1956 कालमुख (Time Facet) हो गया।

इस प्रकार वर्गांक तैयार करते समय मुखों का विचार अवश्य करना होता है। इन सब मुखों का अब क्रमशः विवेचन करेंगे।

11 व्यक्तित्व मुख (Personality Facet)

111 *विभाजन*

किसी वर्ग के व्यक्तित्व मुख के विभाग उसके मूल लक्ष्य या केन्द्र बिंदुओं (Basic Foci) से बनाए जाते हैं। लक्ष्य या केन्द्रबिंदु सामान्यतः एक ही गुण (characteristic) पर या अनेक गुणों की माला (Chain of Characteristics) पर आधारित होते हैं।

112 *प्रचलित या रूढ़गत केन्द्रबिंदु*

कभी-कभी केन्द्रबिंदु (Foci) प्रचलित या रूढ़गत भी होते हैं। निम्नलिखित मुख्य वर्गों के केन्द्रबिंदु रूढ़गत (Canonical) हैं।

गणित (Mathematics)	ए	B
पदार्थ विज्ञान (Physics)	कि	C
भूगर्भशास्त्र (Geology)	चि	H
उपयोगी कला (Useful Arts)	तु	M
ललित कला (Fine Arts)	ने	N
दर्शन (Philosophy)	मि	R

उदाहरण के लिए 'तत्त्वज्ञान' के प्रचलित विभाग देखेंगे।

मि	R	तत्त्वज्ञान; दर्शन (Philosophy)
मि1	R1	तर्कशास्त्र (Logic)
मि2	R2	ज्ञानशास्त्र (Epistemology)
मि3	R3	आत्मतत्त्व; आत्मदर्शन (Metaphysics)
मि4	R4	नीतिशास्त्र (Ethics)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मि5	R5	सौंदर्य तत्त्व (Aesthetics)
मि6	R6	भारतीय दर्शन (Indian Philosophy)
मि7	R7	अन्य अंगीकृत तत्त्वज्ञान (Other Favoured Philosophical Systems)
मि8	R8	अन्य तत्त्वज्ञान या दर्शन (Other Philosophical Systems)

113 कुछ अन्य मुख्य वर्गों के गुण

ऊपर लिखे मुख्य वर्गों के अतिरिक्त अन्य वर्गों के मूल केन्द्रबिंदु व्यक्तित्व प्रकार के हैं। वास्तव में प्रचलित मूल केन्द्र बिन्दु भी 'व्यक्तित्व' के हैं। परन्तु उनका विभाजन प्रचलित या रूढ़गत प्रकारों से होता है इसलिए वे 'व्यक्तित्व गुण' (Personality Characteristic) के नहीं समझे जाते। आगे कुछ मुख्य वर्ग तथा उनके व्यक्तित्व गुण दिए हैं।

मुख्य वर्ग	संकेत चिन्ह हिन्दी	संकेत चिन्ह अंग्रेजी	व्यक्तित्व गुण (Personality Characteristic)
यंत्रशास्त्र (Engineering)	कु	D	कार्य (Work)
रसायनशास्त्र (Chemistry)	के	E	द्रव्य (Substance)
प्रोद्योगकला, रसायनकला (Technology)	कै	F	,, (,,)
जीवशास्त्र (Biology)	च	G	इंद्रिय (Organ)
भूगर्भशास्त्र (Geology)	चि	H	द्रव्य (Substance)
खनिक कर्मशास्त्र (Mining)	चु	HX	,, (,,)
वनस्पतिशास्त्र (Botany)	ट	I	नैसर्गिक विभाग (Natural Groups)
कृषिशास्त्र (Agriculture)	टि	J	उपयोगिता (Utility)
प्राणीशास्त्र (Zoology)	टे	K	भाग (Parts) नैसर्गिक विभाग (Natural Groups)
वैद्यकशास्त्र (Medicine)	त	L	इन्द्रिय (Organ)
आध्यात्मिक अनुभूति तथा गूढ़विद्या (ब्रह्मविद्या) (Spiritual Experiences and Mysticism)	न	△	धर्म (Religion)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ललित कला (Fine Arts)	ने	N	देश (Country) या पद्धति (Style)
साहित्य (Literature)	पि	O	भाषा (Language)
भाषाशास्त्र (Linguistics)	पु	P	,, (,,)
धर्म (Religion)	म	Q	धर्म (Religion)
मनोविज्ञान (Psychology)	मु	S	अस्तित्व (Entity)
शिक्षाशास्त्र (Education)	रि	T	विद्यार्जन करने वाला (Educand)
भूगोल (Geography)	रु	U	भूगोल (Geography)
इतिहास (History)	ल	V	जाति (Community)
राजनीतिशास्त्र (Political Science)	लि	W	राज्य प्रकार (Types of States)
अर्थशास्त्र (Economics)	ले	X	व्यवसाय (Business)
समाजशास्त्र (Sociology)	वि	Y	समूह (Group)
न्यायशास्त्र कानून (Law)	वे	Z	जाति (Community)

उपरिनिर्दिष्ट व्यक्तित्व गुण लाक्षणिक अर्थ से उन विषयों के व्यक्तित्व गुण होते हैं। 'व्यक्तित्व' शब्द का प्रयोग भी 'मनुष्य का व्यक्तित्व' से घटक गुण समूह को ध्यान में रखकर किया है। मनुष्य में जो विविध गुण स्थित होते हैं उनसे उसका व्यक्तित्व स्पष्ट होता है। उसी प्रकार विषयों का व्यक्तित्व भी उनमें स्थित गुण से स्पष्ट होता है।

इस मुख का अधिक अभ्यास वर्गीकरण तालिका में दिए विविध मुख्य वर्गों के व्यक्तित्व मुख विभागों से कर सकते हैं।

12 पदार्थ या वस्तु मुख (Matter or Material Facet)

वर्गांक में इस मुख का प्रयोग वर्ग का पदार्थ या वस्तु दिखाने के लिए आवश्यक होता है।

पदार्थ या वस्तु मुख का संयोग चिन्ह अर्धविराम (;) है।

उदाहरण—

1) 'चित्रकला' का पदार्थ मुख।

चित्रकला	नेम	NQ
लकड़ी पर	नेस; 1	NQ; 1
कागज पर	नेम; 2	NQ; 2

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पत्थर पर	नेम; 4	NQ; 4
सीसे पर	नेम; 6	NQ; 6
हस्तिदंत पर	नेम; 8	NQ; 8
अन्य पृष्ठ भागों पर	नेम; 9	NQ; 9

2) 'अर्थशास्त्र' में मुद्रा बनाने की वस्तुएँ ।

मुद्रा (Money)	ले61	X61
सोने की	ले61; 1	X61; 1
चांदी की	ले61; 2	X61; 2
कागज़ की	ले61; 4	X61; 4
दो या दो से अधिक धातुओं से बनाई हुई	ले61; 5	X61; 5

डा० रंगनाथन् ने वर्गीकरण तालिका में इस मुख का समावेश आवश्यकतानुसार किया है ।

13 ऊर्जा या क्रिया मुख (Energy or Problem Facet)

ऊर्जा मुख वर्ग का कार्य (Action) और विविध समस्याओं का हल करना (Problem) दिखाता है । इस मुख का संयोग चिन्ह द्विबिन्दु (:) है । इसके विभाग संयोग चिन्ह के साथ लिखे जाते हैं ।

उदाहरणार्थ, 'शिक्षाशास्त्र' के ऊर्जा मुख के मुख्य विभाग नीचे दिए हैं ।

शिक्षाशास्त्र	रि	T
पाठ्यक्रम (Curriculum)	रि:2	T:2
अध्यापन पद्धति (Teaching Technique)	रि:3	T:3
विद्यार्थियों का काम	रि:4	T:4
शैक्षणिक मापन	रि:5	T:5
विद्यार्थियों का सामूहिक जीवन	रि:7	T:7
व्यवस्था (Management)	रि:8	T:8

इस प्रकार जब ऊर्जा मुखयुक्त वर्गांक तैयार करना होता है तब उसका संयोग चिन्ह द्विबिन्दु (:) देकर आगे विभाग का संकेत चिन्ह लिखते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

14 स्थान मुख (Space Facet)

जहाँ विषय स्पष्टीकरण में स्थान निर्देश आवश्यक है वहाँ स्थान मुख का प्रयोग किया जाता है। इसके चिन्ह स्थान पृथक् संज्ञाओं की तालिका से ('अध्याय तु' देखिए) दिए जाते हैं। इस मुख का संयोग चिन्ह बिन्दु (.) है।

उदाहरणार्थ, (स्थान पृथक संज्ञाओं के क्रम से उदाहरण दिए हैं)

संसार का भूगोल	रु.1	4.1
भारत का अर्थशास्त्र	ले.2	X.2
इंग्लैंड का नीतिशास्त्र	मि4.56	R4.56
रूसी साम्यवाद	लि691.58	W691.58
अमरीकी शिक्षण क्रम	रि.2.73	T.2.73

इन वर्गांकों में क्रमशः 1, 2, 56, 58 तथा 73 ये स्थान पृथक् संज्ञाएँ हैं। वे वर्गांक में आवश्यकतानुसार दिए जाते हैं।

15 काल मुख (Time Facet)

वर्गांक के विषय स्पष्टीकरण में कभी-कभी काल निर्देश करना पड़ता है। उस समय वर्गांक में काल मुख (Time Facet) का प्रयोग किया जाता है। इस मुख के बोधचिन्ह काल पृथक संज्ञाओं की तालिका ('अध्याय ति' देखिए) से दिये जाते हैं। इसका संयोग चिन्ह उद्धरण चिन्ह (') निश्चित किया है।

'Colon Classification' के पांचवें संस्करण तक इस मुख का संयोग चिन्ह बिन्दु (.) ही था। परन्तु दीर्घकाल के अनुसंधान के पश्चात् डा. रंगनाथन् ने 'Annals of Library Science' मार्च 1961 के अंक में एक लेख प्रकाशित किया जिसमें आपने यह चिन्ह बदलने की आवश्यकता दिखाई। 'Colon Classification' के पुनर्मुद्रित छठे संस्करण के विशेष परिशिष्ट में यह परिवर्तन समाविष्ट किया है। सातवें संस्करण में वह ग्रंथ में ही समाविष्ट किया जायगा।

उदाहरण—

मध्यकाल में भारत की इंजीनियरी	कु.2'च	D.2'G
सन् 1950 में विश्वविद्यालयीन शिक्षण	रि4'ने5	T4'N5
वीसवीं सदी में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का स्वरूप	ले : 5.1'ने	X:5.1'N

2 पांचों मुखों का संयोग चिन्ह के साथ क्रम

पांचों मूलभत प्रकार के मुखों का विवेचन पूर्ण हो गया है। वर्गांक में उनका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्रम नित्य सघनता के घटते क्रम (Decreasing Sequence of Concreteness) से होता है। संयोग चिन्ह के साथ संक्षिप्त रूप में वे इस प्रकार लिखे जाएँगे :—

[व्य]; [प] : [ऊ] . [स्था] '[का]

[P]; [M] : [E] . [S] ' [T.]

आगे मुख परिसूत्र में इन्हीं संक्षिप्त चिन्हों का प्रयोग किया है।

पांचों मुख जिसमें दिखा सकते हैं ऐसा एक वर्गांक नीचे केवल उनका पारस्परिक संवंध दिखाने के लिए दिया है।

उदाहरण—

"भारतीय रुपये का सन् 1960 में मूल्य"

(Value of an Indian Rupee in 1960's)

ले61; 5:7.2'ने6	X61; 5:7.2'N6
[व्य];[प] : [ऊ].[स्था]'[का]	[P];[M] : [E].[S]'[T]

स्पष्टीकरण—

ले	अर्थशास्त्र
61	मुद्रा—(व्यक्तित्व मुख)
;	पदार्थ मुख का संयोग चिन्ह
5	दो या दो से अधिक धातुओं से बनाया हुआ सिक्का—रुपया—(पदार्थ मुख)
:	ऊर्जामुख का संयोग चिन्ह
7	मूल्य (ऊर्जा मुख)
.	स्थान मुख का संयोग चिन्ह
2	भारत (स्थान मुख)
'	काल मुख का संयोग चिन्ह
ने6	सन् 1960—(काल मुख)

हर वर्गांक में सभी मुखों का अस्तित्व आवश्यक नहीं।

अभ्यास के लिए अनेक वर्गांकों का मुखविश्लेषण (Facet analysis) इसी प्रकार कीजिए।

3 विषय अभिव्यक्ति के आवर्तन तथा स्तर
(Rounds and Levels of Manifestation)

31 आवर्तन (Rounds)

विषय में कभी-कभी मुख का विस्तार क्षेत्र दो या दो से अधिक वर्तुलों से अभिव्यक्त किया जाता है। उदाहरणार्थ 'वैद्यकशास्त्र' में ऊर्जा मुख की अभिव्यक्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

देखिए। 'मनुष्य के रोग' विस्तार क्षेत्र का एक वर्तुल है तथा उनके उपचार और निवारण उसका दूसरा आवर्तन या वर्तुल वनता है। इस प्रकार किसी भी मुख की जो अभिव्यक्ति होती है उसको आवर्तन (Rounds) कहते हैं।

प्रथम आवर्तन ऊर्जा मुख	—First Round Energy Facet
द्वितीय ,, ,, ,,	—Second ,, ,, ,,
तृतीय ,, ,, ,,	—Third ,, ,, ,,

इस प्रकार व्यक्तित्व या पदार्थ मुख के भी आवर्तन होते हैं। द्वितीय आवर्तन व्यक्तित्व मुख, तृतीय आवर्तन पदार्थ मुख इत्यादि आवर्तन युक्त मुख वन सकते हैं।

स्पष्टीकरण के लिए एक उदाहरण नीचे दिया है।

'सलाईन' नामक औषधि का टीका"

(Saline Injection)

त : 4 : 616; 41171 L : 4 : 616; 41171

स्पष्टीकरण—

त	वैद्यकशास्त्र
:	ऊर्जा मुख का संयोग चिन्ह
4	रोग
:	ऊर्जा मुख का संयोग चिन्ह
6	उपचार—द्वितीय आवर्तन ऊर्जा मुख
16	टीका — ,, ,, व्यक्तित्व मुख
;	पदार्थ मुख का संयोग चिन्ह
41171	क्षार—तृतीय आवर्तन पदार्थ मुख

इस प्रकार के आवर्तनों का निर्देश वर्गीकरण तालिका में वर्ग के मुख परिसूत्र में होता है।

32 स्तर (Levels)

एक ही आवर्तन में व्यक्तितत्व तथा पदार्थ मुख का विस्तार कभी-कभी एक से अधिक समय या स्तर से होने की संभावना होती है। तब उनको उस मुख के स्तर (Levels) कहते हैं। जैसे—

प्रथम स्तर व्यक्तितत्व मुख
द्वितीय स्तर ,, ,,
द्वितीय स्तर पदार्थ ,,
तृतीय स्तर व्यक्तित्व ,,
,, ,, पदार्थ मुख इत्यादि-इत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्टीकरण के लिए एक उदाहरण नीचे दिया जाता है।

'तुलसीदास का रामचरित मानस'

पि152,1टि34,1 O152,1J34,1

स्पष्टीकरण—

पि	साहित्य
152	हिन्दी साहित्य (प्रथम स्तर व्यक्तित्व मुख)
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
1	काव्य (द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख)
टि34	तुलसीदास का जन्म वर्ष स० 1534 (तृतीय स्तर व्यक्तित्व मुख)
,	चतुर्थ स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
1	प्रथम कृति-रामचरित मानस (चतुर्थ स्तर व्यक्तित्व मुख)

इस वर्गांक में व्यक्तित्व मुख के चार स्तर हैं तथा वे सब व्यक्तित्व मुख के एक ही आवर्तन में हैं।

तालिका में हर एक मुख्य वर्ग के मुख परिसूत्र में स्तर भी दिए होते हैं। विषय को वर्गांक देते समय आवर्तन (Rounds) तथा स्तर (Levels) का विचार अवश्य करना पड़ता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त

सामान्य पृथक् संज्ञाएँ

(Common Isolates)

0 व्याख्या

डा० रंगनाथन् ने 'सामान्य पृथक् संज्ञा' की व्याख्या इस प्रकार की है— "सभी या बहुसंख्य वर्गों के मुखों में से किसी भी विषय के साथ जो संलग्न हो सकता है, जिसके पृथक् बोधांक से एक ही प्रकार का अर्थ स्पष्ट होता है या एक ही प्रकार की कल्पना व्यक्त होती है तथा जो वर्गांक में सदैव एक ही प्रकार का कार्य करता है उसे सामान्य पृथक् संज्ञा कहते हैं।"

[If the same Isolate Number represents the same Isolate Term and donates the same Isolate Idea in its occurrence in a facet of all or at least many host classes, the Isolate is a Common Isolate.]

1 आवश्यकता

अनेक समय ग्रंथ किसी विषय की सूची, शब्द कोश, चरित्र, मूल्यांकन या प्रति निवेदन इत्यादि अनेक प्रकार के सामान्य पृथक् संज्ञाओं के होते हैं। पुस्तकालय में इस प्रकार के अनेक ग्रंथ हम हर विषय पर देखते हैं। इन ग्रंथों को उन विषयों के अन्य ग्रंथों के साथ रखना लाभदायक होता है। अन्य ग्रंथों से उनकी भिन्नता भी दिखाई जाती है। जैसे—

कालिदास एक अध्ययन
कालिदास का जीवनवृत्त
कालिदास अभिनन्दन ग्रंथ
कालिदास शब्दकोश
कालिदास ग्रंथावलि

इस प्रकार के अनेक ग्रंथ कालिदास साहित्य के अन्य ग्रंथों के साथ रखने से पाठकों को उसी समय अवगत हो जाते हैं। पाठक सदैव मूल विषय ग्रंथों के साथ उन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पर लिखे गये ग्रंथ भी देखना चाहते हैं। किंबहुना वे ऐसे ग्रंथ प्रथम देखते हैं और पश्चात तद्विषयक अन्य ग्रंथ पढ़ते हैं।

अतः प्रचलित सब वर्गीकरण प्रणालियों में इसकी व्यवस्था की गई है। इसकी एक भिन्न तालिका होती है जिसे सामान्य उपविभागों (Common Sub-divisions) की तालिका या विवरण प्रकार के विभागों (Form divisions) की तालिका कहते हैं। इसी से इस प्रकार के वर्गांक तैयार किए जाते हैं।

2 प्रयोजन

इन सामान्य पृथक् संज्ञाओं का मुख्य आयोजन एवं कार्य वर्गांक अधिक से अधिक सूक्ष्म करना है।

3 प्रकार

डा. रंगनाथन् ने इन सामान्य उपविभागों का सूक्ष्म अध्ययन किया है। आप इन को सामान्य पृथक् संज्ञाएँ (Common Isolates) कहते हैं। संप्रति आपने इनके निम्नलिखित प्रकार किए हैं। आपका इस पर और अनुसंधान चालू है।

1) पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव स्थान मुख के पूर्व ही किया जाता है। (Anteriorising Common Isolates—applicable only before Space Facet)

2) पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव स्थान मुख के पश्चात् ही किया जाता है। (Anteriorising Common Isolates—applicable only after Space Facet)

3) पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव काल मुख के पश्चात् ही किया जाता है। (Anteriorising Common Isolates—applicable only after Time Facet)

4) परवर्ती ऊर्जा सामान्य पृथक् संज्ञाएँ (Posteriorising Energy Common Isolates)

5) परवर्ती पदार्थ सामान्य पृथक् संज्ञाएँ (Posteriorising Matter Common Isolates)

6) परवर्ती व्यक्तित्व सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव स्थान मुख के पश्चात् ही किया जाता है। (Posteriorising Personality Common Isolates—applicable only after Space Facet)

7) काल पृथक् संज्ञाएँ (Time Isolates)

8) स्थान पृथक् संज्ञाएँ (Space Isolates)

प्रकार 7 का 'अध्याय ति' में तथा प्रकार 8 का 'अध्याय तु' में स्वतंत्र एवं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विस्तृत विवरण किया जायगा । प्रकार 5 परवर्ती पदार्थ सामान्य पृथक् संज्ञाओं का अनुसन्धान कार्य अभी तक चालू है, तथा उनको अन्तिम रूप नहीं दिया गया । अतः डा. रंगनाथन् के "कोलन क्लासिफिकेशन' के छठे संस्करण में वे समाविष्ट नहीं हैं । शेष केवल पाँच प्रकारों का (प्रकार 1 से 4 तक और 6 वाँ) विवरण इस अध्याय में किया है ।

स्मरण रखिए, पहले काल और स्थान की पृथक् संज्ञाएँ सामान्य पृथक् संज्ञाएँ नहीं समझी गई थीं । परन्तु अब वे सामान्य पृथक् संज्ञाओं के प्रकार समझे गये हैं, और उनका उपयोग भी सामान्य पृथक् संज्ञाओं जैसा होता ही है ।

4 'पूर्ववर्ती' तथा 'परवर्ती' का भावार्थ

41 'पूर्ववर्ती' (Anteriorising)

जो सामान्य पृथक् संज्ञाएँ वर्गांक में बिना संयोग चिन्ह लगाए जाते हैं उनको पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ कहते हैं। इनसे युक्त वर्गांक का स्थान सदैव विषय के अन्य वर्गांकों से पूर्व रहता है । इन प्रकार के ग्रंथ सामान्यतः सांदर्भिक स्वरूप के होते हैं । किसी ना किसी प्रकार का संदर्भ देखने के लिए इनका उपयोग होता है । जैसे— शब्द कोश, अब्द कोश, ज्ञान कोश इत्यादि-इत्यादि ।

42 परवर्ती (Posteriorising)

जो सामान्य पृथक् संज्ञाएँ वर्गांक में लगाने से पूर्व किसी एक प्रकार के संयोग चिन्ह की आवश्यकता होती है उनको परवर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ कहते हैं : इनसे युक्त वर्गांक का स्थान सदैव पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाओं के पश्चात् होता है ।

5 सामान्य पृथक् संज्ञाओं के प्रकारों का क्रमशः विवेचन

अब प्रकार 1 से 4 तक तथा 6वें प्रकार का क्रमशः विवेचन करेंगे।

51 प्रकार पहला

पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव स्थान मुख के पूर्व ही किया जाता है (Anteriorising Common Isolates applicable before Space Facet)

नीचे इन पृथक् संज्ञाओं की तालिका उनके मुख परिसूत्र के साथ दी जाती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सानुस्वार नागरी वर्ण	छोटे रोमन वर्ण	सामान्य विभाग
इं[का]	*a* [T]	ग्रंथसूची (Bibliography)
ईंक	*c*	एक ही लेखक या विषय का ग्रंथांतर्गत शब्दों का संदर्भ-युक्त कोश (Concordance)
कुं	*d*	तालिका (Table)
कों	*e*	परिसूत्र, परिमाण मापक (Formulae, Measurements, Weights)
कैं [का]	*f*[T]	नक्शा, मानचित्र, एटलस इत्यादि (Maps, Atlas)
टें [स्था], [का]	*k*[S],[T]	ज्ञानकोश (Encyclopaedia)
		शब्दकोश (Dictionary)
तुं [स्था], [का]	*m*[S],[T]	नियतकालिक पत्र पत्रिका (Periodical)
नें [स्था], [का]	*n*[S],[T]	अब्दकोश (Year book)
		क्रमशः प्रकाशित होने वाले संदर्भ ग्रंथ (Serial)
पुं [स्था], (का)	*p*[S],[T]	सम्मेलन (Conference)
लं [स्था], [का]	*v*[S],[T]	इतिहास (History)
लं ० वि, [स्था], [का]	*w*OS[S],[T]	विषयानुसार संकलित चरित्र (Collected biographies by Subjects)
लिं [स्था], [का]	*w*[S],[T]	सामान्य चरित्र (General biographies)
लिं [व्य]	*w*[P]	व्यक्ति का जीवन चरित्र (Individual Biography)
लिं [व्य], 1	*w*[P],1	आत्मचरित्र (Autobiography)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सानुस्वार नागरी वर्ण	छोटे रोमन वर्ण	सामान्य विभाग
लि [व्य], 2	*w*[P],2	व्यक्ति का सूक्ति संग्रह(Ana)
लि [व्य], 4	*w*[P],4	पत्र चिट्ठियाँ (Letters)
लें o वि, [स्था], [का]	*x*oS[S],[T]	विषयानुसार संकलित ग्रंथ या लेख (Collected works or articles by Subjects)
लें (स्था),	*x*[S],	प्रकीर्णसंग्रह, स्फुटसंग्रह (General Collections)
लें (व्य) (का)	*x*[P] [T]	व्यक्तियों के प्रकीर्ण ग्रंथ या लेखन संग्रह (Individual Collected works or articles)
वि1	*y*1	निर्देशन का कार्यक्रम (Programme of Instructions)
वि2	*y*2	पाठ्यक्रम (Syllabus)
वि3	*y*3	संक्षिप्तसार (Synopsis)
वि4	*y*4	कार्यक्षेत्र (Scope)
वि7	*y*7	व्यक्ति का विशिष्ट दृष्टिकोण से अध्ययन (Case Study)
वि8	*y*8	सारग्रंथ (Digest)

सामान्यतः स्थान पृथ्क संज्ञाओं का प्रयोग स्थान मुख के लिए तथा काल पृथक् संज्ञाओं का प्रयोग काल मुख के लिए किया जाता है। परंतु कभी-कभी इन दोनों पृथक् संज्ञाओं का प्रयोग व्यक्तित्व मुख के स्तर जैसा भी होता है । यहाँ इस तालिका में आप देखेंगे कि अनेक स्थान पर स्थान पृथक् संज्ञाओं का प्रयोग व्यक्तित्व मुख जैसा किया है और बीच में अल्पविराम देकर आगे काल पृथक् संज्ञाएं लिखते हैं जो उस वर्ग का द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख (Second Level Personality Facet) बन जाता है। परंतु उद्धरण चिन्ह (') के पश्चात् लिखी काल पृथक् संज्ञाएं काल मुख (Time Facet) समझनी चाहिए तथा वर्गांक में इसका स्थान अन्तिम होता है।

अतः स्पष्ट है कि इस प्रकार के कुछ सामान्य पृथक संज्ञाओं को प्रकाशन स्थान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथा प्रकाशन काल दोनों आवश्यक होते हैं, जोकि विषय का व्यक्तित्व (Personality) स्पष्ट करते हैं और व्यक्तित्व मुख के दो भिन्न स्तर (Levels) बन जाते हैं। स्तरभेद स्पष्ट करने के लिए बीच में अल्पविराम दिया जाता है।

अब इन पृथक संज्ञाओं का वर्गांक में प्रयोग कैसा किया जाता है यह देखेंगे।

511 ग्रंथसूची (Bibliograpy)

इं[का] *a*[T]

इसके वर्गांक इं के साथ काल पृथक् संज्ञा लिखकर बनाए जाते हैं। उदाहरणार्थ, बीसवीं सदी तक प्रकाशित अर्थशास्त्र के ग्रंथों की सूची।

ले इं ने X*a*N

कुछ और उदाहरण—

कुइंने2	D*a*N2	1920 तक प्रकाशित यंत्रशास्त्र की किताबों की सूची।
लइंने3	L*a*N3	1930 तक प्रकाशित वैद्यकशास्त्र की किताबों की सूची।
ने44इंने	N44*a*N	A Bibliography of Indian Art brought up to 20th century
मि6इंतु5	R6*a*M5	A contribution towards an index to the bibliography of the Indian Philosophical Systems, 1857 by Hall F. E.
वे2इंने4	Z2*a*N4	भारतीय कानून ग्रंथसूची—1940 तक।

512 एक ही लेखक या विषय का ग्रंथांतर्गत शब्दों का संदर्भयुक्त कोश (Concordance)

कि *c*

लेखक या कवि जब बहुत पुराने काल का होता है तब उसका साहित्य समझ लेने में कठिनाई होती है। कभी-कभी साहित्यिक आधुनिक होते हुए भी उसके साहित्य में अनेक कठिन शब्द आ जाते हैं। इस प्रकार का साहित्य सुगमता से समझने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के लिए उनके एक या अनेक ग्रंथों में आए शब्दों का कोश बनाया जाता है। कभी-कभी ऐसा कोश वेद जैसे प्राचीन साहित्य में आए शब्दों का भी होता है।

उदाहरणार्थ, 'तुलसी शब्द सागर; सम्पादक—भोलानाथ तिवारी'

पि152, 1टि34कि	O152, 1J34c
पि	साहित्य
152	हिंदी
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
1	काव्य
टि34	कवि तुलसीदास, जन्म सन् 1534 में
कि	सामान्य पृथक् संज्ञाओं का बोध चिन्ह तुलसीदास के साहित्य में आए कठिन शब्दों का संदर्भयुक्त कोश।

कुछ और उदाहरण—

पि111,1टेO8कि	O111, 1KO8c	Dictionary of Milton. Ed. by E.S. Le Comte
पि152,1ट83कि	O152,1I83c	व्रजभाषा सूरकोश. भा० 1 से 10. निर्देशक — दीनदयाल गुप्त. संपादक—प्रेमनारायण टंडन
पि152,1तु89कि	O152,1M89c	प्रसाद काव्य कोश. संपादक—सुधाकर पांडेय।
मि65,6कि	R65,6c	श्रीमद्भगवद्गीता कोश. संपा० ल० रा० गोखले।

513 तालिका (Table)

कु *d*

गणित, विज्ञान, अर्थशास्त्र इत्यादि अनेक विषयों में उपयुक्त तैयार तालिकाएँ (Ready Made Tables) प्रकाशित होती हैं। उनके वर्गांक इस प्रकार बनाते हैं :—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ए कुं	B*d*	Logarithmic Tables by Vega (G)
कि 9ए2 कुं	C9 B2*d*	अणुशक्ति विषयक तालिकाएं
ले 724 कुं	X 724*d*	आयकर की तालिकाएं
ले 81 कुं	X 81*d*	बीमा की तालिकाएं

514 परिसूत्र, परिमाण, मापक इत्यादि
(Formulae, Measures, Weights etc.)

कें *e*

वजन, नापतौल के बट्टे, गज इत्यादि के लिए वर्गांक वनाना वहुत समय आवश्यक होता है। वे इस प्रकार वना सकते हैं :—

उदाहरणार्थ, 'Metric System in India' by Pitamber Pant, Planning Commission, Govt. of India.

ले: 5कें.2 X: 5*e*.2

इस उदाहरण का स्पष्टीकरण—

ले	अर्थशास्त्र
:	ऊर्जामुख का संयोग चिन्ह
5	वाणिज्य क्रयविक्रय (Commerce)
कें	परिसूत्र, परिमाणदर्शक सामान्य पृथक्करण
.	स्थान मुख का संयोग चिन्ह
2	भारत

कुछ और उदाहरण—

ले:5कें.63	X:5*e*.63	Table of South African Weights and Measures by G. A. Hutchinson
ले: 5कें.73	X:5*e*.73	Specifications, tolerances and regulations for commercial weights and measures and weigbing and measuring device by National Bureau of Standards, United States.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

515 नक्शा, मानचित्र, एटलस इत्यादि
(Map, Atlas)

कँ [का] *f* [T]

सामान्यतः इस सामान्य पृथक् संज्ञा का प्रयोग स्थान मुख के साथ किया जाता है। क्योंकि मानचित्र या एटलस किसी स्थान या देश का होता है। देश की प्राकृतिक भू रचना, जलवायु, विविध उत्पादन, राजकीय विभाग इत्यादि अनेक चीजें उसमें दिखाई जाती हैं। इस सामान्य पृथक् संज्ञा के पश्चात् काल पृथक् संज्ञा देने से जिस समय नक्शे बनाए गए उस काल का बोध हमें होता है। नक्शों में समय-समय पर परिवर्तन होते हैं। राजकीय भूमिखंड बदलते रहते हैं। नैसर्गिक उत्पादन, खनिज उत्पादन तथा कारखाने और छोटे बड़े उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादन भी बदलते रहते हैं। अतः पाठक एटलस में अद्यावत् निर्देश देखना चाहता है। स्वभावतः उसमें काल निर्देश आवश्यक हुआ है।

कभी-कभी मानचित्र या एटलस ऐतिहासिक भी होते हैं। इनका मुख्य वर्ग 'इतिहास' समझना चाहिए।

नीचे इसके कुछ उदाहरण दिए हैं।

रु.1कँने2	U.1*f*N2	New World Loose Leaf Atlas by C. S. Hammond & Co. New York, 1920.
रु.1कँने5	U.1*f*N5	Oxford Atlas; Ed. by Brigd. Sir Clinton Lewis and Col. J. D. Cambell, 1952
रु 1कँने62	U.1*f*N62	Edinburgh World Atlas of Modern Geography; Ed. by John Bartholomew, 1962
ल1कँने5	V1*f*N5	A New Atlas of World History Ed. and Published by W. & A. K. Johnston, 1957.

516 ज्ञानकोश (Encyclopaedias), शब्दकोश (Dictionaries)

टँ [स्था], [का] *k* [S], [T]

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसमें स्थान और काल दोनों व्यक्तित्व मुख के दो स्तर हैं। स्थान पृथक् संज्ञाओं से प्रकाशन स्थान और काल पृथक् संज्ञाओं से प्रकाशन काल दिखा सकते हैं।

उदाहरणार्थ—

एटँ1,ने4	B*k*1,N4	Short Dictionary of Mathematics by McDowell.
मिटँ1,ने3	R*k*1,N3	Dictionary of Philosophy by D. D. Runes.

5161 छोटे ग्रंथालयों के लिए ये वर्गांक स्थूल रूप से

वर्गांक केवल सूक्ष्म बनाने के लिए स्थान तथा काल का निर्देश आवश्यक है। परन्तु स्कूलों के छोटे-छोटे पुस्तकालयों में यह वर्गांक स्थूल रूप से भी दे सकते हैं। जिसमें प्रकाशन स्थान तथा काल दोनों का अभाव रहता है।

जैसे—

एटँ	B*k*	Encyclopaedia of Mathematics
नेमिटँ	NR*k*	Encyclopaedia of Music

ज्ञानकोश जैसे कोश विविध प्रकार के भी होते हैं। शब्दकोश, चरित्रकोश, पारिभाषिक शब्दकोश, मुहावरे कोश, स्थानकोश (Gazetteer) इत्यादि-इत्यादि। वर्गांक के अन्त में 'टँ*k*' बोध चिन्ह लगाने से 'विशिष्ट प्रकार का कोश' भावार्थ होता है।

5162 शब्दकोश

पु152:4टँ	P152:4*k*	नालंदा विशाल शब्द-सागर, संपा. नवलजी

इस वर्गांक का स्पष्टीकरण—

पु	भाषाशास्त्र
152	हिंदी
:	ऊर्जामुख का संयोग चिन्ह
4	शब्दों का अर्थ
टँ	कोश

163 चारत्रकोश

लि1,ने2टँ	*w*1,N2*k*	Biographical Dictionary, 192—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लि2,ने3टें	*w*2,N3*k*	भारतीय चरित्रकोश. 193—

दूसरे वर्गांक का स्पष्टीकरण—

लि	प्रकीर्ण चरित्र
2	भारत
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
ने3	1930
टें	कोश

5164 *साहित्यकोश*

पिटें1,ने5	O*k*1,N5	Cassell's Encyclopaedia of Literature, 1956.
पि152टें	O152*k*	हिन्दी साहित्यकोश. संपा. धीरेन्द्र वर्मा तथा अन्य

स्पष्टीकरण—

पि	साहित्य वाङ्मय
152	हिन्दी
टें	कोश

5165 *स्थानकोश* (Gazetteers)

रु.1टें	U.1*k*	Longman's Gazetteer of the Word.
रु.2टें	U.2*k*	Imperial Gazetteer of India.

स्पष्टीकरण—

रु	भूगोल
.	स्थान मुख का संयोग चिन्ह
2	भारत
टें	कोश

517 नियतकालिक पत्र पत्रिकाएँ (Periodicals)

तुं [स्था] [का] [S], [T]

इस में भी स्थान और काल पृथक् संज्ञाएँ व्यक्तित्व-मुख के स्तर होते हैं। जिस भूमिखंड के लिए पत्र मर्यादित है, उसका बोधांक प्रथम देकर पश्चात् जिस वर्ष में वह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पत्र शुरू हुआ, उसका बोधांक दिया जाता है। बीच में द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह देना आवश्यक है। पत्र किसी संस्था का हो तो उस संस्था के स्थापन वर्ष का बोधांक दिया जाता है।

उदाहरणार्थ—

ले5तु॑2,ने35	X5*m*2,N35	'Commerce' Ed. by S. V. Rayan. First published in 1935.

स्पष्टीकरण—

ले	अर्थशास्त्र	
5	व्यापार	
तु॑	नियतकालिक	
2	भारत (प्रकाशन स्थान)	
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व	मुख का संयोग चिन्ह
ने35	1935 (प्रकाशन वर्ष)	

जब स्थान का निर्देश आवश्यक नहीं होता तब सामान्य पृथक् संज्ञा के साथ एकदम काल का बोधांक लिख सकते हैं। जैसे—

पि152तु॑ने55	O152*m*N55	'नई कहानियाँ' संपा. भैरवप्रसाद गुप्त प्रथम प्रकाशन वर्ष 1955

संस्था की नियतकालिक पत्रिका का उदाहरण—

पि152तु॑तु93	O152*m*M93	नागरी प्रचारिणी सभा पत्रिका (संस्था का स्थापना वर्ष सन् 1893)

518 अब्दकोश (Year Book)

नें[स्था],[का] *n*,[S],[T]

इसमें भी स्थान और काल व्यक्तित्व मुख के स्तर माने गए हैं। इनका प्रयोग ज्ञानकोश या नियतकालिक के वर्गांक जैसा किया जाता है। विशिष्ट प्रकाशन के लिए ग्रंथांक में चालू वर्ष दिखाया जाता है। जैसे—

लिनें1,त58 टे	W*n*1,L58 K	Annual Register of World Events (1758). Issue for 1960.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्टीकरण—

लि	राजनीतिशास्त्र
नें	अब्दकोश, वार्षिकी
1	जगत्
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
त58	सन् 1758 (प्रथम प्रकाशन वर्ष)

सन् 1960 के विशिष्ट प्रकाशन के लिए ग्रंथांक में 'टे' बोधांक दिया है।

5191 **सम्मेलन, परिषद** (Conference)

पुं[स्था,[का] p[S],[T]

इस प्रकार के वर्गांक भी ज्ञानकोश, नियतकालिक या अब्दकोश जैसे बनाए जाते हैं। उदाहरणार्थ—

लेपुं2,ने5 Xp2,N5 भारतीय आर्थिक परिषद 1950

ले	अर्थशास्त्र
पुं	परिषद, सम्मेलन
2	भारत
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
ने5	सन् 1950

कुछ और उदाहरण—

ले2पुं2,ने13	V2p2,N13	भारत इतिहास संशोधन मंडल (प्रथम परिषद्, 1913 में)
ले5पुं281,ने59	X5p281,N59	दिल्ली वाणिज्य परिषद 1959

5192 **इतिहास** (History)

लं[स्था],[का] v[S], [T]

वर्गांक टें,तुं,नें,पु जैसे बनाए जाते हैं।

जैसे—

पि111लं73,ने	O111v73,N	History of American Literature. 19-
लिलं2,ने3	Wv2,N3	'White Umbrella'—Indian Political Thought from Manu

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

		to M. Gandhi by Macinzee Brown. 1933
लेलं2,ने5	Xv3,N5	English Economic History by G.W. Southgate. . 195—

इस प्रकार किसी भी विषय का इतिहास दिखाने के लिए वर्गांक बना सकते हैं।

5193 चरित्र (Biography)

लि[स्था],[का] w[S],[T]

वर्गांक 'लं इतिहास' सामान्य पृथक् संज्ञा जैसे बनाए जाते हैं।

प्रकीर्ण चरित्र संग्रह का विवेचन आगे 'अध्याय ल प्रकीर्ण ग्रंथ' में करना है। अतः नीचे चरित्र संग्रह, व्यक्तिगत चरित्र, आत्मचरित्र, व्यक्ति का सूक्ति संग्रह, पत्र इत्यादि के लिए वर्गांक बनाने की पद्धति दी जाती है।

51931 चरित्र संग्रह (Collection of Biographies)

लि[स्था],[का] w[S],[T]

पि152लि2,ने O152w2,N हमारे लेखक, ले. राजेन्द्र गौड़

स्पष्टीकरण—

पि	साहित्य
152	हिन्दी
लि	चरित्र
2	भारत
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
ने	सन् 1900 तक

इस वर्गांक का पूरा भावार्थ होता है, "भारत के 1900 तक पैदा होने वाले हिन्दी साहित्यकारों का चरित्र संग्रह।" संक्षिप्त रूप में यह वर्गांक 'O—w' भी दे सकते हैं।

कुछ और वर्गांक नीचे दिये हैं।

इलि1,ने	Aw1,N	महान् शास्त्रज्ञों का चरित्र संग्रह
लेलि1,तु	Xw1,M	संसार के बड़े अर्थशास्त्रज्ञ चरित्र संग्रह

छोटे ग्रंथालयों के लिए ये वर्गांक संक्षिप्त रूप में भी दे सकते हैं। जैसे—

इलि	Aw	
लेलि1,	Xw	इत्यादि-इत्यादि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

51932 व्यक्तिगत चरित्र (Individual Biography)

लि[व्य]　　　　w[P]

व्यक्तित्व मुख के लिए संबंधित व्यक्ति का जन्म वर्ष दिया जाता है।

उदाहरणार्थ—

इलि तु 67　　　Aw M67　　'Madam Curie' by Eve Curie.

स्पष्टीकरण—

इ	विज्ञान
लि	व्यक्ति का चरित्र
तु67	ई. स. 1867 जन्मवर्ष जिसका है ऐसा वैज्ञानिक

519321 साहित्यकारों का व्यक्तिगत चरित्र

'साहित्य' में लेखक या कवि का जन्मवर्ष व्यक्तित्व मुख के तृतीय स्तर में आ जाता है। अतः उनके चरित्र वर्गांक बनाते समय 'लि' के पश्चात् वह देने की आवश्यकता नहीं। जैसे—

पि152, 1टि34लि	O152, IJ34w	तुलसी जीवन भूमि ले. चन्द्रबलि पांडे
पि152, 3तु80लि	O152, 3M80w	प्रेमचन्द घर में ले. शिवरानी देवी

स्पष्टीकरण—

पि	साहित्य
152	हिंदी (प्रथम स्तर व्यक्तित्व मुख)
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
3	कथा साहित्य (द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख)
तु80	ई. स. 1880 लेखक का जन्म वर्ष प्रेमचंद (तृतीय स्तर व्यक्तित्व मुख)
लि	चरित्र

51933 आत्म-चरित्र (Autobiography)

लि(व्य), 1　　　　w [P], 1

इसका वर्गांक व्यक्तिगत चरित्र के वर्गांक जैसा बनाते हैं। केवल उसके आगे अल्पविराम के साथ 1 लिखा जाता है। जैसे—

ल2, लि तु89, 1	V2wM89,1	मेरी कहानी ले. जवाहरलाल नेहरू

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्पष्टीकरण—

ल	इतिहास
2	भारत
लि	चरित्र
तु89	सन् 1889 जन्म वर्ष, पं जवाहरलाल नेहरू
,	व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
1	आत्मचरित्र

भावार्थ हुआ जिनका जन्म सन् 1889 में हुआ ऐसे भारत के महान् ऐतिहासिक व्यक्ति—पं जवाहरलाल नेहरू—का आत्मचरित्र।

इसी प्रकार के कुछ वर्गांक—

पि142, 3तु68लि, 1	O142, 3M68w,1	मेरा बचपन, ले. मैं. गार्की
पि152, 1ने01लि,1	O152, 1N01w,1	साठ वर्ष—एक रेखांकन ले. सुमित्रानन्दन पंत
ल2 लि तु84, 1	V2wM84,1	Autobiography by Rajendra Prasad

51934 *व्यक्तिसूक्ति संग्रह* (Ana)

लि [व्य], 2   *w* [P], 2

'तुलसीदास का सूक्ति संग्रह'

पि152, 1टि 34लि,2   O152, 1J34w, 2

'Sayings of Lord Buddha'

म4 : 33लि कि436,2   Q4 : 33wC436,2

51935 *व्यक्ति के पत्र* (Letters)

लि [व्य], 4   *w* [P], 4

पि157, 1तु61लि, 4	O157, 1M61w, 4	चिट्ठी पत्र रविन्द्रनाथ टैगोर
पि157, 3तु76लि, 4	O157, 3M76w, 4	शरत् पत्रावली संपा. महादेव साहा
मु लि तु56, 4	SwM56, 4	Letters of Sigmund Freud Ed. by Ernst L. Freud.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

5194 लेख संग्रह (Collections)

ल [स्था], [का] x[S], [T]

पि159, 1लें ने35	O152,1xN35	रूपांबरा संपा. सच्चिदानंद वात्स्यायन
ले लें2, ने	Xx2,N	भारतीय अर्थशास्त्र के सन् 1900 तक के लेखों का संग्रह

जब स्थान और काल दोनों पृथक् संज्ञाएँ लगानी होती हैं तब स्तरभिन्नता दिखाने के लिए वीच में अल्प-विराम देना आवश्यक है। अन्यथा काल पृथक् संज्ञा एकदम सामान्य पृथक् संज्ञा 'लें' के साथ जोड़ सकते हैं जैसे कि प्रथम उदाहरण में किया है।

प्रथम वर्गांक का भावार्थ है, उन कवियों का कवितासंग्रह जिनमें सबसे छोटे कवि का जन्मवर्ष सन् 1935 है।

51941 *व्यक्तिगत लेख संग्रह*

लें (व्य) x [P]

ले लें तु 83	XxM83	Economics of John Maynard Keynes by Dudley Dillard.

स्पष्टीकरण—

ले	अर्थशास्त्र
लें	संग्रह
तु83	सन् 1883 (अर्थशास्त्र-कैनीज्—जिसका जन्म वर्ष सन् 1883 है)

जब व्यक्ति का जन्म वर्ष वर्गांक के व्यक्तित्व मुख में आ जाता है तब उसके आगे सामान्य पृथक् संज्ञा 'लें' एकदम लगा सकते हैं। विशेषतः साहित्य में इस प्रकार के वर्गांक बनते हैं।

पि152, 1टि03लें	O152, 1Jo3x	मीराबाई की पदावली
पि152, 1तु86लें	O152, 1M86x	मैथिलीशरण गुप्त जी की कविताओं का संग्रह
पि152, 2ने10लें	O152, 2N10x	अश्कजी के नाटकों का संग्रह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पि152, 3ने20लें	O152, 3N20x	कृष्णचंद्र का कहानी-संग्रह

5195 व्यक्ति के जीवन का अध्ययन (Case Study)

वि7 [व्य] y7[P]

न2वि7तु79	△2y7M79	Maharshi Raman by Arthur Osborne
ल53वि7त69	V53y7L69	नेपोलियन का चरित्र

दूसरे वर्गांक का स्पष्टीकरण—

ल	इतिहास
53	फ्रांस
,	द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख का संयोग चिन्ह
1	राजा
वि7	जीवन अध्ययन
त69	सन 1769—नेपोलियन का जन्मवर्ष

5196 सारग्रंथ (Digest)

वि 8 y8

उदाहरण —

'विधान पारिजात'—लेखक अनन्त भट्ट

म2:4वि8लेंत 25,1 Q2:4y8xL25,1

स्पष्टीकरण—

म	धर्म
2	हिंदूधर्म (वेदोत्तर)
:	ऊर्जा मुख का संयोग चिन्ह
4	धार्मिक विधि, आचार इत्यादि
वि8	सारग्रंथ
लें	व्यक्तिगत लेख या ग्रंथ (आद्य ग्रंथों के लिए इस पृथक् संज्ञा का प्रायः प्रयोग किया जाता है।)
त25	सन् 1725 अनन्त भट्ट का जन्म वर्ष

52 प्रकार 2

पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव स्थान मुख के पश्चात् किया जाता है। (Anteriorising Common Isolates—Applicable only after Space Facet)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निम्नलिखित संज्ञाएँ इस प्रकार की हैं—

मि	*r*	व्यवस्थाविषयक रिपोर्ट
मुं [का]	*s* [T]	अंकशास्त्र, सांख्यिकी (क्रमशः प्रकाशित होता हो तो) Statistics (if serial)

उदाहरणार्थ—

रि.2मि	T.2*r*	भारत के शिक्षा विभाग की रिपोर्ट
ले415.2मि	X415.2*r*	भारतीय रेलवे मंत्रालय की रिपोर्ट
ले.2मुंनुंने41	X.2*sm*N47	The Bulletin of the Bureau of Economics and Statistics India (1947)
ले.2मुंनेंने57	X.2*sn*N57	Indian Economic Year Book(1957)
ले415.2मुंनेंने52	X415.2*sn*N52	Indian Railways (1952) Ministry of Railways, Govt. of India

यहाँ एक बात की ओर ध्यान देना आवश्यक है कि अन्तिम दो तीन उदाहरण सांख्यमान के हैं जो क्रमशः नियतकालिकों के रूप में प्रकाशित होते हैं। अतः उनके बोध चिन्हों के साथ 'नु' (नियतकालिक पत्र-पत्रिकाएँ) (*m* periodicals) या 'नें' वार्षिकी (*n* Year Book) की पृथक् संज्ञा भी आई है।

53 प्रकार 3

पूर्ववर्ती सामान्य पृथक् संज्ञाएँ जिनका प्रयोग सदैव काल मुख के पश्चात् ही किया जाता है। (Anteriorising Common Isolates—Applicable only after Time Facet)

संप्रति निम्नलिखित पृथक् संज्ञाएँ इस प्रकार की हैं—

मुं	*s*	अंकशास्त्र; सांख्यिकी (प्रकाशन अनियमित) (Statistics—if stray)
रिं	*t*	आयोग की रिपोर्ट (Commission Report)
रिं4	*t*4	सर्वेक्षण (Survey)
रिं5	*t*5	योजना (Plan)
रिं6	*t*6	आदर्श (Ideal)
लं	*v*	मूल साधन (Source Material)
लं5	*v*5	वाङ्मय (Literature)
लं6	*v*6	रूढ़ि (Tradition)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लं7	*v*7	पुरातन वस्तुज्ञान इ० (रि. इतिहास के समान) (Archaeology etc. as in 'V' History)
लं8	*v*8	ग्रंथ रक्षागृह जिसमें प्राचीन ग्रंथादि साहित्य रखा जाता है (Archives as in 'V' History)

इस प्रकार के कुछ सामान्य पृथक् संज्ञाओं से वनाए वर्गांक नीचे दिए जाते हैं। बाकी पृथक् संज्ञाओं के वर्गांक भी इसी प्रकार वना सकते हैं।

त.2'ते6मु	L.2'N6*s*	भारत की स्वास्थ्य विषयक सांख्यिकी 1960
रि.2'न55मु	T.2'N55*s*	Statistics of Education in India 1955.
लेः75,2'ने56रि	X:75.2'N56*t*	Report of the Planning Commission, Govt. of India, 1956.
ले72.2'ने54रि	X72.2'N54*t*	Report of the Taxation Inquiry Commission, 1953-54. Govt of India.
2,281'ने6रि4	2.281'N6*t*4	Survey of Libraries in Delhi, 1960. Delhi Library Association.
रिने3.2'ने6रि6	TN3.2'N6*t*6	Ideals of Basic Education, 1960.

54 प्रकार 4

परवर्ती ऊर्जा सामान्य पृथक् संज्ञाएँ (Posteriorising Energy Common Isolates)।

संप्रति निम्नलिखित पृथक् संज्ञाएँ इस प्रकार की हैं—

एं1	*b*1	गणना करना (Calculating)
एं2	*b*2	ढाँचा वनाना (Designing)
एं6	*b*6	नापना (Measuring)
किं1	*c*1	तोलना (Weighing)
कें	*f*	अनुसंधान (Investigation)
कें2	*f*2	निरीक्षण (Observation)
कें3	*f*3	प्रयोग (Experiment)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

सामान्यत: प्रादेशिक भाषा में लिखित साहित्य तथा भाषाशास्त्र के ग्रंथ उस प्रदेश के पुस्तकालयों में अधिक होते हैं। वंगाली पुस्तकालयों में वंगाली ग्रंथ अधिक, महागुजरात के पुस्तकालयों में गुजराती ग्रंथों की संख्या अधिक रहना स्वाभाविक है। उसी प्रकार हिन्दी पुस्तकालयों में हिन्दी ग्रंथ अधिकतर होते हैं। डा. रंगनाथन् इस प्रकार की भाषाओं को **अंगीकृत भाषा** (Favoured Language) कहते हैं। ऐसी भाषा में लिखित ग्रंथों को अन्य भाषाओं के ग्रंथों से पूर्व स्थान देने के लिए उसका वोध चिन्ह छोटी आड़ी रेखा '-' रखा है। साहित्य तथा भाषा के अन्य ग्रंथों में ऐसे ग्रंथ प्रथम रखे जाएँगे। इस व्यवस्था से वर्गांक छोटा भी होता है।

अत: हिन्दी साहित्य एवं भाषा के सब ग्रंथों को हमारे पुस्तकालयों में निम्नलिखित प्रकार से भी वर्गांक दे सकते हैं।

पि-	हिन्दी साहित्य	पु-	हिन्दी भाषा
पि-,1	हिन्दी काव्य	पु-, 1	हिन्दी शब्द ध्वनि
पि-,2	हिन्दी नाटक	पु-,3	हिन्दी शब्द रचना
पि-,3	हिन्दी कथा साहित्य उपन्यास	पु-,31	हिन्दी संज्ञाएँ
पि-,4	हिन्दी पत्र	पु-,4	हिन्दी मुहावरे
पि-,5	हिन्दी भाषण	पु-,6	हिन्दी वाक्य रचना
पि-,6	हिन्दी निबंध इत्यादि अन्य गद्य	पु-,9	हिन्दी पाठ्यक्रम की पुस्तक

भाषा पृथक् संज्ञाओं की तालिका

1 **आर्यांग्ल भाषाएँ** (Indo-European)

11 ट्यूटोनिक (Teutonic)—ट्यूटन नामक जर्मनी की एक प्राचीन जाति की भाषा।

11011 गोथिक (Gothic)—गोथ नामक प्राचीन जाति की भाषा।

110153 लो फ्रिझियन (Low Frisian)

110155 पुरानी फ्रिझियन (Old Frisian)

111 अंग्रेजी (English)

112 डच (Dutch)

113 जर्मन (German)

114 स्वीडिश (Swedish)

115 नार्वेजियन (Norwegian)

116 डैनिश (Danish)

117 आइसलैंडिक (Icelandic)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

12 लैटिन (Latin)

121 इतालियन (Italian)
122 फ्रैंच (French)
123 स्पैनिश (Spanish)
124 पुर्तगीज (Portuguese)
128 सेल्टिक (Celtic)
1283 वेल्श (Welsh)
1285 आइरिश (Irish)
1287 स्कॉच(Scotch), गैलिक(Gaelic)

13 ग्रीक यूनानी

14 स्लावोनिक (Slavonic)

141 लिथिक (Lethic)
142 रूसी (Russian)
143 बल्गेरियन (Bulgarian)
144 इलीरियन (Illyrian)
1441 स्लाव् (Slav)
145 पोलिश (Polish)
146 बोहेमियन (Bohemian)

15 संस्कृत

151 प्राकृत
1511 पाली
1512 महाराष्ट्री
1516 अर्ध मागधी
1517 मागधी
1518 अपभ्रंश
152 हिन्दी
153 पंजाबी
154 कश्मीरी
155 मराठी
156 गुजराती
157 बंगाली
158 आसामी
1591 उड़िया
1595 नेपाली

16 ईरानी (Iranian)

161 अवेस्ता (Avestic)
162 पहलवी (Pahlavi)
164 पर्शियन (Persian)
165 पश्तु (Afghan-Pustu)
168 उर्दू (Urdu)

17 आर्मिनियन (Armenian)
18 अल्वानियन (Albanian)
191 तोखारिश (Tockarish)
192 फिरिजियन (Phyrigian)
197 हिटाइट (Hittite)

2 सेमिटिक भाषाएं (Semitic)

22 असिरियन (Assyrian)
25 हिब्रू (Hebrew)
28 अरबी (Arabic)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

3 द्राविडी भाषाएँ (Dravidian)

31	तमिल (Tamil)	34	तुलु (Tulu)
32	मलयालम (Malyalam)	35	तेलगु (Telgu)
33	कन्नड (Kanarese)	39	तोडा इत्यादि (Toda etc.)

4	अन्य एशियाई भाषाएँ	7	अन्य अमरीकी भाषाएँ
5	अन्य योरोपीय भाषाएँ	8	अन्य आस्ट्रेलियन भाषाएँ
6	अन्य अफ्रीकी भाषाएँ	9	अन्य समुद्र प्रदेश की भाषाएँ

पुइ PA कृत्रिम भाषाएँ (Artificial Languages)

(विभाजन कालक्रम योजना विधि से)

पुतु	PM	सोलरेसोल (Solresol)
पुतु7	PM7	लिग्वाल्युमिना (Lingualumina)
पुतु8	PM8	वोलैपक (Volapuk)
पुतु84	PM84	ब्लैआझिमोंडल (Blia Zimondal)
पुतु86	PM86	कैबेअवन (Cabe-Aban)
पुतु87	PM87	इस्परांतो (Esperanto)
पुने	PN	इंटर लिग्वा 'लैटिन सिना फ्लैक्स' (Inter Lingua 'Latin Sina Flex')
पुने1	PN1	ईडो (Ido)
पुने2	PN2	ह्रोम इडियो मो (Hom Idyo mo)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प

स्मृतिसहायक

(Mnemonics)

1 वर्गकार को योजनाविधियों का ज्ञान आवश्यक

वर्गीकरण प्रणाली बनाते समय प्रणालीकार विविध योजनाओं से वर्गों के विभाग, उपविभाग तथा उनके वोध चिन्ह निश्चित करता है। तत्पश्चात् वह तालिका एवं मुख परिसूत्र बनाता है। इससे वे सुसंगठित तो होते हैं साथ-साथ स्मृति सुलभ भी रहते हैं।

वर्गकार (Classifier) दैनिक वर्गीकरण के कार्य से वर्गांक बनाने का अभ्यस्त होता है। परन्तु यदि उसको इन योजना विधियों या युक्तियों का ज्ञान हो तो उसका वर्गांक बनाने का अभ्यास और बढ़ता है क्योंकि ये योजना विधियाँ या युक्तियाँ (Devices) वर्गीकरण तालिकाएँ सहज याद रखने के लिए मदद करती हैं। इसी कारण इन विधियों को स्मृति सहायक विधियाँ (Mnemonic Devices) कहते हैं।

स्मृतिसुलभ विधियों की योजना दशमलव वर्गीकरण (Decimal Classification) प्रणाली में भी है।

2 प्रमुख योजना विधियाँ (Devices) तथा तत्त्व (Principles)

द्विविन्दु वर्गीकरण प्रणाली में निम्नलिखित स्मृति सुलभ योजना विधियों तथा तत्त्वों का प्रयोग किया गया है।

1) विकासक्रम योजना तत्व (Late-in-Evolution Principle)
2) अंगीकृत श्रेणी योजना तत्व (Favoured Category Principle)
3) भूमिखंड योजना विधि (Geographical Device)
4) कालक्रम योजना विधि (Chronological Device)
5) विषय योजना विधि (Subject Device)
6) स्मृतिसहायक योजना विधि (Mnemonic Device)
7) अध्यारोपण योजना विधि (Superimposition Device)
8) वर्णक्रम योजना विधि (Alphabetical Device)
9) खंड योजना विधि (Sector Device)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किसी नये विषय का वर्गांक पूरी तरह निर्दोष बनाने के लिए विषय के पाँचों मुखों के केन्द्र बिन्दुओं (Foci) को अधिक सूक्ष्म करने (Sharpen) का कार्य इन विधियों से होता है। इनसे एक और कार्य भी होता है। वर्गकार कितने भी हों उनकी नये विषय की पृथक् संज्ञा की कल्पना (Isolate Idea) तथा उसके लिए दिया हुआ वर्गांक एक ही रहता है। उसमें कभी अन्तर नहीं पड़ता।

इसके बारे में डा० रंगनाथन् कहते हैं, "When new subjects come into existence and all for the formation of new isolates or the sharpening of existing ones and the forging of numbers coextensive with them, these devices will enable the classifier to meet the situation without waiting for guidance from classificationist. Correct employment of these devices will generally lead the same Isolate Idea and the same Isolate Number whoever is the classifier."

इन विधियों का अत्र क्रमशः विवेचन करेंगे।

21 विकासक्रम योजना तत्त्व

(Later-in-Evolution Principle)

विषय के पृथक् संज्ञाओं की रचना जब साधारण विकासक्रम से की जाती है तब इस योजना विधि को विकासक्रम योजना तत्त्व (Later-in-Evolution Principle) कहते हैं। इससे रचना स्वाभाविक एवं स्मृति सुलभ होती है। मुख्यतः वनस्पतिशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भाषाशास्त्र तथा राजनीतिशास्त्र के मुख्य वर्गों में इस प्रकार की रचना की गयी है।

उदाहरणार्थ—

'वनस्पतिशास्त्र ट' (Botany I) के प्रथम स्तर व्यक्तित्व मुख के विभाग नैसर्गिक विकास क्रम के अनुसार किए हैं।

अपुष्प वनस्पति	(Cryptogamia)	ट1	I1
स्थाणु वनस्पति	(Thallophyta)	ट2	I2
शैवाल वनस्पति	(Bryophyta)	ट3	I3
पर्णांगोद्भिद् वनस्पति	(Pteridophyta)	ट4	I4
सपुष्प वनस्पति	(Phanerogamia)	ट5	I5
विवृत् बीज वनस्पति	(Gymnosperm)	ट6	I6
एक बीज वनस्पति	(Monocotyledon)	ट7	I7
द्विदल वनस्पति	(Dicotyledon)	ट8	I8

'प्राणिशास्त्र टे' के प्रथम स्तर व्यक्तित्व मुख के विभाग भी नैसर्गिक विकासक्रम से किए हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अपृष्ठवंशी जीव	(Invertebrata)	टे1	K1
एककोषीय जीव	(Protozoa)	टे2	K2
लोमरंध्री जीव	(Porifera)	टे3	K3
उदरहीन या नलिकोदर जीव	(Coelententerata)	टे4	K4
कंटकयुक्त त्वचा वाले जीव	(Echinodermata)	टे5	K5
कृमि या कीटक	(Vermes)	टे6	K6
कोमल त्वचा वाले जीव	(Mollusca)	टे7	K7
सांधिपादीय जीव	(Arthropoda)	टे8	K8
पृष्ठवंशी जीव	(Prochordata and Vertebrata)	ट9	K9

'टे9 पृष्ठवंशी जीव' के विभाग भी विकासक्रम से बनाए हैं।

'भाषाशास्त्र पु' (Linguistics P) के तृतीय स्तर व्यक्तित्व मुख के विभाग विकासक्रम से किए हैं। उदाहरण के लिए हिन्दी भाषाशास्त्र के विभाग देखेंगे।

हिन्दी पृथक्कृत ध्वनि (Isolated Sound)	पु152,1	P152,1
हिन्दी शब्दों के पदांश (Syllable)	पु152,2	P152,2
हिन्दी शब्द (Word)	पु152,3	P152,3
हिन्दी मुहावरे (Phrases)	पु152,4	P152,4
हिन्दी वाक्यखंड (Clauses)	पु152,5	P152,5
हिन्दी वाक्य (Sentences)	पु152,6	P152,6
हिन्दी वाक्य समूह (Pieces of Composition)	पु152,7	P152,7
हिन्दी विराम चिन्हांकन (Punctuation)	पु152,8	P152,8
हिन्दी पाठ्यपुस्तक (Reader)	पु152,9	P152,9

'राजनीतिशास्त्र लि' मुख्य वर्ग में प्रथम, व्यक्तित्व मुख के विभाग राज्य प्रकारों के लिए हैं। इसका क्रम भी विकासक्रम से लगाया है।

अराजकता (Anarchy)	लि1	W1
आदिकालीन (Primitive)	लि2	W2
सामन्तिक (Feudal)	लि3	W3
एकाधिपत्य (Monarchy)	लि4	W4
संपूर्ण एकाधिपत्य (Absolute Monarchy)	लि41	W41
मर्यादित एकाधिपत्य (Limited Monarchy)	लि46	W46
अल्पजनसत्ताक शासन (Oligarchy)	लि5	W5
प्रजातंत्र शासन (Democracy)	लि6	W6
साम्यवादी शासन (Communism)	लि691	W691
कल्पित सुराज्य; राम राज्य (Utopia)	लि7	W7

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनोविज्ञान, शिक्षाशास्त्र तथा समाजशास्त्र में दी गई बाल, युवा तथा वृद्ध की तीन अवस्थाएं स्वाभाविक विकास अवस्थाएँ हैं। इन उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि विकासक्रम से विभाग करने में एक विशेष सुविधा रहती है जिससे विभाग स्मृति-सुलभ होते हैं।

22 अंगीकृत श्रेणी योजना तत्व
(Favoured Category Principle)

कभी-कभी विषय के विभाग लोगों की अभिरुचि से करना लाभप्रद होता है। विभागों का क्रम अभिरुचि के अनुसार रखने से वह स्मृतिसुलभ हो जाता है। कुछ वर्गों का विभाजन इसी योजना विधि से किया गया है।

उदाहरणार्थ—

'कृषिशास्त्र टि', (Agriculture J) में खाद्य धान्य के विभाग इस प्रकार किए गए हैं।

खाद्य धान्य (Cereals)	टि38	J38
चावल (Rice)	टि381	J381
गेहूँ (Wheat)	टि382	J382
जई, यव (Oats)	टि383	J383
राई, नीवारिका (Rye)	टि384	J384
मक्की (Maize)	टि385	J385
जौ, सातु (Barley)	टि386	J386
जवार बाजरा (Millets)	टि387	J387
अन्य खाद्य धान्य (Other cereals)	टि388	J388

23 भूमिखंड योजना विधि
(Geographical Device)

वर्गों के विभाग कभी-कभी भूमिखंड योजना विधि से करना ठीक रहता है। प्रमुख विभागों के पश्चात् अन्य विभाग स्थानपृथक् संज्ञाओं से किए जाते हैं। इससे वे स्थानपृथक् संज्ञाओं के क्रम के होते हैं तथा उनका नित्य प्रयोग करने से वे जल्दी याद रहते हैं।

उदाहरणार्थ—

संसार की भाषाओं के प्रमुख तीन कुलों (आर्यांग्ल, सेमिटिक तथा द्राविडी) के अतिरिक्त अन्य विभाग स्थानपृथक् संज्ञाओं से किए जाते हैं।

एशिया की अन्य भाषाएँ	पु4	P4
यूरोप की अन्य भाषाएँ	पु5	P5
अफ्रीका की अन्य भाषाएँ	पु6	P6

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अमरीका की अन्य भाषाएँ	पु7	P7
आस्ट्रेलिया की अन्य भाषाएँ	पु8	P8
समुद्रीय अन्य भाषाएँ	पु9	P9

इसमें 4, 5, 6, 7, 8 तथा 9 अंक एशिया, यूरोप, अफ्रीका, अमरीका, आस्ट्रेलिया तथा समुद्रीय प्रदेश के लिए दिए हैं।

'मनोविज्ञान मु' (Psychology S) मुख्य वर्ग में जाति (Race) के विभाग (मु7) स्थानपृथक् संज्ञाओं से किए गए हैं। जैसे—

किसी विशिष्ट जाति का मनोविज्ञान	मु7	S7
तिब्वती लोगों का मनोविज्ञान	मु7498	S7498
नीग्रो लोगों का मनोविज्ञान	मु76	S76

यहाँ 498 तिब्वत और 6 अफ्रीका के लिए दिए हैं।

इस योजना विधि से विषय तथा उसके लिए दिए वर्गांक में गुणों के केन्द्र बिंदुओं (Foci) की दृष्टि से समानता रख सकते हैं। इस समानता को 'Co-Extensiveness in Class Number' कहते हैं।

24 कालक्रम योजना विधि
(Chronological Device)

काल पृथक् संज्ञाओं की मदद से जब विषय के विभाग किए जाते हैं तब उस विधि को कालक्रम योजना विधि (Chronological Device) कहते हैं।

उदाहरणार्थ—

'भाषाशास्त्र पु' (Linguistics P) की तालिका में विभिन्न कृत्रिम भाषाएँ कालानुक्रम योजना से दिखाई गई हैं। जैसे—

सोल रे सोल	पुतु17	PM17
इस्परांतो	पुतु87	PM87

'गणित ए' (Mathematics B) मुख्य वर्ग में अनेक विशेष कार्य (Special Function) के विभाग कालक्रम योजना विधि से दिखाए हैं।

अनेक मुख्य वर्गों की तालिका में आवश्यकतानुसार विविध स्थानों पर कालक्रम योजना विधि का प्रयोग किया गया है।

25 विषय योजना विधि
(Subject Device)

विषय योजना विधि (Subject Device) उसको कहते हैं जिसमें मुख्य वर्ग के कुछ विभाग विषय योजना की मदद से किये जाते हैं। इस प्रकार बनाए विभाग स्मृतिसुलभ होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस विधि से विभाग रचना में व्यवस्था रहती है तथा नवनिर्मित अधिक विषयों को सुलभता से वर्गांक दिए जा सकते हैं।

उदाहरणार्थ—

'अर्थशास्त्र ले' (Economics X) में उद्योग (Industry) के विभाग विषय योजना विधि से वनाए गए हैं।

उद्योग (Industry)	ले8 (इ)	X8 (A)
इस्पात का उद्योग (Iron)	ले8 (कै 182)	X8 (F182)
कोयले का उद्योग (Coal)	ले8 (कै551)	X8 (F551)
कृषि उद्योग (Agriculture)	ले8 (टि)	X8 (J)
जंगली अनगढ़ लकड़ी का उद्योग	ले8 (टिइ)	X8 (JA)
कागज का उद्योग (Paper)	ले8 (तु13)	X8 (M13)
कांच (Glass) का उद्योग	ले8 (तु6)	X8 (M6)
कपड़े का उद्योग (Textile)	ले8 (तु7)	X8 (M7)
सिगरेट वनाने का उद्योग (Cigar)	ले8 (तुटि 452)	X8 (MJ452)

गोल कोष्ठक में दिये वर्गांक विशिष्ट विषय के निर्देशक हैं। जैसे—

कै 182	इस्पात (Iron)
टि	कृषि (Agriculture)
तु13	कागज़ (Paper)
तु7	कपड़ा (Textile) इत्यादि, इत्यादि

उसी प्रकार 'यन्त्रशास्त्र कु' (Engineering D) के द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख में अन्तिम विभाग 'अन्य यन्त्र' हैं। उसका विभाजन विषय योजना विधि से किया गया है।

अन्य यन्त्र (Other Machinery)	कु6,8(1)	D6,8(1)
समाचार प्राप्त करनेवाला यन्त्र। (Information Retrieving)	कु6,8 (2:55)	D6,8 (2:55)
गणन यन्त्र (Comptor)	कु6,8 (ए)	D6,8 (B)
खोदने का यन्त्र (Excavating)	कु6,8 (कु2:1)	D6,8 (D2:1)
पानी खींचने का यन्त्र (Pumping)	कु6,8 (कु85)	D6,8 (D85)
छपाई का यन्त्र (Printing)	कु6,8 (तु14)	D6,8 (M14)
कपड़ा बुनने का यन्त्र (Textile)	कु6,8 (तु7)	D6,8 (M7)
ठंडा रखने का यन्त्र (Refrigerating)	कु6,8 (तुकि421)	D6,8 (MC421)
पीसने का यन्त्र (Flouring)	कु6,8 (तुटि 38)	D6,8 (MJ38)
चावल वनाने का यन्त्र (Rice Husking)	कु6,8 (तुटि381)	D6,8 (MJ381)
भाषान्तर करने का यन्त्र (Translating)	कु6,8 (पु:795)	D6,8 (P:795)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इससे यह स्पष्ट है कि वर्गकार इस प्रकार कितने भी आवश्यक वर्गांक तैयार कर सकता है ।

यहाँ एक और बात स्पष्ट करना जरूरी है । भूमिखंड योजना विधि, कालक्रम योजना विधि तथा विषय योजना विधि से वर्गांक बनाने की स्वतन्त्रता प्रणालीकार ने वर्गकार को दे रखी है जिससे वह स्वयं विशिष्ट विषयों के लिए वर्गांक तैयार कर सकता है ।

इसीलिए तालिका में आवश्यक स्थानों पर स्पष्टीकरण किया होता है कि—

To be divided or got by (GD) भूमिखंड योजना विधि से विभाग करें ।
To be divided or got by (CD) कालक्रम योजना विधि से विभाग करें ।
To be divided or got by (SD) विषय योजना विधि से विभाग करें ।

वर्गकार को इनकी ओर जरूर ध्यान देना चाहिए ।

26 स्मृतिसहायक योजना विधि
(Mnemonic Device)

मुख्य वर्गों के विभागों के लिए जो बोधचिन्ह निश्चित किए जाते हैं उनको विशिष्ट प्रचलित (Conventional) अर्थ देकर उसके अनुसार तालिका में उनकी योजना करना स्मृतिसुलभता की दृष्टि से लाभप्रद रहता है । द्विबिन्दु वर्गीकरण की सम्पूर्ण तालिका इसी योजना पर आधारित है । इस विधि को स्मृतिसहायक योजना विधि (Mnemonic Device) कहते हैं ।

एक खंड (Sector) में कुल अंक 1 से 8 तक होते हैं । इनमें से हर अंक के विशिष्ट गुण समुच्चय निश्चित किये हैं । उसका विवेचन आगे किया है । साथ उदाहरण भी दिये हैं ।

1—

एकता (Unity)
परमेश्वर, सत्ताधीश, सर्वश्रेष्ठ अधिकारी (God, Supreme Authority in the context of the immediately following Universe)
जगत् (World)
विकासक्रम (Evolution) की प्रथम अवस्था ।
कालक्रम में प्रथमांक
स्थानक्रम में प्रथमांक
एक सीमा या रेखा (One dimension or one line)
घन स्थिति (Solid State)
तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान (Existential) एवं काल्पनिक (Conceptional) वस्तुएं (Entities)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदाहरण—(अधोरेखित अंक)

परमेश्वर—म : 31 Q : 31

म	धर्मशास्त्र
:	ऊर्जामुख का संयोग चिन्ह
3	धर्मज्ञान
1	परमेश्वर

जागतिक ग्रंथालय	211	211
एक सीमा भूमिति	ए61	B61
घन द्रव्य	ए71	B71
बाल मनोविज्ञान	मु 1	S1

2—

दो सीमाएँ (Two dimensions)
समतल (Plane)
शंकुआकृति (Conics)
आकार या पद्धति (Form)
रचना (Structure)
शरीर रचना (Anatomy)
अंग विज्ञान (Morphology)
ज्ञान उद्‌गम (Sources of Knowledge)
प्राकृतिक भू वर्णन (Physiography)
संविधान (Constitution)
भौतिक मानवजाति विज्ञान (Physical Anthropology)
तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ।

उदाहरण—

दो सीमा तथा समतल भूमिति	ए62	B62
संगीत प्रकार	नेमि,2	NR,2
व्यापार रचनानुसार (Commerce by structure)	ले52	X52
जीवों का अंग विज्ञान (Morphology)	च:2	G:2
मनुष्य का अंग विज्ञान (Anatomy)	त:2	L:2
प्राकृतिक भू वर्णन	रु2	U2
संविधान (Constitution)	लि:2	W:2

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

3—

तीन सीमाएँ (Three Dimensions)
स्थल (Space)
घनाकार (Cubic)
पृथक्करण (Analysis)
कार्यफल (Function)
इंद्रिय विज्ञान(Physiology)
वाक्य रचना (Syntax)
प्रणाली (Method)
सामाजिक मानवजाति विज्ञान (Social Anthropology)
तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ ।

उदाहरण—

तीन सीमा भूमिति	ए63	B63
घन भूमिति	ए633	B633
जीवों का इन्द्रिय विज्ञान	च:3	G:3
वनस्पतियों का इन्द्रिय विज्ञान	ट:3	I:3
मनुष्यों का इन्द्रिय विज्ञान	त:3	L:3
हिन्दी वाक्य रचना	पु152:3	P152:3
,, वाक्य पृथक्करण	पु152:33	P152:33

4—

उष्णता (Heat)
निदानशास्त्र (Pathology)
संयोगीकरण (Interlinking)
संकरज (Hybrid)
क्षार (Salt)
रोग (Disease)
यातायात (Transport)
तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ ।

उदाहरण—

ऊष्णता 'पदार्थ विज्ञान' में	कि4	C4
क्षार	के:4	E:4
वनस्पति रोग	ट:4	I:4

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्राणि रोग	टे:4	K:4
मनुष्य रोग	त:4	L:4
यातायात 'अर्थशास्त्र' में	ले:4	X:4
संमिश्र जात	वि594	Y594

5—

ऊर्जा (Energy)
फूल पत्तियां (Foliage)
प्रकाश (Light)
बाह्य (External)
किरण विसर्जन (Radiation)
परिस्थिति (Environment)
परिस्थिति शास्त्र (Ecology)
सेन्द्रिय (Organic)
द्रव (Liquid)
जल (Water)
महासागर (Ocean)
विदेश (Foreign Country)
विदेशी (Aliens)
लोक नियंत्रित योजना (Public Controlled Plan)
मनोविकार (Emotion)
अपराध; दोष (Crime)
सौंदर्यविज्ञान (Aesthetics)
स्त्री (Woman)
लिंग भेद (Sex)

तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ।

उदाहरण—

प्रकाश (Light) 'पदार्थ विज्ञान' में	कि5	C5
ऊष्णता प्रसारण (Radiation)	कि4:15	C4:15
सेन्द्रिय रसायन (Organic)	के5	E5
सौंदर्यविज्ञान (Aesthetics)	मि5	R5
मनोविकार (Emotion)	मु:5	S: 5
मनोविज्ञान (लिंग भेदानुसार)	मु5	S5
स्त्री मनोविज्ञान	मु55	S55
समुद्रीय यातायात 'अर्थशास्त्र' में	ले425	X425

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विदेशी व्यापार	ले555	X555
अपराध	वि:45	Y:45
स्त्री समाज	वि15	Y15

6—

सीमाएँ (Dimensions)
सूक्ष्म (Subtle)
गूढ़ विद्या (Mysticism)
मुद्रा (Money)
अनैसर्गिक (Abnormal)
कुलोत्पत्ति (Phylogeny)
विकास क्रम (Evolution)

तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ।

उदाहरण—

भूमिति	ए6	B6
जीव उत्पत्तिशास्त्र	च:6	G:6
जीव विकास	च:66	G:66
असामान्य मनोविज्ञान	मु6	S6
असामान्यों के लिए शिक्षा	रि6	T6
मुद्रा	ले6	X6

7—

व्यक्तित्व (Personality)
व्यक्तिचरित (Ontogeny)
अखंडता (Integrated Holism)
हिसाब; लेखा (Accounts)
मूल्य (Value)

तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ।

उदाहरण—

वनस्पतियों का व्यक्तित्व	ट:7	I:7
प्राणियों का व्यक्तित्व	टे:7	K:7
मनुष्यों का व्यक्तित्व	त:7	L:7
'मनोविज्ञान' से व्यक्तित्व का विचार	मु:7	S:7
मूल्य 'अर्थशास्त्र' में	ले:7	X 7
हिसाब ,,	ले:87	X:87

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

8—

प्रवास (Travel)
संगठन (Organisation)
व्यवस्था (Administration)
पात्रता (Fitness)

तथा इन लक्षणों जैसी अन्य विद्यमान एवं काल्पनिक वस्तुएँ।

उदाहरण—

प्रवास	रु8	U8
शैक्षणिक व्यवस्था	रि:8	T:8
लोक प्रशासन	ल,8	V,8
आर्थिक व्यवस्था	ले:8	X:8

हर एक अंक के निश्चित किए हुए गुण समुच्चय का संपूर्ण विवेचन यहाँ पूरा हो गया है। इस विधि से सम्पूर्ण वर्गीकरण तालिका की रचना जिन मूल तत्त्वों के आधार पर हुई है वे तत्त्व हमें ज्ञात होते हैं। इन तत्त्वों का सूक्ष्म अध्ययन करना आवश्यक है। सतत अभ्यास तथा इन तत्त्वों पर अधिकार प्राप्त करने से अनुभवी वर्गकार भी किसी नए विषय को वर्गांक दे सकता है। परन्तु सामान्य अनुभवहीन वर्गकार के लिए इस विधि को अधिकतर हाथ न लगाना ठीक रहेगा। क्योंकि उनके पास वर्गीकरण के अनुभव तथा विशिष्ट सूक्ष्म दृष्टि का अभाव होता है।

27 अध्यारोपण योजना विधि
(Superimposition Device)

इस विधि को इससे पूर्व 'प्रभाव डालने वाली विधि' (Auto-bias Device) कहते थे। किसी विषय के एक ही मुख में से जब दो विभागों का संबंध दिखाना होता है तब वह इस विधि से दिखाया जाता है। तालिका में इस प्रकार का तैयार विभागांक नहीं दिया जाता। वह बनाना पड़ता है। यह संबंध केवल पारस्परिक स्पष्टीकरण (Mutual Dedudation) के स्वरूप का होता है। एक ही मुख के दो विभागों का संयोग छोटी आढ़ी रेखा '-' (Hyphen) से दिखाया जाता है।

दो विभागों में से एक प्रधान तथा दूसरा गौण रहता है। जो प्रधान है वह प्रथम लिखा जाता है और गौण बाद में। विषय का अर्थ लगाने पर यह निर्भर है। जैसे—

'हाथों की धमनियाँ' विषय तालिका में नहीं है। किन्तु हाथ तथा धमनी ये दोनों विभाग तालिका में हैं। जब धमनियों को अधिक महत्व देना होता है तब उसका विभागांक प्रथम लिखा जाता है और जब हाथों को अधिक महत्त्व देना जरूरी है तब उनका विभागांक प्रथम लिखा जाता है। अतः ये विभागांक इस प्रकार लिखे जा सकते हैं। उनका अर्थ भिन्न होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त163-36	L163-36	हाथों की धमनियाँ
त36-163	L36-163	धमनियों वाला हाथ

परन्तु प्रथम वर्गांक अधिक वास्तविक है, अतः वही लेना ठीक होगा।

स्थान पृथक् संज्ञाओं में 2 भारत तथा 56 इग्लैंड के लिए दिए हुए बोध चिन्ह हैं। इनसे बनाए हुऐ '2-56' के पृथक् संज्ञा का अर्थ होगा 'भारत में ब्रिटिश प्रदेश' तथा '56-2' का भावार्थ 'ब्रिटेन में भारतीय प्रदेश' होगा। दोनों में से जिसको महत्व देना है उसके अनुसार विभाग तैयार किया जाता है।

इसी अध्याय में 1-52 रोमन साम्राज्य, 1-56 ब्रिटिश साम्राज्य के उदाहरण अध्यारोपण योजना विधि के हैं।

प्रकीर्ण ग्रंथ सूची (Generalia Bibliography) में विभाग 1 तथा 2 या 3 का संवंध इसी प्रकार दिखाया जाता है।

28 वर्णक्रम योजना विधि
(Alphabetical Device)

जब दूसरी किसी विधि से वर्गांक तैयार करना कठिन होता है तथा विषय के केन्द्र बिन्दुओं (Foci) को अधिक सूक्ष्म करने (Sharpening) की आवश्यकता होती है तब इस विधि का आश्रय लेना पड़ता है। अर्थात् इसका प्रयोग अत्यंत आवश्यकता पड़ने पर ही किया जाता है।

सामान्यतः व्यक्तिवाचक संज्ञाओं, व्यापारी संस्थाओं और विविध कारखानों के नामों का निर्देश वर्गांक में करने के लिए वर्णक्रम योजना विधि का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरणार्थ चावलों के विविध प्रकार वर्णक्रम से दिखा सकते हैं।

टि381	J381	चावल
टि381क	J381K	कलजीरी
टि381ब	J381B	वसुमती
टि381रा	J381R	रामजवान
टि381सु	J381S	सुकानन्दी

स्थान पृथक् संज्ञाओं में व्यक्तिगत प्राकृतिक पृथक् संज्ञाएँ तथा व्यक्तिगत गांव, शहर या नगर वर्णक्रम योजना विधि से दिखाए जाते हैं।

जहाँ-जहाँ आवश्यक है वहाँ तालिका में 'वर्णक्रम योजना विधि से विभाजित' (Divided by AD) लिखा होता है। प्रणालीकार ने वर्गकार को इस विधि से वर्गांक बनाने की स्वतंत्रता दे रखी है।

291 खंड योजनाविधि
(Sector Device)

किसी मुख्य वर्ग के एक विशिष्ट क्रम (Sequence) में जो अनेक विभाग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किए जाते हैं, उनकी बनाई गई समान श्रेणी को वर्गीकरण तालिका में योग्य स्थान (Coordinate Placing) दिलाने के लिए तथा भविष्य में निर्माण होने वाले अधिक विभागों को भी उसमें स्थान देना सुलभ रहने के लिए डा० रंगनाथन् ने जो योजना बनाई है उसको खंड (Sector) कहते हैं। इस विधि को खंड योजना विधि (Sector Device) कहते हैं।

अभी तक जिन अनेक विधियों का विवेचन किया गया है, उनकी मदद से जो विभाग बनाए जाते हैं उनकी रचना खंड योजना विधि से की जाती है। कभी-कभी यह रचना प्रचलित या रूढ़िगत (Canonical) भी होती है।

इसमें किसी मुख्य वर्ग के कुल विभागों में से प्रथम आठ विभागों को 1 से 8 अंक दिए जाते हैं। उनके पश्चात् के अन्य आठ विभागों को 91 से 98 अंक दिए जाते हैं। अन्य और आठ विभागों को 991 से 998 अंक दिए जाते हैं। इस प्रकार उन विभागों के आठ आठ के समूह बनाए जाते हैं जिनको खंड (Sector) कहते हैं। प्रथम आठ अंक के समूह को प्रथम खंड (First Sector), 91 से 98 अंक के समह को द्वितीय खंड तथा 991 से 998 अंक के समूह को तृतीय खंड कहते हैं। इसी प्रकार चतुर्थ या पंचम खंड भी हो सकते हैं।

स्पष्टीकरण के लिए नीचे कुछ उदाहरण दिए हैं।

'प्राणीशास्त्र टे' (Zoology K) के खंड देखेंगे।

प्रथम खंड

टे1	अपृष्ठवंशी जीव	टे5	कंटकयुक्त त्वचावाले जीव
टे2	एककोशी जीव	टे6	कृमि या कीटक
टे3	लोमरंध्री जीव	टे7	कोमल त्वचावाले जीव
टे4	उदरहीन या नलिकोदर जीव	टे8	सांधिपादीय जीव

द्वितीय खंड

टे91	रज्जु तथा पृष्ठयुक्त जीव	टे94	सर्पी या सर्पणशील जीव
टे92	मछलियाँ, जलचर	टे96	पक्षी
टे93	स्थल तथा जलचर जीव	टे97	स्तन प्राणी

तृतीय खंड

टे995 परिस्थिति के अनुसार प्राणियों के प्रकार

'भवन निर्माणशास्त्र कु 3' (Building D3) के द्वितीय स्तर व्यक्तित्व मुख के विभाग देखिए।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रथम खंड

कु3,1	मिट्टी का काम	कु3,5	सीढ़ियाँ
कु3,2	नींव	कु3,6	छत
कु3,3	मंजिल	कु3,7	खिड़कियाँ
कु3,4	आधार	कु3,8	दरवाजे

द्वितीय खंड

कु3,91	घरों में पानी का प्रबंध	कु3,95	प्रकाश प्रबन्ध
कु3,92	गन्दे पानी का प्रवन्ध	कु3,98	स्वच्छता या सफाई का साधन
कु3,93	रोशनदानों की व्यवस्था		
कु3,94	उष्णता तथा ठंडक का साधन		

तृतीय खंड

कु3,996 बिजली से संरक्षण

यहाँ 9 अंक अन्य खंड (Sector) का निर्देश करने वाला होता है। 1 से 8 तक के अंकों के विशिष्ट गुण समुच्चय निश्चित किए हैं और इसका विवेचन 'स्मृति सहायक योजना विधि' में आया है। अंक 9 केवल दूसरे खंड का प्रारम्भ सूचित करता है। उसका अपना कोई वैशिष्ट्य नहीं होता। वह पूरी तरह वैशिष्ट्यहीन (non-significant) रहता है।

29.1 उपान्त्य खंड

(Penultimate Sector)

कभी-कभी 9 अंक से प्रारंभिक खंड (1) कालक्रम योजना विधि से और (2) विषय योजना विधि से भी बनाए जाते हैं। इस प्रकार बनाए खंडों को उपान्त्य खंड (Penultimate Sector) कहते हैं। विविध प्रकार के विशेष अध्ययन विषय (Specials) इसमें समाविष्ट हैं।

जैसे—

के9च E9G प्राणि रसायनशास्त्र (Biochemistry)

उपान्त्य खंड बनाने की एक और विधि डा॰ रंगनाथन् ने ई॰ स॰ 1955 में पेश की,[1] जिसका प्रयोग तालिका में अधिक मात्रा में किया गया है। इस विधि को

1. Annals of Library Science भाग 2, अंक 3, सितम्बर 1955, पृ॰ 72.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आप परिगणन योजना विधि (Device of Enumeration) कहते हैं। जब काल-क्रम योजना विधि से तथा विषय योजना विधि से उपान्त्य खंड नहीं बना सकते तब इस प्रकार से किए जाते हैं।

इसमें अंग्रेजी अक्षरों में से I और 0 (हिन्दी वर्ण ट और पि) छोड़कर बाकी वर्ण ले सकते हैं। तथा साथ आवश्यकतानुसार 1 से 8 तक के अंकों का प्रयोग भी कर सकते हैं। इनकी योजना विशिष्ट अर्थ वोध से की होती है। हर एक वर्ण को विशिष्ट अर्थ (Meaning) दिया होता है। उनकी योजना भी अर्थबोध के अनुसार की जाती है। इस अर्थ संगति (Associations of meaning) से वे स्मृतिसहायक (Mnemonic) भी होते हैं।

उदाहरणों के लिए तालिका में मुख्य वर्गों के अन्त में जहाँ उपलब्ध होगी वहाँ विशेष अध्ययन विषय (Specials) की तालिका देखिए। आगे इस प्रकार के एक दो उदाहरण दिए हैं।

'पदार्थ विज्ञान कि' (Physics) के विशेष अध्ययन विषय (Specials) देखिये।

पदार्थ विज्ञान के विशेष अध्ययन विषय (Specials)	कि9इ	C9A
परमाणु (Molecule)	कि9ए1	C9BI
अणु (Atom)	कि9ए2	C9B2
परमाणु अंश (Nucleus)	कि9ए3	C9B3
कम तापमान (Low Temperature)	कि9कु1	C9D1
अधिक तापमान (High Temperature)	कि9कु8	C9D8
कम संभाव्यता (Low Potential)	कि9कं1	C9F1
अधिक संभाव्यता (High Potential)	कि9 कं8	C9F8

'वैद्यक शास्त्र त' (Medicine L) के विशेष अध्ययन विषय देखिए।

वैद्यकीय विशेष अध्ययन विषय	त9इ	L9A
गर्भावस्था	त9ए	L9B
बाल्यावस्था	त9कि	L9C
युवावस्था	त9कु	L9D
वृद्धावस्था	त9के	L9E
स्त्रियां	त9कं	L9F
कटिबंध के अनुसार अध्ययन	त9चि	L9H
अन्तराल का वैद्यकीय अध्ययन	त9यु	L9T
युद्ध का वैद्यकीय अध्ययन	त9रि	L9V
औद्योगिक वैद्यकशास्त्र	त9रे	L9X

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

2912 अन्त्य खंड
(Last Sector)

मुख्य वर्गों का विभाजन भी कभी-कभी कालक्रम योजना विधि से तथा विषय योजना विधि से किया जाता है। वर्गीकरण तालिका में इन विभागों का स्थान वर्ग के अन्त में रखा है। सामान्यतः विविध प्रकार की प्रणालियाँ (Systems) इसमें समाविष्ट हैं। मुख्य वर्गों की तालिका में अन्तिम स्थान होने के कारण इस खंड को अन्त्य खण्ड (Last Sector) कहते हैं। नीचे दोनों का एक एक उदाहरण दिया जाता है।

कालक्रम योजना विधि से किए अन्त्य खंड के विभाग

सहकारी अर्थव्यवस्था (Cooperative Economics)	लेतु	XM
संयुक्तनिधि मण्डल (Joint Stock Company)	लेतु5	XM5
श्रेणी समाजवाद (Guild Socialism)	लेने16	XN16
साम्यवाद (Communism)	लेने17	XN17
तकनीकी ज्ञान पर अधिष्ठित अर्थव्यवस्था (Technocracy)	लेने19	XN19

'मनोविज्ञान-मु' (Psychology S) तथा 'शिक्षाशास्त्र रि' के तालिकाओं के अन्त में दी प्रणालियाँ (System) इस प्रकार का और उदाहरण हैं।

विषय योजना विधि से किए अन्त्य खंड के विभाग

हिसाब करने का यंत्र (Calculating Machine)	तुए1	MB1
काल मापन विद्या (Horology)	तुए9	MB9
ग्रामोफोन (Gramophones)	तुकि3	MC3
नेत्र उपकरण विक्रेता का व्यवसाय (Optician's Trade)	तुकि5	MC5
चीनी मिट्टी के काम का व्यवसाय (Clay Industry)	तुकु12	MD12
ईंटों का व्यवसाय (Brick Laying)	तुकु13	MD13

'उपयोगी कला तु' में इसके अनेक उदाहरण मिलेंगे।

3 योजना विधियों का अध्ययन एवं मनन आवश्यक

विविध विधियों का विस्तृत विवेचन यहाँ पूर्ण हो गया है। नए वर्गकार के लिए इन सब योजना विधियों का अध्ययन तथा मनन अच्छी तरह करना अति आवश्यक है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयांग संबंध

(Phase Relations)

1 आवश्यकता

कभी-कभी पुस्तकों का विषय अनेक वर्गों का सम्मिश्रण होता है। 'यंत्रशास्त्र के लिए गणित', 'कृषि का अर्थशास्त्र', 'धर्म और समाज' इत्यादि पुस्तकों के लिए वर्गांक तैयार करने में समस्या खड़ी होती है। यह समस्या हल करने का प्रयत्न हर वर्गीकरण प्रणाली में किया गया है। दशमलव वर्गीकरण प्रणाली (Decimal Classification) में सामान्यतः प्रधान वर्ग के लिए वर्गांक देते हैं। जब गौण वर्गों के साथ संपूर्ण संयुक्त वर्गांक देने की आवश्यकता होती है तब 001, 003, 005, 0001, 0003, 0004 इत्यादि चिन्हों से वे जोड़ दिए जाते हैं। एक उदाहरण लेकर यह स्पष्ट करेंगे।

उदाहरण—'चन्द्र, पुराण तथा लोग' ले. एच. एस. बेल्लमी[1] ('Moon, Myths and Men' by H. S. Bellamy)

चन्द्र—मुख्य वर्ग ज्योतिष गणित (Astronomy)
पुराण— ,, ,, धर्म (Religion)
लोग— ,, ,, समाज (Sociology)

पुराण कथाएं लोगों ने लिखी या कही होती हैं। इसलिए 'पुराण कथा पर चन्द्रगति का प्रभाव (Influence)' इतना विषय वर्गांक के लिए हम ले सकते हैं।

पुराण कथा पर प्रभाव हुआ है इसलिए वर्गांक में उसको प्रथम स्थान दिया जाएगा। बाद में चन्द्र गति का स्थान रहेगा।

पुराण कथा— 291.13
चन्द्र — 523.3

संयोगचिन्ह के साथ संपूर्ण वर्गांक इस प्रकार लिखा जाएगा—

291.1300015233

परन्तु इस प्रकार संबंध बताने से वर्गांक की लंबाई बहुत हो जाती है। दो से

---

1. देखिये 'Fundamentals of Library Classification' by Palmer and Wells, p. 97.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अधिक वर्ग जब वर्गांक में इकट्ठे लाए जाते हैं तब तो यह लंबाई और बढ़ती हैं। इसीलिए इस प्रणाली के जानकार केवल प्रधान विषय के लिए वर्गांक देना अधिक पसंद करते हैं। अर्थात् ऐसा वर्गांक अनेक वर्गों से मिश्रित विषय के लिए पूरी तरह अर्थवाही कभी नहीं हो सकता।

यूनिवर्सल दशमलव वर्गीकरण प्रणाली (Universal Decimal Classification) में यह संबंध +, /, :, -, इत्यादि चिन्हों से बताया जाता है। जैसे[1]—

622+669	खनिकर्म तथा धातुकर्म	(Mining and Metallurgy)
624/628	नगर निर्माण शास्त्र	(Civil Engineering)
622 : 51	खनिकर्म के लिए गणित	(Mathematics adapted to Mining Technology)

परिगणनात्मक (numerative) वर्गीकरण प्रणालियों में यह व्यवस्था सबसे अच्छी है परन्तु यह भी अपूर्ण है। चिन्हों से दिखाए हुए संबंध योग्य अर्थवाही नहीं होते।

2 विषयांग संबंधों के प्रकार

इसीलिए डा० रंगनाथन् ने इसके बारे में बहुत सोचकर एक विस्तृत योजना बनाई है। आपने तीन प्रकार के विषयांग संबंध निश्चित किए हैं।

1) अन्तर्-वर्ग विषयांग संबंध (Inter-Class Phase Relation) दो या दो से अधिक मुख्य वर्गों का संयुक्त विषय।

2) अन्तर्-मुख विषयांग संबंध (Intra-Facet Phase Relation) काल मुख छोड़कर शेष किसी एक मुख के अन्तर्गत दो या दो से अधिक विभागों का संबंध।

3) अन्तर्-पंक्ति विषयांग संबंध (Inter-Array Phase Relation) किसी भी मुख में एक ही पंक्ति के अन्तर्गत दो या दो से अधिक विभागों का संबंध।

हर प्रकार का विषयांग संबंध पुनः पांच प्रकार के संबंधों में विभाजित किया है।

1) सामान्य (General)
2) दृष्टिकोण (Bias)
3) तुलना (Comparison)
4) भेद (Difference)
5) प्रभाव (Influencing)

1. देखिए 'An Introduction to Library Classification' by W. C. B. Sayers, p. 142.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार कुल विषयांग संबंध पंद्रह हो गए हैं। अब इनका क्रमशः विवेचन करेंगे।

21 अन्तर्-वर्ग विषयांग संबंध (Inter-Class Phase Relation)

इस प्रकार के संबंध में दो या दो से अधिक मुख्य वर्गों का संबंध अपेक्षित है।

जब पुस्तक एक ही विषय पर लिखी होती है तब उस विषय को एक अंगी (One phased) विषय कहते हैं। परंतु किताब का विषय जब दो या दो से अधिक विषयों से युक्त होता है तब उसको मिश्रित (complex) या बहुअंगी (multi-phased) विषय कहते हैं।

अन्त तक एक ही विषय पर लिखी हुई किताब में विषयांग संबंध दिखाना असंभव है। यह संबंध दो अंगी (Two-phased) या बहुअंगी (Multi-phased) विषय के वर्गांक में बताना पड़ता है।

211 अन्तर्-वर्ग सामान्य विषयांग संबंध

(Inter-Class General Phase Relation)

पुस्तक में समाविष्ट दोनों विषय जब समान महत्व के होते हैं, कोई भी विषय कम या अधिक महत्व का नहीं समझा जा सकता तब उनके परस्पर संबंध को अन्तर-वर्ग सामान्य विषयांग संबंध कहते हैं।

दोनों विषय दो भिन्न मुख्य वर्गों में से लिए होते हैं। इन वर्गों का संबंध 'Oइं' (O*a*) संयोग चिन्ह से दिखाया जाता है।

उदाहरणार्थ—'वनस्पतिशास्त्र तथा प्राणिशास्त्र' नामक ग्रंथ के लिए यह वर्गांक होगा—

ट0इंटे I0*a*K

अभ्यास के लिए नीचे और उदाहरण दिए जाते हैं।

1. कि0इंके	C0*a*E	पदार्थविज्ञान और रसायनशास्त्र
2. त9कै0इंतुइ	L9F0*a*MA	स्त्री स्वास्थ्य तथा गृहविज्ञान
3. ल0इंलि	V0*a*W	इतिहास और राजनीतिविज्ञान
4. लि0इंले	W0*a*X	राजनीतिशास्त्र तथा अर्थशास्त्र

वर्गांक में दोनों वर्गों का स्थानक्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिए वर्गक्रम से निश्चित किया जाता है। तालिका में जिसका स्थान दूसरे से पूर्व है उसको वर्गांक में प्रथम स्थान दिया जाता है और जिसका स्थान बाद में है उसको वर्गांक में भी द्वितीय स्थान दिया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

212 अन्तर्-वर्ग दृष्टिकोण विषयांग संबंध
(Inter-Class Bias Phase Relation)

इस प्रकार में दोनों में से एक वर्ग प्रमुख रहता है। और दूसरा उस मूल वर्ग का दृष्टिकोण स्पष्ट करने वाला होता है। दूसरा गौण वर्ग मूल वर्ग में संपूर्ण मिला होता है। वर्गांक में मूल वर्ग को प्रथम स्थान तथा जिस दृष्टिकोण से पुस्तक लिखी है उसको द्वितीय स्थान दिया जाता है।

उदाहरण के लिए 'शिक्षा मनोविज्ञान' (Educational Psychology) का वर्गांक देखेंगे। इस में शिक्षा तथा मनोविज्ञान दो मुख्य वर्ग हैं। संपूर्ण पुस्तक मनोविज्ञान की है परंतु विवेचन का दृष्टिकोण शैक्षणिक है। अतएव मनोविज्ञान प्रमुख तथा शिक्षा गौण वर्ग समझना चाहिए। इसलिए इस पुस्तक का वर्गांक होगा—

मु0एंरि S0*b*T

इस प्रकार में दो वर्गों का संवंध '0एं' (0*b*) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है।

इस संवंध के अभाव से ऐसी पुस्तकें केवल मनोविज्ञान की किताबों के साथ मिश्रित हो जाती हैं। और कोई शिक्षाशास्त्री अपनी योग्य मनोविज्ञान की किताबों की माँग करता है तो ऐसी कितावें तत्काल निकालकर उनको देना वड़ा कठिन होता है। परन्तु इस संवंध से वे शेल्फ पर इकट्ठी मिल सकती हैं।

इसी प्रकार नीचे दिए हुए और वर्गांक देखिए।

(1)	ए0एंकु	B0*b*D	इंजिनियर्स के लिए गणित (Mathematics for Engineers)
(2)	मु0एंत	S0*b*L	डाक्टरों के लिए मनोविज्ञान (Psychology for Doctors)
(3)	ले0एंकु1	X0*b*D1	नगर निर्माण का अर्थशास्त्र (Economics for Civil Engineering)

213 अन्तर्-वर्ग तुलना विषयांग संबंध
(Inter-Class Comparison Phase Relation)

किताव में जव दो भिन्न वर्गों की तुलना की होती है तव उसके वर्गांक में भी यह संवंध दिखाना पड़ता है। यह संवंध '0कि' (0*c*) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है।

मूल वर्गीकरण तालिका में दिए वर्गों के क्रम से दोनों वर्गों का स्थान निश्चित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किया जाता है। तालिका में जिसका स्थान पूर्व है उसको प्रथम स्थान तथा जिसका स्थान पश्चात् है उसको द्वितीय स्थान दिया जाता है।

उदाहरणार्थ—'उपयोगी कला और ललित कला—तुलनात्मक विचार' नामक किताब के लिए यह वर्गांक होगा—

तु0किने M0cN

नीचे कुछ और वर्गांक दिये जाते हैं।

(1) इ0किने	A0cN	विज्ञान और कला का तुलनात्मक विचार।
(2) ट0कित:4	K0cL : 4	प्राणियों के तथा मनुष्यों के रोगों की तुलना।
(3) ल0किलि	V0cW	इतिहास व राजनीतिशास्त्र की तुलना।

214 अन्तर्-वर्ग भेद विषयांग संबंध
(Inter-Class Difference Phase Relation)

दो भिन्न वर्गों में केवल भेद बताने की चेष्टा जब की होती है तब वह अन्तर्-वर्ग भेद विषयांग संबंध समझा जाता। वर्गांक में यह संबंध '0कु' (0*d*) संयोग-चिन्ह से दिखाया जाता है।

वर्गांक में इनके स्थान विषयक नियम 'परिच्छेद य 213' जैसा है।

मान लीजिए "वनस्पतिशास्त्र तथा कृषि विज्ञान में भेद" ऐसे एक विषय को वर्गांक देना है। वह इस प्रकार दिया जायेगा—

ट0किटि I0*d*J

इसी प्रकार के और उदाहरण देखिये।

(1) ट0कुंटि1	I0*d*J1	उद्यान कर्म तथा वनस्पति-शास्त्र में भेद
(2) न20कुंमि6	△20*d*R6	हिन्दु तत्त्वज्ञान और हिन्दु गूढ़विद्या में भेद
(3) म:3530कुंमि34	Q:3530*d*R34	श्रद्धा और बुद्धिवाद

215 अन्तर्-वर्ग-प्रभाव विषयांग संबंध
(Inter Class Influencing Phase Relation)

कभी-कभी पुस्तक में दो में से एक विषय दूसरे पर प्रभाव डालने वाला होता है। जिसके ऊपर प्रभाव पड़ा है उसको वर्गांक में प्रथम स्थान तथा प्रभाव डालने वाले वर्ग को द्वितीय स्थान दिया जाता है। इस प्रकार का संबंध '0चं' (0*g*) संयोगचिन्ह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से दिखाया जाता है।

उदाहरणार्थ—'धर्म का समाज पर प्रभाव' इस विषय को इस प्रकार वर्गांक दिया जायेगा—

प्रभावित वर्ग	—	समाज
प्रभाव डालने वाला वर्ग	—	धर्म

अतः वर्गांक हो गया—

लच0चंम Y0gQ

कुछ और उदाहरण नीचे दिये जाते हैं।

(1) ने0चंइ	N0gA	विज्ञान का कला पर प्रभाव
(2) नेमि0चंवि	NR0gY	संगीत पर समाज का प्रभाव
(3) लि6910चम	W6910gQ	साम्यवाद पर धर्म का प्रभाव

22 अन्तर्-मुख विषयांग संबंध (Intra-Facet Phase Relation)

अनेक समय किताबों का विषय एक मुख्य वर्ग के एक ही मुख में से दो विभागों के संबंध पर आधारित होता है। वर्गांक में इस प्रकार का संबंध दिखाना आवश्यक होता है। इसको अन्तर्-मुख विषयांग संबंध कहते हैं। यह संबंध नित्य दो भिन्न पंक्तीय (from different arrays) विभागों में दिखाया जाता है।

यहाँ एक बात की ओर ध्यान देना आवश्यक है। कालमुख छोड़कर किसी भी मुख में यह संबंध हो सकता है। कालमुख में इस प्रकार का संबंध कभी नहीं दिखा सकते क्योंकि सब काल पृथक संज्ञाएँ एक पंक्ति (one array) के समझे गये हैं। काल प्रवाह एक ही होता है। उसमें अनेक पंक्तियाँ या श्रेणियाँ मानना असंभव है।

अन्तर्-वर्ग विषयांग संबंध जैसे इसके भी कुल संबंध पाँच प्रकार के होते हैं। अब हम इनका क्रमशः विवेचन करेंगे।

221 अन्तर्-मुख सामान्य विषयांग संबंध (Intra-Facet General Phase Relation)

जब किसी भी एक मुख में दो विभाग अन्त तक समान महत्व के होते हैं, उनमें से कोई भी विभाग गौण या प्रधान नहीं हो सकता तब इस प्रकार के संबंध को अन्तर-मुख सामान्य विषयांग सम्वन्ध कहते हैं। यह संबंध '0टि' (0j) संयोग-चिन्ह से स्पष्ट किया जाता है।

वर्गांक में दोनों विभागों का स्थानक्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिए क्रम से निश्चित किया जाता है।

उदाहरणार्थ, 'कार्बोहाइड्रेट तथा विटामिन्स' के लिए वर्गांक बनाएँगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दोनों 'रसायनशास्त्र के' (Chemistry E) मुख्य वर्ग के व्यक्तित्व मुख के विभाग हैं। तालिका में कार्बोहाइड्रेट का स्थान प्रथम तथा विटामिन्स का स्थान बाद में है। वर्गांक में भी उनका स्थान उसी प्रकार रहेगा।

अतः संपूर्ण वर्गांक इस प्रकार होगा—

के680टि97 E680j97

नीचे दिए हुए और वर्गांक देखिए।

(1) तु130टि95	M130j95	कागज बनाने का उद्योग तथा फोटोग्राफी
(2) मु430टि5	S430j5	स्मरणशक्ति, कल्पनाशक्ति तथा भावना
(3) रु.20टि41	U.20j41	भारत तथा चीन का भूगोल

222 अन्तर्-मुख दृष्टिकोण विषयांग संबंध
(Intra-Facet Bias Phase Relation)

किसी भी मुख के दो विभागों में से एक विभाग दूसरे का जब दृष्टिकोण स्पष्ट करने वाला होता है तब ऐसे सम्बन्ध को अन्तर-मुख दृष्टिकोण विषयांग संबंध कहते हैं।

यह सम्बन्ध '0टे' (0k) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है। वर्गांक में दोनों के स्थान क्रम का नियम परिच्छेद 'य 212' जैसा है।

उदाहरण—'सांख्यिकीय यंत्र तत्व' (Statistical Mechanics) के लिए इस प्रकार वर्गांक होगा—

ए70टे28 B70k28

इसी प्रकार के और उदाहरण नीचे दिए जाते हैं।

(1) ए110टे2	B110k2	बीजीय साधारण अंकगणित (Algebraic Lower Mathematics)
(2) ऋु60टे515	D60k515	रेल्वे के लिए यंत्र विज्ञान
(3) मि610टे3	R610k3	आतम तत्त्व की दृष्टि से हिन्दु दर्शन
(4) लि60टे95	W60k95	जगत्-राष्ट्र की प्रजातन्त्र पद्धति (Democracy in World State)

223 अन्तर्-मुख तुलना विषयांग संबंध
(Intra-Facet Comparison Phase Relation)

एक ही मुख के दो विभागों में जब तुलना की होती है तब वह अन्तर्-मुख तुलना विषयांग सम्बन्ध होता है। यह सम्बन्ध '0तु' (0m) संयोग चिन्ह से दिखाया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जाता है। वर्गांक में दोनों विभागों का स्थान क्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिए क्रम से निश्चित किया जाता है।

उदाहरण—'भारतीय तथा यूरोपीय संगीत में तुलना'

ने मि20तु˙5 NR20*m*5

इसी प्रकार के और उदाहरण—

(1) मु250तु˙55 S250*m*55 स्त्री तथा लड़की के मनोविज्ञान में तुलना।

(2) रि150तु˙38 T150*m*38 प्राथमिक स्कूल और निरक्षरों की शिक्षा में तुलना

(3) रु2·20तु˙52 U2·20*m*52 भारत एवं इटली के प्राकृतिक भूगोल में तुलना

224 अन्तर्-मुख भेद विषयांग संबंध
(Intra-Facet Difference Phase Relation)

एक मुख के दो विभागों में जब केवल भेद स्पष्ट किया होता है तब उसको अन्तर्-मुख भेद विषयांग सम्बन्ध कहते हैं।

वर्गांक में यह सम्बन्ध '0 नें' (0*n*) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है। और इनके स्थान क्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिये क्रम से निश्चित किये जाते हैं।

उदाहरण—'शैक्षणिक तथा सार्वजनिक ग्रंथालय में भेद' (Difference between Academic and Public Library)

220नें3 220*n*3

कुछ और उदाहरण देखिये—

(1) कि4:280नें3 C4 : 280*n*3 कैलोरीमीटर तथा थर्मामीटर में भेद

(2) कु580नें73 D580*n*73 रूसी तथा अमरीकी यंत्रशास्त्र में भेद

(3) म20नें8441 Q20*n*8441 Difference between Hinduism and Sikhism

225 अन्तर-मुख प्रभाव विषयांग संबंध
(Intra-Facet Influencing Phase Relation)

जब किसी मुख के दो विभागों में से एक विभाग दूसरे पर प्रभाव डालता है तब इस प्रकार के संबंध को अन्तर-मुख प्रभाव विषयाँग संबंध कहते हैं। यह सम्बन्ध '0मि' (0*r*) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है। वर्गांक में जिस पर प्रभाव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पड़ा हुआ है उसको प्रथम स्थान और प्रभाव डालने वाले वर्ग को द्वितीय स्थान दिया जाता है।

उदाहरणार्थ—'तमिल भाषा का हिन्दी भाषा पर प्रभाव'

पु1520मि31 P1520r31

इसमें हिन्दी भाषा पर प्रभाव पड़ा है, अतः इसको प्रथम स्थान दिया है। तथा प्रभाव डालने वाली तमिल भाषा को द्वितीय स्थान दिया है।

इसी प्रकार के कुछ और उदाहरण देखिए।

(1) पि-,3तु880मितु80:चं	0-,3M880rM80:g	प्रेमचन्द का चतुरसेन पर प्रभाव
(2) मि3210मि4	R3210r4	नीतिशास्त्र का आदर्शवाद (Idealism) पर प्रभाव
(3) लि940मि691	W940r691	राष्ट्रीयता पर साम्यवाद का प्रभाव
(4) ले:540मि73	X:540r73	Influence of Supply and Demand upon Export and Import

23 अन्तर-पंक्ति विषयांग संबंध
(Intra-Array Phase Relation)

वहुत समय पुस्तक ऐसे दो विषयों पर लिखी होती है जो एक ही मुख में से दो एकपंक्तीय (from one array) विभाग होते हैं। इन एकपंक्तीय दो विभागों के संबंध को अन्तर्-पंक्ति विषयांग संवंध कहते हैं। ये संबंध भी पाँच प्रकार के होते हैं।

231 अन्तर्-पंक्ति सामान्य विषयांग संबंध
(General Intra-Array Phase Relation)

पुस्तक में एक ही मुख में से दो एकपंक्तीय विभाग जब अन्त तक समान महत्व के होते हैं, कोई भी विभाग कम या अधिक महत्व का नहीं होता, तब इसको अन्तर्-पंक्ति सामान्य विषयांग संबंध कहते हैं। यह संबंध '0टि' (0t) संयोग-चिन्ह से वताया जाता है। वर्गांक में इनका स्थानक्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिये क्रम से निश्चित किया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदाहरणार्थ—'शून्यलब्धि कलन और समाहार कलन'
(Differential and Integral Calculus)

शून्यलब्धि कलन—(Differential Calculus)		ए321
समाहार कलन—(Integral Calculus)		ए325
ए3210रि5	B3210t5	

कुछ और उदाहरण देखिए।

(1)	कि6230रि4	C6230t4	एक दिश तथा अदल बदल कर जाने वाला विद्युत प्रवाह (Direct and alternating Electric Current)
(2)	मि110रि2	R110t2	निगमन तथा आगमन तर्कशास्त्र (Deductive and Inductive Logic)
(3)	मु1:430रि4	S1:430t4	बालकों की कल्पना शक्ति और विचारशक्ति।

232 अन्तर्-पंक्ति दृष्टिकोण विषयांग संबंध
(Intra-Array Bias Phase Relation)

एक ही मुख के दो एकपंक्तीय विभागों में से एक विभाग जब दूसरे का दृष्टिकोण स्पष्ट करने वाला होता है तब इस संबंध को अन्तर्-पंक्ति दृष्टिकोण विषयांग संबंध कहते हैं।

जिसका मूल विवेचन है उसको वर्गांक में प्रथम स्थान तथा अन्य विभाग को द्वितीय स्थान दिया जाता है।

यह संबंध '0ह' (0u) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है।

उदाहरणार्थ—'भौतिक दृष्टि से बुद्धिवाद का विचार'

इसमें बुद्धिवाद तथा भौतिकवाद दोनों एकपंक्तीय विभाग हैं।

बुद्धिवाद	—	मि34
भौतिकवाद	—	मि33

इनसे संपूर्ण वर्गांक इस प्रकार होगा—

मि340ह3 R340u3

कुछ और उदाहरण नीचे दिये जाते हैं।

(1)	म23150ह2	Q23150u2	कपालिकों की दृष्टि से नाथपंथ का विचार
(2)	मि670ह6	R670u6	अद्वैत दृष्टिकोण से विशिष्टा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

(3) ले.540रु7	X:540u7	द्वैत का विचार विदेशी मुद्राओं की दृष्टि से आयात निर्यात का विचार

233 अन्तर्-पंक्ति तुलना विषयांग संबंध
(Intra-Array Comparison Phase Relation)

एक ही मुख के दो एकपंक्तीय विभागों में जब तुलना की होती है तब उसको अन्तर्-पंक्ति तुलना विषयांग संबंध कहते हैं। इस प्रकार का संबंध '0लं' (0v) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है। वर्गांक में इनका स्थान क्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिए क्रम से निश्चित् किया जाता है।

उदाहरणार्थ—

'गाय और भैंस के दूध में तुलना'

गाय का दूध-टै311:71	KX311:71
भैंस का दूध-टै312:71	KX312:71

दोनों के योग से वर्गांक होगा—

टै3110लं2:71	KX3110v2:71

इसी प्रकार के कुछ और उदाहरण देखिए।

(1) टि.410लं2	J.410v2	चीनी तथा जापानी खेती में तुलना।
(2) म310लं2	Q310v2	श्वेताम्बर और दिगम्बर जैन धर्म में तुलना।
(3) मि6120लं5	R6210v5	न्याय तथा वैशेषिक दर्शन में तुलना।

234 अन्तर्-पंक्ति भेद विषयांग संबंध
(Intra-Array Difference Phase Relation)

एक ही मुख के दो एकपंक्तीय विभागों में जब केवल भेद स्पष्ट किया जाता है तब उसको अन्तर्-पंक्तिभेद विषयांग संबंध कहते हैं।

इस प्रकार का संबंध '0लि' (0w) संयोगचिन्ह से दिखाया जाता है। इनका वर्गांक में स्थानक्रम मूल वर्गीकरण तालिका में दिए क्रम से निश्चित किया जाता है।

उदाहरणार्थ—

'सौरवर्ष और चन्द्रवर्ष में भेद'

